

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 118 | बुधवार, 10 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी नेता जहांगीर नेपाल सीमा से गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल सीमा के पास से हुई। फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है।

### निगुलसरी-नापथा में आठ घंटे तक बंद रहेगा मार्ग

**रामपुर।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले को जोड़ने वाला शिमला-किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग-5 30 जुलाई तक आठ घंटे वाहनों के लिए बंद रहेगा। मानसून के दौरान भूस्खलन के खतरे को कम करने के लिए निगुलसरी-नाथपा में खतरनाक पत्थरों को हटाने और सड़क मरम्मत का निर्णय लिया है।

### विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और को-पायलट की मौत

**सांतो डोमिनगो।** अमेरिका के टेक्सास स्थित ऑस्टिन जा रहा एक प्राइवेट विमान डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आपात लैंडिंग की कोशिश के दौरान विमान रनवे पर उछला और देखते ही देखते आग के बड़े गोले में बदल गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई।

### दिल्ली में बांस से बने 'कूलिंग जोन' स्थापित होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार शहर में बांस आधारित 'कूलिंग जोन' स्थापित करेगी ताकि मौजूदा भीषण गर्मी से पर्यावरण के अनुकूल तरीके से राहत मिल सके। दरअसल, राजधानी में बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए बाहरी-उत्तरी जिला प्रशासन ने 'सीड्स एनजीओ' के सहयोग से बवाना में बांस से बना 'कूलिंग जोन' स्थापित किया है जिसके बाद मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

### तेल टैंकर में लगी आग चालक दल सुरक्षित

**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष फिर तेज होने के बीच सोमवार को ओमान तट के निकट 24 भारतीय नाविकों वाले एक तेल टैंकर में आग लगने की सूचना मिली। भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मेडागास्कर के ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स में भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 1.30 बजे आग लगने की सूचना मिली।

# राष्ट्रपति भवन में गूंजा वीरता का मान, यूपी के वीर जवानों को मिला गौरव

- राष्ट्र के वीर सपूतों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित
- उत्तर प्रदेश के परिवारों के लिए गर्व का क्षण
- कीर्ति चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र का महत्व



**नई दिल्ली**

देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले वीर सैनिकों के सम्मान में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य वीरता पुरस्कार अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय सशस्त्र बलों, अर्द्धसैनिक बलों और सुरक्षा एजेंसियों के बहादुर जवानों एवं अधिकारियों को कीर्ति चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र सहित विभिन्न वीरता पुरस्कार प्रदान किए। समारोह के दौरान पूरे वातावरण में देशभक्ति, गर्व और सम्मान की भावना देखने को मिली।

यह अवसर केवल पुरस्कार वितरण का नहीं था, बल्कि उन सैनिकों के साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करने का भी था, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कठिनतम परिस्थितियों में असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया। समारोह में सम्मानित होने वाले सैनिकों के परिवारों की आंखों में गर्व और भावुकता साफ झलक रही थी।

वीरता पुरस्कार समारोह उत्तर प्रदेश के लिए भी विशेष महत्व रखता है। प्रदेश के कई जवानों और अधिकारियों को उनके अद्वितीय साहस और उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। जिन परिवारों के बेटे, पति या पिता को यह सम्मान मिला, उनके लिए यह क्षण जीवन का सबसे बड़ा गौरव बन गया।

उत्तर प्रदेश लंबे समय से भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। राज्य के हजारों युवा देश की सीमाओं पर तैनात होकर राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रपति भवन में प्रदेश के वीर जवानों को सम्मानित होते देख पूरे उत्तर प्रदेश में गर्व और खुशी का माहौल देखने को मिला।

भारत में वीरता पुरस्कारों का विशेष महत्व है। युद्ध और शांति दोनों काल में असाधारण साहस दिखाने वाले सैनिकों को ये सम्मान प्रदान किए जाते हैं। कीर्ति चक्र देश का दूसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जबकि शौर्य चक्र तीसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता सम्मान माना जाता है। वीर चक्र युद्ध अथवा युद्ध जैसी परिस्थितियों में प्रदर्शित वीरता के लिए दिया जाता है।


### राष्ट्रपति ने वीर सैनिकों के योगदान को सराहा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सैनिक केवल देश की सीमाओं की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और सम्मान के भी प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी सैनिक और अधिकारी देशवासियों के लिए प्रेरणा हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले जवानों का साहस भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सैनिकों के परिवारों की भी सराहना की, जिनके सहयोग और त्याग के बिना यह सेवा संभव नहीं हो सकती।

### आतंकवाद विरोधी अभियानों में दिखाई बहादुरी

समारोह में सम्मानित किए गए कई सैनिकों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों, सीमा सुरक्षा अभियानों और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मिशनों में असाधारण साहस का परिचय दिया। अनेक जवानों ने दुश्मनों से मुकाबला करते हुए अपने साथियों की जान बचाई और मिशन को सफल बनाया। कुछ सैनिकों ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। कई पुरस्कार मरणोपरांत भी प्रदान किए गए, जिन्हें प्राप्त करते समय शहीदों के परिजनों की आंखें नम हो गईं। पूरे सभागार ने खड़े होकर इन वीरों के बलिदान को सम्मान दिया।

# मानसून ने पकड़ी रफ्तार, देशभर में मौसम का कहर



**नई दिल्ली**

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने देशभर में तेजी से रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून 8 जून तक महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कई नए इलाकों में पहुंच चुका है तथा आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पूर्वोत्तर राज्यों और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में अगले सप्ताह तक लगातार भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर भारत के मौसम में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

उत्तर प्रदेश में 10 से 14 जून के बीच बारिश का दौर शुरू हो सकता है। पूर्वी यूपी में 12 जून को तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी अगले छह दिनों तक कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार बिहार में 10 से 12 जून के बीच भारी बारिश हो सकती है, जबकि ओडिशा में 11 और 12 जून को जोरदार वर्षा होने का अनुमान है। झारखंड और पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्रों में भी आंधी-तूफान का खतरा बना रहेगा।

### यूपी, दिल्ली समेत उत्तर भारत में आंधी-बारिश का अलर्ट

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 11 और 12 जून को तेज धूलभरी आंधी चल सकती है। कई इलाकों में हवाओं की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। पश्चिमी राजस्थान के लिए विशेष धूलभरी आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।

# हाईकोर्ट ने दी नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की अनुमति

**हरदोई**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने हरदोई की 15 वर्षीय नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के 21 सप्ताह 2 दिन के अनचाहे गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति प्रदान की है। यह राहत समाधान अभियान एवं इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड के साझा प्रयास 'चुप्पी तोड़-हल्ला बोल' अभियान के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई विधिक सहायता के बाद मिली। मामले में अधिवक्ता ईशान गर्ग एवं प्राची आर्या द्वारा याचिका दायर की गई थी। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान एवं न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र समंत की खंडपीठ ने केजीएमयू (लखनऊ) स्थित गांधी मेमोरियल एवं एसोसिएटेड हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को गर्भपात की प्रक्रिया सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

#### 21 सप्ताह 2 दिन के अनचाहे गर्भ के साथ जीने को विवश

न्यायालय ने आदेश में कहा है, गर्भपात के बाद भ्रूण को सुरक्षित रखा जाए, ताकि डीएनए परीक्षण के माध्यम से अभियुक्त की संलिप्तता की पुष्टि की जा सके। याचिका में बताया गया था, पीड़िता की आयु मात्र 15 वर्ष है और दुष्कर्म की घटना के कारण वह अनचाहे गर्भ के साथ जीवन यापन करने को विवश है। मामले में गठित मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पीड़िता लगभग 21 सप्ताह 2 दिन के गर्भ से है तथा चिकित्सकीय प्रक्रिया द्वारा गर्भपात संभव है, हालांकि इस प्रक्रिया में कुछ चिकित्सीय जोखिम एवं जटिलताएं भी हो सकती हैं।

#### केजीएमयू में होगी चिकित्सकीय प्रक्रिया

मेडिकल रिपोर्ट पर विचार करने के बाद न्यायालय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (हरदोई) को निर्देशित किया, पीड़िता को एंबुलेंस से केजीएमयू भेजा जाए, जहां एक से दो दिनों के भीतर आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी कराई जाए। खंडपीठ ने यह आदेश पीड़िता के स्वास्थ्य, गरिमा एवं न्याय के अधिकार को ध्यान में रखते हुए पारित किया।

# 12 करोड़ के जेवर के साथ नेपाल की दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता करके किया खुलासा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जेवर चोरी करके भागे दो महिलाएं सहित तीन आरोपियों को तेलंगाना पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बिलासपुर में पकड़ लिया। जहां एसपी ने प्रेसवार्ता करके इस बारें में बताया।

तेलंगाना के जिला साईबराबाद थाना गची बाऊली जनपद साईबराबाद कमिश्नरेट में 7 जून को करोड़ों के जेवर चोरी होने का मुकदमा लिखा गया था। उसके बाद तेलंगाना की पुलिस सक्रिय हो गई थी। उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर में आरोपियों के आने की जानकारी मिलने पर यहां के अधिकारियों से संपर्क साधा गया था।उसके बाद पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। जिसके बाद थाना बिलासपुर, एसओजी टीम एवं तेलंगाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान फरार आरोपी कमल पुत्र जयनन्दा निवासी मोहन्याला ग्राम पलिया थाना मोतीपुर जिला कईलाली, नेपाल एवं, कल्पना पत्नी भूपेन्द्र निवासी विनायक अच्छम राज्य मंगलसैन, नेपाल,विमला पत्नी कमल निवासी मोहन्याला ग्राम पलिया थाना मोतीपुर जिला कईलाली, नेपाल को चोरी किए गए माल के साथ डिबडिबा ओवरब्रिज (नये पुल के नीचे) से गिरफ्तार किया। उसके बाद एसपी ने प्रेसवार्ता करके घर के बारे में बताया। बरामद किए गए जेवरों की कीमत 12 करोड़ बताई गई है। एसपी ने सराहनीय कार्य के लिए सम्पूर्ण टीम को 25 हजार रुपये नगद इनाम से पुरस्कृत किया।बिलासपुर कोतवाल जीत सिंह ने बताया कि आरोपी सराफा कारोबारी के यहां पर काम करते थे। वहां से सोने के जेवर चुराकर फरार हो गए थे।



पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते एसपी और पीछे खड़े चोरी के आरोपी

#### 4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए

# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, 32 लोगों की मौत

**मनीला**

फिलीपींस में सोमवार की सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आवा, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग चावल है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताविक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। फिलीपीस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्वस) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही।



# प्रेमिका की जुदाई में 120 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा मजनू

- हाई-वोल्टेज ड्रामा मुझे मेरी लैला दिलाओ, वरना कूद जाऊंगा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर/ पटवाई।** लोग कहते हैं कि इश्क सिर चढ़कर बोलता है, लेकिन पटवाई में तो इश्क में प्रेमी इस भीषण गर्मी में सीधे 120 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर जा चढ़ा। अपनी प्रेमिका को वापस पाने की जिद पर अड़ा एक प्रेमी मंगलवार को फिल्मी अंदाज में टावर पर चढ़ गया। इसके बाद जो हाई-वोल्टेज ड्रामा शुरू हुआ, उसे देख पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। इलाके में हड़कंप मच गया।

यह पूरा मामला पटवाई थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव का है। यहां का रहने वाला युवक बृजमोहन दिल्ली में काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात बिहार की रहने वाली एक किशोरी से हुई। देखते ही देखते दोनों का प्यार परवान चढ़ा और दोनों ने दिल्ली में ही एक वकील के जरिए कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के बाद बृजमोहन अपनी दुल्हनिया को लेकर अपने गांव कमालपुर आ गया। प्यार की इस कहानी में ट्विस्ट तब आया जब रविवार को लड़की के माता-पिता बिहार से पटवाई थाने पहुंचे। पुलिस तुरंत हरकत में आई। कमालपुर गांव से प्रेमी जोड़े को उठाकर थाने ले आई। कानूनी पेंच फंसा देख पुलिस ने किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया और बृजमोहन को थाने में बिठा लिया। अपनी 'लैला' की जुदाई बृजमोहन बर्दाश्त नहीं कर पाया।



मंगलवार को मौका पाकर वो थाने से निकला और सीधे पटवाई-मिलक रोड पर स्थित 120 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर जा चढ़ा। वहां से उसने चिल्लाना शुरूकर दिया,जब तक मेरी पत्नी को नहीं लाओगे, नीचे नहीं उतरूंगा, युवक को टावर पर देख नीचे तमाशबीनों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पटवाई पुलिस और शाहबाद सीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाउडस्पीकर से उसे समझाने की बहुत कोशिश की, मिन्नतें कीं, लेकिन आशिक टस से मस नहीं हुआ। करीब 2 घंटे तक पुलिस और प्रशासन की सांसें हलक में अटकी रहीं। आखिर में पुलिसिया सूझबूझ और "प्रेमिका से मिलवाने" के आश्वासन के बाद युवक को सकुशल नीचे उतारा जा सका।टावर से उतरते ही पुलिस ने राहत की सांस ली, लेकिन युवक के तेवर अभी भी ढीले नहीं पड़े हैं। फिलहाल पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले गई है। मामले को शांत कराने में जुटी है। इलाके में यह शोले फिल्म का लाइव ड्रामा चर्चा का विषय बना हुआ है।

#### ममता के 'आंचल' से बाहर निकली तृणमूल

# विधायकों के बाद अब सांसदों ने की बगावत

- तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने सौंपा पत्र

**नई दिल्ली/कोलकाता**

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी के आंचल से निकलकर नई राह पर चल पड़ी है। पहले ही बंगाल विधानसभा में विधायक दल का नियंत्रण ममता के हाथ से निकल चुका था। अब आशंका सच साबित हुई और लोकसभा में भी संसदीय दल पर पकड़ टूट गई। ममता बनर्जी दिल्ली में जहां सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ बैठक कर इंडिया गठबंधन को मजबूत और प्रभावी बनाने की रणनीति बना रही थीं, तभी महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर ठीक उसी समय ऐसा बगावती घटनाक्रम घटा कि उनकी अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस उनके हाथ से निकलती नजर आने लगी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लगभग 20 बागी सांसदों ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने की इच्छा जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र सौंप दिया। इसके पहले उनके वरिष्ठ राज्यसभा सांसद सुभेंदु शेखर रॉय ने इस्तीफा देकर उनके खिलाफ कड़ी बयानबाजी की।

### लगभग 60 विधायक हो गए हैं ममता से अलग

विधायक ऋतव्रत बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में बगावत शुरू हुई और इसके बाद विधानसभा में तृणमूल के संसदीय दल पर ममता बनर्जी का नियंत्रण समाप्त हो गया। 80 में से लगभग 60 विधायकों ने उनका साथ छोड़ दिया।

### शुभेंदु अधिकारी से भी मिले तृणमूल सांसद

दिनभर चली बैठकों के बाद शाम को बागी सांसदों की एक और महत्वपूर्ण बैठक हुई, जो शताब्दी राय के दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी ने राजनीतिक अटकलों को और तेज कर दिया।

### खरीफ सीजन की तैयारियां तेज, किसानों को बुवाई की सलाह

**लखनऊ।** मानसून के आगमन के साथ ही कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग ने किसानों को समय रहते खेत तैयार करने और आवश्यक कृषि सामग्री जुटाने की सलाह दी है, ताकि बारिश शुरू होते ही बुवाई का कार्य बिना किसी बाधा के शुरू किया जा सके। कृषि अधिकारियों के अनुसार धान, मक्का, बाजरा, सोयाबीन और दलहनी फसलों की बुवाई के लिए बीज, खाद और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। विभिन्न जिलों में बीज भंडारण केंद्रों और उर्वरक वितरण व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की जा रही है।

# भारत के पास अब 190 परमाणु हथियार

**नई दिल्ली**

भारत के परमाणु हथियारों की संख्या बढ़कर अब 190 हो गई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की ताजा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। पिछले साल भारत के पास अनुमानित 180 परमाणु हथियार थे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को आधुनिक बना रहा है और नई तकनीकों के जरिए रणनीतिक क्षमता मजबूत कर रहा है। एसआईपीआरआई ईयर बुक 2026 के अनुसार दुनिया एक नए परमाणु प्रतिस्पर्धा के दौर में प्रवेश कर रही है। अमेरिका, रूस, चीन,



भारत, पाकिस्तान समेत सभी परमाणु संपन्न देश अपने हथियारों और डिलीवरी सिस्टम को तेजी से अपग्रेड कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का परमाणु आधुनिकीकरण मुख्य रूप से चीन को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। चीन लगातार अपने परमाणु भंडार का विस्तार कर रहा है और उसके पास अब करीब 620 परमाणु हथियार होने का अनुमान है। वहीं पाकिस्तान भी अपने परमाणु कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर संतुलित रणनीतिक क्षमता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर आईएनएस- अरिहंत, अब देश की 'सेकंड स्ट्राइक क्षमता' का बड़ा आधार बन रही हैं।

### लंबी दूरी की मिसाइलों पर फोकस

भारत अब नई पीढ़ी की परमाणु तकनीकों पर तेजी से काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है एमआईआरवी तकनीक। इसके जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल कई परमाणु वारहेड ले जा सकती है और अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसके अलावा भारत कैनिस्टराइज्ड मिसाइल सिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिससे मिसाइलों को तेजी से लॉन्च किया जा सकेगा और उनकी सुरक्षा भी बढ़ेगी। भारत के मिसाइल बेड़े में पृथ्वी- सेंकड, अग्नि-एक, अग्नि- दो जैसी मिसाइलें शामिल हैं। नई अग्नि-पी मिसाइल को ज्यादा सटीक और आधुनिक माना जा रहा है।

#### विस चुनाव की तैयारी : भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष चौधरी

# 'जनता को परिवारवाद की राजनीति अस्वीकार'

**झांसी**

दो दिवसीय प्रवास पर भाजपा संगठन के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडी एलायंस' पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन लगातार नकारात्मक और भ्रामक नैरेटिव फैलाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता अब इन बातों को समझ चुकी है और समय आने पर इसका जवाब भी देती है। बिहार और पश्चिम बंगाल के नतीजों से यह साबित होता है कि जनता भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं कर रही है।इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष ने पार्क पहुंचकर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई व झलकारी बाई की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह उन्होंने मप्र के दतिया पहुंचकर मां पीताम्बरा के दर्शन भी किए।




उन्होंने कहा कि 'इंडी एलायंस' अब बिखराव की स्थिति में है और इसके अलग-अलग नेताओं के विरोधाभासी बयान इस बात को स्पष्ट करते हैं कि यह गठबंधन राजनीतिक रूप से कमजोर हो चुका है। उनके अनुसार, यह गठबंधन अब अपने मूल उद्देश्यों से भटक गया है और इसका राजनीतिक अस्तित्व भी प्रश्नों के घेरे में है। उत्तर प्रदेश के आगामी 2027 विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश की जनता एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पूरे वर्ष जनता के बीच सक्रिय रहता है और केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि लगातार जनसेवा में लगा रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संगठन पूरी तरह से चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार है और हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने विपक्ष के 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह अब केवल राजनीतिक नारा बनकर रह गया है, जिसका जमीनी स्तर पर कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई देता। अखिलेश यादव व उनके पिता द्वारा 4 बार सत्तासीन होकर भी किसी पर ध्यान नहीं दिया।

# मुस्लिम कार्ड पर इंडिया गठबंधन घिरा

## मौलाना बोले- मुसलमान आउट, अखिलेश यादव पर भरोसा करेंगे तो पछताएंगे राहुल गांधी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि खुद को सांप्रदायिकता के खिलाफ बताने वाले विपक्षी दलों ने अपनी महत्वपूर्ण बैठक में मुस्लिम समुदाय को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।

उन्होंने कहा कि बैठक में किसी भी मुस्लिम राजनीतिक दल को आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे मुसलमानों के बीच गलत संदेश गया है। उन्होंने कहा कि संविधान क्लब में आयोजित बैठक में देश की राजनीतिक दिशा और आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई, लेकिन मुस्लिम प्रतिनिधित्व पूरी तरह गायब रहा। ऐसे समय में जब देश को भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और एकजुटता की जरूरत है, विपक्षी दलों का यह रवैया कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि जो नेता लगातार सांप्रदायिकता खत्म करने की बात करते हैं, उन्होंने अपनी बैठक



और एजेंडे में सांप्रदायिकता शब्द तक का उल्लेख नहीं किया। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में मुस्लिम समाज की भागीदारी को लेकर गंभीर असंतोष है।

उनका कहना था कि देश के बड़े अल्पसंख्यक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली किसी भी प्रमुख मुस्लिम पार्टी को बैठक में जगह नहीं दी गई। इससे यह संदेश जाता है कि चुनावी राजनीति में मुसलमानों की भूमिका को केवल वोट बैंक तक सीमित समझा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष वास्तव में सामाजिक न्याय और समान भागीदारी की राजनीति करना चाहता है तो उसे सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होगा। केवल बयानबाजी से भाईचारा और एकता मजबूत नहीं हो सकती।मौलाना रजवी ने कांग्रेस नेतृत्व और विशेष रूप से राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें अखिलेश यादव की राजनीतिक रणनीति को समझना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम बहुल सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया था, जिसका लाभ भाजपा को मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि विपक्षी एकता इतनी मजबूत थी तो उन चुनावों में गठबंधन धर्म का पालन क्यों नहीं किया गया। कांग्रेस नेतृत्व को इस विषय पर गंभीरता से आत्ममंथन करना चाहिए।

### यूपी चुनाव को लेकर भी जताई आशंका

मौलाना ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि अखिलेश यादव पर आंख बंद करके भरोसा करना राजनीतिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि टिकट वितरण और सीटों के बंटवारे के समय कई नेताओं के तेवर बदल जाते हैं और राजनीतिक समीकरण भी बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को भविष्य की रणनीति बनाते समय पिछले चुनावों के अनुभवों से सीख लेनी चाहिए, अन्यथा गठबंधन के भीतर ही मतभेद और अविश्वास की स्थिति पैदा हो सकती है।

# जनता के भरोसे पर खरा उतरा बरेली रेंज

## आईजीआरएस में बना प्रदेश का सिरमौर, 61 थानों ने भी लहराया जीत का परचम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बरेली रेंज ने पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना ली है। डीआईजी अजय कुमार साहनी की कड़ी निगरानी, सतत समीक्षा और जवाबदेही आधारित कार्यशैली का परिणाम है कि शासन की जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) की मई-2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बरेली रेंज ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि ने बरेली रेंज को प्रदेश के अन्य पुलिस रेंज के लिए मिसाल बना दिया है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि बरेली रेंज के जिले बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पीलीभीत जिले को



28वीं रैंक मिली है। खास बात यह रही कि रेंज के कुल 61 थानों ने भी जन शिकायतों के निस्तारण में संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया। बरेली के 25 थानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें सुभाष नगर, किला, बारा दरी, इज्जतनगर, भोजीपुरा, प्रेम नगर, कोतवाली, कैंट, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीश गढ़ समेत अन्य थाने शामिल हैं। इसी प्रकार बदायूं के 12, पीलीभीत के 6 और शाहजहांपुर के 18 थानों ने भी प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त कर परिक्षेत्र का मान बढ़ाया। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर डीआईजी अजय कुमार साहनी लगातार समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकारियों और थाना प्रभारियों की जवाबदेही तय कर रहे थे। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर निगरानी रखी गई, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रोत्साहित किया गया। इसी रणनीति का नतीजा रहा कि बरेली रेंज प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई।इस उल्लेखनीय उपलब्धि में योगदान देने वाले परिक्षेत्र कार्यालय के आईजीआरएस कर्मी उपनिरीक्षक शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को डीआईजी अजय कुमार साहनी द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा जिन जिलों और थानों का आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन अपेक्षानुसार संतोषजनक नहीं रहा है, उनके कार्यों की गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आई क्रस्ट एप्पल स्टोर से करोड़ों का कारोबार और मनी लॉन्ड्रिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रेमनगर क्षेत्र के मारवाड़ीगंज में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शहर के चर्चित मोबाइल कारोबारी और आईफोन शोरूम संचालक आशुतोष अग्रवाल के आवास पर छापेमारी शुरू कर दी। टीम ने घर के भीतर मौजूद दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागजातों की गहन पड़ताल की।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली से आई ईडी की टीम ने कार्रवाई शुरू होते ही आवास के सभी प्रवेश और निकास मार्गों को नियंत्रित कर लिया। घर में मौजूद लोगों के मोबाइल फोन भी जांच के दायरे में लिए गए। स्थानीय पुलिस बल को भी मौके पर तैनात रखा गया ताकि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डाटा जांच एजेंसियों ने अपने कब्जे में लिए हैं। अधिकारियों का फोकस वित्तीय लेनदेन और कारोबारी गतिविधियों के रिकॉर्ड पर रहा। शहर के कारोबारी और राजनीतिक गलियारों में आशुतोष अग्रवाल की एक विधायक से करीबी संबंधों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। हालांकि ईडी की ओर से अब तक किसी राजनीतिक व्यक्ति का नाम नहीं लिया गया है और न ही कार्रवाई के कारणों पर कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। कारोबारी जगत में यह भी चर्चा है कि मोबाइल बिक्री और वित्तीय लेनदेन से जुड़े कुछ मामलों की जांच एजेंसियां पड़ताल कर रही हैं। सूत्रों के स्तर पर करीब 60 लाख रुपये की कथित कर अनियमितताओं और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की चर्चा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। जांच एजेंसियां दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर तथ्यों का सत्यापन कर रही हैं।जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई केवल बरेली तक सीमित नहीं रही। ईडी ने दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी एक साथ तलाशी अभियान चलाया। जांच के दायरे में आए व्यक्तियों और कंपनियों से जुड़े आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों की भी जांच की गई।

## सार संक्षेप

### चिंगारी से मिनटों में राख हुआ लाखों का सामान, दमकल ने बचाया बड़ा हादसा

**बरेली।** शहर के प्रमुख कारोबारी क्षेत्र इंद्रा मार्केट में सोमवार देर रात अचानक लगी आग ने हड़कंप मचा दिया। दुकान से उठती लपटों और धुएं के गुबार ने आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग पड़ोसी दुकानों तक नहीं पहुंची, वरना बाजार में बड़ा नुकसान हो सकता था। सोमवार रात अचानक दुकान के भीतर से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही क्षणों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बाजार में मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती चली गईं। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया। दमकल कर्मियों की तत्परता के चलते आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया।आग की वजह से दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक तौर पर भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। नुकसान का सही आंकलन जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि घटना के सभी पहलुओं की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी।

### चारा मशीन चलाते समय लगा करंट, युवक की मौत



**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोटिया संतोष, पोस्ट पिंदारी अशोक निवासी 32 वर्षीय राहुल पुत्र मेवा राम की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार राहुल गांव स्थित गौशाला में बिजली से चलने वाली चारा मशीन से पशुओं के लिए कुट्टी काट रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन में करंट उतर आने से वह उसकी चपेट में आ गया। हादसा होते ही मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया और गंभीर हालत में इलाज के लिए भोजीपुरा स्थित राममूर्ति अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में राहुल का अंतिम संस्कार कर दिया।

### मानक विहीन अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**बरेली।** जनपद में अवैध और नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे निजी चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। निजी अस्पतालों के औचक निरीक्षण और पंजीकरण मानकों की जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केजीएन सहारा अस्पताल पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बेसमेंट में नियमों के विपरीत संचालित ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) को सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ निजी अस्पताल मानकों को ताक पर रखकर मरीजों और नवजातों का इलाज कर रहे हैं। इसी क्रम में जब विभागीय टीम ने केजीएन सहारा अस्पताल का निरीक्षण किया तो कई गंभीर खामियां सामने आईं। बेसमेंट जैसे असुरक्षित स्थान पर ओटी और एनआईसीयू का संचालन किया जा रहा था, जो चिकित्सा नियमों और अग्नि सुरक्षा मानकों के बिल्कुल विपरीत है। अधिकारियों के अनुसार आपात स्थिति में यहां से मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना लगभग असंभव था। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार अपनी टीम के साथ एनआईसीयू कक्ष के मुख्य द्वार पर पहुंचे और वैधानिक प्रक्रिया के तहत सीलिंग की कार्रवाई की गई। दरवाजे पर सीलिंग से संबंधित नोटिस और दस्तावेज चस्पा किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई निर्धारित सरकारी गाइडलाइंस और राष्ट्रीय मानकों के अनुपालन में की गई है।

### एम.एड. में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल खुला, बी.एड. व बी.एल.एड. अंतिम वर्ष के छात्र भी कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं संबद्ध विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित बी.एड./एम.एड. विभाग (आई.ए.एस.ई.) में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए एम.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक विश्वविद्यालय के समर्थ प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष एम.एड. में प्रवेश अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से किया जाएगा। पात्रता के लिए अभ्यर्थी का बी.एड. अथवा बी.एल.एड. में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बी.एड. द्वितीय वर्ष और बी.एल.एड. चतुर्थ वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


# मिठाई की दुकान में लगी आग

## लाखों का माल राख, शॉर्ट सर्किट की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज थाना परिसर से चंद कदम की दूरी पर स्थित आईटीआर मार्केट मंगलवार सुबह एक मिठाई की दुकान में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। दुकान से उठते धुएं के गुबार और आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। आग से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

आईटीआर कॉलोनी गेट पर स्थित नारायण स्वीट्स एंड कंफेक्शनरी के संचालक गौरव अग्रवाल सोमवार रात रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह करीब सवा छह बजे उधर से गुजर रहे लोगों ने दुकान के भीतर से धुआं निकलता देखा। देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में बदल



गया। लोगों ने तत्काल दुकानदार और पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही आईटीआर मार्केट में हड़कंप मच गया। आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों की ओर दौड़ पड़े। आग पड़ोसी दुकानों तक न पहुंच जाए, इसे लेकर सभी के चेहरे पर चिंता साफ दिखाई दे रही थी। सीबीगंज थाने से पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित किया। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए फायर ब्रिगेड की टीम ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि कुछ देर और हो जाती तो आग आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। दमकल कर्मियों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।दुकान मालिक गौरव अग्रवाल के अनुसार आग से मिठाई, कंफेक्शनरी का सामान, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।

आग बुझने के बाद दुकान के अंदर का नजारा बेहद भयावह था। चारों ओर जला हुआ सामान और राख बिखरी हुई थी। फिलहाल आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग की संभावित वजह माना जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी है। घटना ने एक बार फिर बाजारों में फायर सेफ्टी और विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 35 लाख के हवाला कनेक्शन में तीसरा सरगना गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 35 लाख रुपये की बरामदगी के बाद उजागर हुए हवाला कारोबार में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फरार चल रहे गिरोह के तीसरे सदस्य और मुख्य आरोपियों में शामिल मोईन अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का मानना है कि मोईन की गिरफ्तारी से हवाला नेटवर्क, दुबई कनेक्शन और करोड़ों रुपये के लेन-देन के पूरे खेल से पर्दा उठ सकता है। बारादरी पुलिस ने रविवार को हजियापुर निवासी जमीर अहमद और माधोवाड़ी निवासी जगदीश चोटिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। पूछताछ में सामने आया था कि जमीर अहमद और उसका तहेरा भाई मोईन अली लोगों की नजरों में जरी का कारोबार करते थे, लेकिन उसी की आड़ में हवाला की रकम को ठिकाने लगाने का काम कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान मोईन फरार हो गया था, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में जमीर ने खुलासा किया था कि वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात इंटरनेट मीडिया के माध्यम से जीशान अली नामक युवक से हुई थी। जीशान ने खुद को दुबई में रहने वाला बताया और बैंक खाते के जरिए मोटे मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद जमीर और मोईन ने केजीएन नाम से फर्म का खाता खुलवाया और उसमें बड़ी मात्रा में रकम मंगानी शुरू कर दी।जांच में यह भी सामने आया कि खाते में आने वाली रकम निकालने का जिम्मा दिल्ली के चांदनी चौक निवासी धम्माराम और लालचंद्र को दिया गया था। बाद में पुलिस की नजरों से बचने के लिए माधोवाड़ी निवासी जगदीश चोटिया को भी इस नेटवर्क में शामिल कर लिया गया। उसे रकम पहुंचाने के एवज में प्रति लाख 300 रुपये कमीशन मिलता था।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों जमीर और जगदीश ने अपने मोबाइल फोन का अधिकांश डेटा डिलीट कर दिया था। आशंका है कि उसी डेटा में हवाला नेटवर्क और अन्य सदस्यों से जुड़े अहम सुराग मौजूद हैं। इसलिए मोबाइल फोन फॉरेंसिक साइंस लैब भेजे गए हैं, जहां से डिलीट डेटा रिकवर कराया जा रहा है।इसके अलावा आरोपियों के मोबाइल फोन का इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड (आईपीडीआर) भी मंगाया गया है। इससे यह पता लगाया जाएगा कि वे व्हाट्सएप कॉल और इंटरनेट के माध्यम से किन-किन लोगों और किन देशों के नेटवर्क के संपर्क में थे। पुलिस को उम्मीद है कि इससे दुबई में बताए जा रहे जीशान अली और अन्य संदिग्धों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

### सीडीएम में जमा रकम का पैटर्न भी जांच के घेरे में

पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि रकम किन-किन कैश डिपॉजिट मशीनों (सीडीएम) के जरिए खातों में जमा की गई। जांच टीम यह पता लगा रही है कि जमा रकम एक ही बैंक की मशीनों से आई या अलग-अलग बैंकों से। साथ ही जिन क्षेत्रों से कैश जमा किया गया, उनकी भौगोलिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि भी खंगाली जा रही है।अधिकारियों का मानना है कि रकम जमा होने के पैटर्न से यह स्पष्ट हो सकेगा कि हवाला का पैसा आखिर कहां से आ रहा था और इसके पीछे कितना बड़ा नेटवर्क सक्रिय है।







शिकंजा | केजीएन सहारा अस्पताल सील, अमन नर्सिंग होम को नोटिस, जिम्मेदारों में मचा हड़कंप

# बेसमेंट में चल रहा था इमरजेंसी बेड वार्ड, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया सील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** राजधानी दिल्ली में होटल अग्निकांड के बाद बरेली में भी अस्पतालों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बेसमेंट में संचालित हो रही अनियमित गतिविधियों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शहर के पीलीभीत बाइपास स्थित केजीएन सहारा अस्पताल में बड़ी कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने ऑपरेशन थियेटर (ओटी) और एनआईसीयू वार्ड को सील कर दिया, जबकि शाहजहांपुर रोड स्थित अमन नर्सिंग होम को नोटिस जारी कर बेसमेंट में संचालित गतिविधियां तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में एक प्रमुख समाचार पत्र की पड़ताल में शहर के कई अस्पतालों और होटलों के बेसमेंट में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई थीं। जांच में सामने आया था कि जहां बेसमेंट का उपयोग पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था के लिए होना चाहिए, वहां मरीजों का इलाज, ऑपरेशन और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कई स्थानों पर फायर सेफ्टी मानकों, आपातकालीन निकास मार्ग और अग्निशमन उपकरणों में भी गंभीर कमियां मिली थीं।

मामले का संज्ञान लेते हुए शासन ने स्वास्थ्य विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सोमवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के कई अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान केजीएन सहारा अस्पताल के बेसमेंट में संचालित ओटी और एनआईसीयू वार्ड नियमों के विपरीत पाए गए, जिसके बाद दोनों इकाइयों को सील कर दिया गया। वहीं, अमन नर्सिंग होम में भी बेसमेंट में गतिविधियों के संचालन पर आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किया गया और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार डीडीपुरम, राजेंद्रनगर, स्टेडियम रोड, रामपुर गार्डन, पीलीभीत बाइपास समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से अधिक निजी अस्पतालों में बेसमेंट का उपयोग अलग-अलग गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई केवल शुरुआत है। आने वाले दिनों में शहर के अन्य अस्पतालों, नर्सिंग होम और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की भी जांच की जाएगी। जहां भी फायर सेफ्टी, भवन मानकों या स्वास्थ्य विभाग के नियमों का उल्लंघन मिलेगा, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शासन के तेवर सख्त, जिम्मेदारों में मचा हड़कंप

लंबे समय से बेसमेंट में चल रही गतिविधियों पर जिम्मेदार विभागों की नजर नहीं पड़ रही थी, लेकिन शासन की सख्ती के बाद अब स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सक्रिय हो गया है। कार्रवाई शुरू होते ही अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है और कई संस्थान अपने दस्तावेज व व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुट गए हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com





## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### संस्था का हुआ सीमा विस्तार



रामपुर। मदद एक आस फ़ाउंडेशन में टीम का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष संचित कपूर ने महिला जिला अध्यक्ष ममता सोनी को मनोनीत किया। कोषाध्यक्ष शलिनी रस्तोगी को मनोनीत किया।दोनों के द्वारा समाजहित एवं राष्ट्रीयहित में निरन्तर कार्य किया जा रहा है फ़ाउंडेशन को मज़बूत करने के लिए निरन्तर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है अध्यक्ष ने बताया जल्द ही तहसीलों में भी टीम का विस्तार किया जायेगा। फ़ाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने नये दायित्व की दोनों को बधाई दी।

### भाई की हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग

मसवासी। चौकी क्षेत्र के गांव ज्वालापुर निवासी शिवम मौर्य पुत्र नरेश ने स्वार कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपने भाई की हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। शिवम मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 जून को उसके भाई प्रियांशु का शव ग्राम कलीनगर और इस्लामनगर के बीच एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा तो उसके भाई का शव मिर्च के खेत में भांग के पौधों से ढका हुआ मिला। शिवम का आरोप है कि शव पर खरोंच और चोट के निशान मौजूद थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# पिकअप ने ई- रिक्शा में मारी टक्कर, दो मासूम बच्चों की मौत, पत्नी-बेटी भी जख्मी

## मेरी तो दुनिया उजड़ गई... बेटों के शव देख बेहोश हुआ पिता



फाइल फोटो नावेद।



फाइल फोटो मृतक आबिद।

- मायके से शादी समारोह में शामिल होकर बच्चों संग ससुराल लौट रही थी सकीना, रास्ते में दोनों बेटों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायल सकीना को उपचार देते स्वास्थ कर्मी। –जागरण मोर्चा



बेटों का शव देखकर बेहोश हुआ पिता। –जागरण मोर्चा

### 7 जून को थी शकीना की चचेरी बहन की शादी, समारोह से लौटते वक्त हादसे में उजड़ी दुनिया

पिसनहारी गांव निवासी सकीना अपनी चचेरी बहन की शादी के कार्यक्रम में शामिल होने बच्चों समेत आई हुई थी, 7 जून को सकीना की चचेरी बहन सुखी की शादी है, रुखसदी के बाद मंगलवार सुबह सकीना अपने तीनों बच्चों के साथ ई रिक्शा में सवार होकर अपने गांव पिसनहारी लौट रही थी, रास्ते में पिकअप की टक्कर में उनके दोनों बेटों की मौत हो गई।मायके में शादी की खुशियां मातम में बदल गई, सूचना मिलते ही ग्रामीण सीएचसी की तरफ दौड़ पड़ें।

### दोनों बेटों के शव देख बेहोश हुआ पिता

बदायूं जनपद के फैजगंज बेहटा अंतर्गत पिसनहारी गांव निवासी खुशी खां को जैसे ही हादसे की सूचना मिली, वह शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर दौड़ पड़े। सीएचसी पर दोनों बेटों के शव देखकर पिता खुशी खां बेहोश हो गए। परिजनों में बमुश्किल उन्हें संभाला। उधर मासूम बच्चों की मां सकीना भी बेसुध थीं।

### स्वास्थ केंद्र पर हर आंख में थे आंसू

सीएचसी कर लोगों की चीखपुकार सुनकर वहां मौजूद हर किसी की आंख में आंसू थे, इमरजेंसी वार्ड में दोनो मासूम बच्चों के शव जिसने भी देखे, बिना रोए खुद को रोक नहीं पाया। क्या जवान, क्या बूढ़ा हर कोई दुख में डूबा हुआ था। हर कोई मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधा रहा था

**शाहबाद।** मंगलवार तड़के शाहबाद- आसफपुर रोड स्थित ढकिया गांव के पास पिकअप ने सवारियां भरी ई रिक्शा में टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि मां, बेटी और कई लोगों को गंभीर चोटें आई। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने सभी घायलों को ई रिक्शा से निकालकर शाहबाद के सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। बेटों के शव देखते ही पिता बेहोश हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बदायूं जनपद के फैसगंज बेहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिसनहारी गांव निवासी खुशी खां की पत्नी सकीना अपने तीन बच्चों आबिद, नावेद और अरमाना के साथ अपने चचेरी बहन की शादी में शामिल होने अपने मायके नंदगांव आई हुई थी, शादी में सभी कार्यक्रम निबटाकर सकीना मंगलवार सुबह अपने बच्चों नावेद, अरमाना और आबिद के साथ नंदगांव निवासी इलियास की ई रिक्शा में सवार होकर अपनी ससुराल पिसनहारी गांव लौट रही थी, रास्ते में ढकिया गांव के पास उनकी ई रिक्शा को सामने से आ रही तेजरफ्तर पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई रिक्शा के खंदी में जाकर गिरी। हादसा देख पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। सवारियों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने सभी घायलों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डॉक्टरों ने नावेद(12) और आबिद (8) को मृत घोषित कर दिया, जबकि मासूम बच्ची अरमाना की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खून से लथपथ मां सकीना को डॉक्टरों ने सीएचसी पर ही प्राथमिक उपचार दिया। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया पिकअप को कब्जे में ले लिया है, जबकि पिकअप का चालक मौके से फरार हो गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

### ई-रिक्शा और 18 टायर ट्रक की हुई आमने-सामने भिड़ंत

**टांडा।** नगर के मुख्य मार्ग पर सिब्ते के चौराहे पर सोमवार देर रात करीब 11 :30 बजे ई–रिक्शा को बचाने के चक्कर में दो 18 टायर ट्रकों की जोरदार आमने–सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक एक–दूसरे में फंस गए और एक ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सोमवार रात करीब 11 :30 बजे मियां वाली मस्जिद मार्ग से एक ई–रिक्शा मुख्य मार्ग पर आ रहा था। उसी समय दढ़ियाल मार्ग से खनन से लदा 18 टायर ट्रक मुरादाबाद की ओर जा रहा था, जबकि मुरादाबाद की ओर से खाली 18 टायर ट्रक दढ़ियाल की ओर आ रहा था। ई–रिक्शा को देखकर मुरादाबाद से आ रहे खाली ट्रक के चालक ने अचानक बचाने का प्रयास किया, जिससे दढ़ियाल से आ रहे लदे ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। ई–रिक्शा चालक भी घबरा गया और अनियंत्रित होकर रिक्शा सड़क पर पलट गया। स्थानीय लोगों ने रिक्शा को खड़ा किया, लेकिन रिक्शा चालक तेजी से रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया।टक्कर के बाद दोनों ट्रकों के सामने वाले हिस्से आपस में फंस गए। मुरादाबाद की ओर से आ रहे खाली ट्रक का चालक मुजम्मिल (35), निवासी सैदनगली अमरोहा केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने क्रेन की मदद से पहले दोनों ट्रकों को अलग किया। इसके बाद घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया। खनन से लदे ट्रक का चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों ट्रकों को मुख्य मार्ग से हटाकर मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया, जिसके बाद यातायात बहाल किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किराना स्टोर में लगी आग,हजारों का सामान जला



**भोट।** सोमवार देर रात थाना क्षेत्र के खौदपुरा गांव में अज्ञात कारणों से एक दुकान में आग लग गयी।दुकान में आग भड़कते देख पड़ौसियों की सूचना पर दुकान स्वामी के भाई मौके पर पहुंचे व आग को काबू करने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। ग्राम प्रधान बालजीत सिंह सैनी ने बताया कि गांव के ही रहने वाले रईस अहमद ने अपने घर के बाहर की ओर बने एक कमरे में किराना की दुकान खोली है।पांच दिन पूर्व रईस अहमद के ससुर की तबियत खराब होने की जानकारी मिलने पर वह अपनी दुकान व घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ अपने ससुराल चला गया था।घर से करीब ही उसके उसके भाइयों के घर हैं।सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से उसकी किराना की दुकान मेंआग लग गयी। रात करीब दो बजे पड़ौसियों ने दुकान से आग की लपटें उठती देख उसके भाइयों को सूचना दी। जिसके बाद उसके भाइयों ने पड़ौसियों की मदद से दुकान का ताला तोड़ कर आग पर काबू करने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दुकान में रखा हजारों रूपये कीमत का सामान जल कर राख हो गया।भाइयों की सूचना पर मंगलवार सुबह दुकान स्वामी रईस अहमद भी घर पहुंच गया और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बारात में युवक ने लहराया तमंचा, गिरफ्तार

**स्वार।** नरपतनगर क्षेत्र स्थित एक मैरिज हॉल में शादी समारोह के दौरान तमंचा लहराने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को तमंचे और कारतूस बरामद कर कोर्ट में पेश किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से सोमवार रात नरपतनगर स्थित एक मरीज हाल में बारात आई थी। बारात में शामिल होने के लिए नरपतनगर चौकी क्षेत्र के एक गांव के तीन युवक अपने एक दोस्त को भी साथ लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि उनके साथ आया युवक अवैध तमंचा लेकर समारोह में पहुंचा था। बताया जाता है कि खाना खाने के बाद किसी बात को लेकर युवक ने तमंचा निकाल लिया और उसे लहराने लगा। इस दौरान उसके साथ आए तीन युवक मौके से फरार हो गए।सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने आरोपी युवक को तमंचे समेत पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम जिला बिजनौर के थाना अफजलगढ़ गांव मीरापुर मोदीवाला हाल निवासी जिला नैनीताल के थाना रामनगर लखनपुर चुंगी निवासी प्रियांशु उर्फ वंश पुत्र सुनील बताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेजा है।

# अंतिम संस्कार से लौट रहे पत्नी की हादसे में मौत

- पति घायल, मुरादाबाद के एक अस्पताल में कराया भर्ती
- मूंढापांडे के पास मारुति कार सवार ने मारी टक्कर

जागरण मोर्चा, कार्यालय



लि अस्पताल की मोर्चरी के बाहर बैठे परिजन। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** दफन से लौट रहे पति-पत्नी बाइक सवार को कार सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। इस दौरान पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। आनन फानन में घायल पति को उपचार के लिए मुरादाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

थाना अजीम नगर गांव गणेशपुर निवासी कल्याण सिंह पत्नी सावित्री देवी के साथ अपने रिश्तेदार ठाकुरदास के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां से शामिल होकर घर की जा रहे थे। कि मूंढापांडे के पास मारुति कार सवार ने टक्कर मार दी।

जिससे कल्याण सिंह घायल और पत्नी सावित्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# पटवाई में दो अवैध क्लीनिक सील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पटवाई।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पटवाई क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे दो क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई की है। नोडल अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों सेंटरों के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी ने पटवाई थाने में दी तहरीर में बताया कि 30 मई की दोपहर में उन्होंने टीम के साथ पटवाई नई बाजार स्थित 'लोधी डिजिटल एक्स-रे एंड एडवांस फिजियोथैरेपी क्लीनिक' और 'पूजा क्लीनिक एवं जच्चा-बच्चा केंद्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दोनों ही सेंटरों पर कोई भी तकनीकी स्टाफ या डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। इतना ही नहीं, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में इन दोनों सेंटरों का कोई पंजीकरण भी नहीं पाया गया। बिना अनुमति और बिना डिग्री के अवैध रूप से संचालित मिलने पर टीम ने मौके पर ही दोनों सेंटरों को सील कर दिया। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि नोडल अधिकारी की तहरीर के आधार पर दोनों केंद्र संचालकों के खिलाफ आईएमसी एक्ट की धारा 20 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## पसियापुरा, खौद-टांडा मार्ग का 2.95 करोड़ रुपये से नवीनीकरण शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवीनीकरण कार्य करते कर्मचारी।

**रामपुर।** जौहर यूनिवर्सिटी पसियापुरा, खौद-टांडा मार्ग का नवीनीकरण लोक निर्माण विभाग कार्य शुरू करा दिया गया है। इसकी कार्य की लंबाई करीब 4 किलोमीटर है साथ ही दोनों तरफ का मार्ग शामिल है। हमसफर चौक से जौहर यूनिर्वसिटी मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हालत में है जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए है जिससे राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लोगों ने मार्ग को सही कराए जाने की मांग उठाई। इस पर लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा। जहां से मंजूरी मिलते ही क्षतिग्रस्त मार्ग का नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया गया है। कार्य की लंबाई करीब 4 किलोमीटर है 2 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा बिलासपुर-मिलकखानम स्वार मार्ग 5 किलोमीटर कार्य भी 1 करोड़ 80 लाख नवीनीकरण प्रस्तावित है। प्रांतीय खंड के एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि जौहर यूनिर्वसिटी पसियापुरा, खौद-टांडा मार्ग पर नवीनीकरण कार्य आरंभ है जबकि बिलासपुर-मिलकखानम स्वार मार्ग 5 किलोमीटर कार्य प्रस्तावित है। यह भी कार्य जल्द ही शुरू होगा।

# खेत किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्रवाई की मांग लेकर स्वार कोतवाली पहुंचे परिजन।

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धनोरी में युवक का शव खेत के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तीन लोगों को नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को परिजन ट्रैक्टर ट्राली में भरकर कोतवाली पहुंच गए।

मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव ज्वालापुर निवासी प्रियांशु पुत्र नरेश पिछले कुछ दिनों से धनोरी स्थित अपनी बुआ चंद्रकला के घर रह रहा था। परिजनों के अनुसार रविवार रात वह खाना खाने के बाद घर में ही सो गया था। सोमवार सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो वह चारपाई पर नहीं मिला। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के पास एक खेत के किनारे युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि मृतक के शरीर तथा हाथ पैरों पर चोट के निशान थे। जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।मंगलवार को बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर कोतवाली पहुंच गए और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। बाद में कोतवाल अनुपम शर्मा ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। मृतक के पिता नरेश ने तीन लोगों को नामजद करते हुए चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर दी है।

# दूसरे दिन 6539 ने अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा, 1717 रहे गैरहाजिर

- परीक्षा केंद्रों पर ली अभ्यार्थियों की तलाशी, केंद्रों पर रही भीड़भाड़

जागरण मोर्चा, कार्यालय



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम और एसपी।

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा के दूसरे दिन 6539 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1717 अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में 3281 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 847 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 3258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 870 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा राजकीय पालिटेक्निक, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज, रेवड़ी कला शाहबाद, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय इंटर कालेज स्वार, राजकीय इंटर कालेज टांडा, राजकीय रजा महिला स्नताकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज, प.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्री गुरूनानक इंटर कालेज बिलासपुर माटखेड़ा में परीक्षा हुई।

### आज भी जारी रहेगी परीक्षा

भर्ती परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को दो-दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह तथा दूसरी पाली दोपहर में होगी। तीन दिनों में कुल 24,768 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। इस तरह प्रतिदिन दो पालियों में 8,256 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला, मां-बेटे को पीटा

**स्वार।** रंजिश को लेकर दबंगों ने एक घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आए ग्रामीणों ने बमुश्किल पीड़ितों की जान बचाई। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।थाना स्वार क्षेत्र के ग्राम सेडु का मजरा नानकार रानी निवासी इरफान अली पुत्र अहमद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 जून को वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान अचानक गांव के ही कुछ दबंग हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर इरफान व उसकी मां जैहरा (पत्नी नेहा) पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी अबरार अली पुत्र आले हसन, कय्यूम अली पुत्र अबरार और गांव के अन्य लोग मौके पर दौड़ पड़े।ग्रामीणों को आता देख हमलावर पीछे हटे। पीड़ितों का आरोप है कि भागते समय आरोपी उन्हें दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर मेहबूब जान,सलीम,अलीम फैजान,नगमा,इस्लाम, रेखन निवासी सेडु का मजरा नानकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं।

सुनवाई | 17 नवंबर 2025 को मजिस्ट्रेट कोर्ट से सुनाया था फैसला

# दो पैनकार्ड मामले में सजा की अपील पर सुनवाई 15 जुलाई को



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दो पैनकार्ड मामले में सपा नेता आजम खां के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। जिसमें सुनवाई के लिए 15 जुलाई नियत की है। 17 नवंबर 2025 को मजिस्ट्रेट कोर्ट से दो पैन कार्ड आजम खां, अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया था। इसके खिलाफ आजम खां के अधिवक्ता ने अपील की दायर की थी। जबकि सरकारी अधिवक्ता और पूर्वमंत्री नवेद मियां की ओर से दो पैनकार्ड के मामले में सजा को बढ़ाई जाने की मांग की थी।

जिस पर सेशन कोर्ट ने लगभग 20 दिन पहले आजम खां की अपील को खारिज करते हुए सजा सात साल से बढ़ाकर 10 साल कर दी थी। आजम खां और अब्दुल्ला आजम के जुमार्ना को बढ़ाया गया। इस दोनों मामलों में आजम खां की ओर से हाईकोर्ट में अपील दाखिल की। इस मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई नियत की है।

### डूंगरपुर मामले में सुनवाई टली



डूंगरपुर मामले में मंगलवार को सेशन कोर्ट में बयान दर्ज नहीं हो सके। जिसके कारण सुनवाई टल गई। अगली सुनवाई 18 जून को होगी। रिटायर्ड सीओ आले हसन, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां न्यायालय में पेश हुए। वर्ष 2019 में थाना गंज में आसरा कॉलोनी बनाने को लेकर मकान खाली कराने के मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां के अलावा जल निगम, लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों और कई सपा नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए थे। जिसमें छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी, लूटपाट आदि मामले में सभी नामजद है। छह मुकदमों में फैसला आ चुका है दो मुकदमों में आले हसन, अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली समेत कई को जुमार्ने के साथ सजा सुनाई जा चुकी है चार मुकदमों में बरी, छह मुकदमें न्यायालय में विचाराधीन है जिन पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी। सभी आरोपियों के बयान दर्ज होना थे। लेकिन पीठासीन अधिकारी के नहीं होने के कारण सुनवाई टल गई।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर गोष्ठी में प्रवक्ताओं, शोधार्थियों ने रखे विचार

## मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में जन विचार गोष्ठी का किया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वर्तमान केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में प्रबुद्ध जन विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम में जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, शिक्षिकाओं, प्रवक्ताओं एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग कर शिक्षा के क्षेत्र में विगत 12 वर्षों में हुए सकारात्मक एवं जनकल्याणकारी परिवर्तनों पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी के निर्देशन में एसआरजी डॉ. सरफराज अहमद एवं विकास खंड शाहबाद के एआरपी डॉ. मोईन मियां द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण के साथ हुआ। प्रस्तुतिकरण में परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बीते वर्षों के दौरान हुए व्यापक सुधारों पर प्रकाश डाला।



विकास भवन के सभागार में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

इस दौरान पीएम पोषण योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक सहभागिता, आईसीटी आधारित शिक्षण, समेकित शिक्षा, प्री-प्राइमरी शिक्षा, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, बालिका शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति योजना उपयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया।इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन, नामांकन एवं छात्र ट्रैकिंग में तकनीक के प्रयोग, विद्यालयों की संख्या में वृद्धि, कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, नवीन एवं सुरक्षित रिपोर्ट कार्ड प्रणाली, डिजिटल एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के संचालन तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से डॉ.जेबी नाज के निर्देशन में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शोधार्थी मसरूर रज़ा द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों पर विचार व्यक्त किये। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि, गुणवत्ता आधारित शिक्षण व्यवस्था, नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, तकनीक आधारित शिक्षण प्रणाली तथा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत किए गए जनोपयोगी सुधारों पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं, जिनमें डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा, डॉ. वेदपाल सिंह, डॉ. निकहत परवीन, दीपक पुंडीर, रितु कुमारी एवं मोहित सक्सेना शामिल रहे। उन्होंने भी शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, गुणवत्ता सुधार, छात्रहितकारी योजनाओं एवं नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, अर्जुन रस्तोगी एवं दीपक गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा ग्लोबल डायमंड आईकॉन अवार्ड से सम्मानित

**मिलक।** वीर भूमि राजस्थान के गुलाब नगरी जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया। इस आयोजन में विश्व के 15 देशों की साहित्य, कला, शिक्षा, समाजसेवा, फिल्म, फैशन, ज्योतिष आदि विविध क्षेत्रों की 200 विभूतियों को अपने क्षेत्रों में विशेष योगदान देने के लिए सम्मानित किया। डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को हिंदी साहित्य संवर्धन के साथ हिंदी प्रचार-प्रसार में विशेष उल्लेखनीय सेवाओं के दृष्टिगत भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेंद्र माथुर और निदेशक डॉ. निशा माथुर ने ग्लोबल डायमंड ट्रॉफी, मेडल, प्रमाणपत्र व राजस्थानी पगड़ी भेंटकर सम्मानित किया है।



## सार संक्षेप



एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के अंतर्गत पौधारोपण करते पूर्व सांसद घनश्याम लोधी, साथ में नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर। -जागरण मोर्चा

### पूर्व सांसद ने रोपा पौधा, गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**स्वार।** भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मंगलवार को क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली मुहिम 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण से हुई। स्वार नगर में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम लोधी ने सर्वप्रथम पौधा लगाकर इस मुहिम को गति दी। इसके बाद स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर के नेतृत्व में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम लोधी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग, जिनमें वकील, डॉक्टर और व्यापारी शामिल रहे। इस मौके पर स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, लक्ष्मीकांत सैनी, डोली रंधावा, विनेश कुमार एडवोकेट, गुरनाम सिंह सिद्धू एडवोकेट, पंकज जोशी एडवोकेट, दिलीप अरोरा एडवोकेट, ब्रजकिशोर दिवाकर एडवोकेट, राजेंद्र गोस्वामी एडवोकेट, रिंकू सैनी, मदनलाल मौर्य, अतर सिंह मौर्य, महिपाल मौर्य, जितेंद्र के साथ-साथ कानूनी और व्यावसायिक क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते सभासद। -जागरण मोर्चा

### निर्माण प्रक्रिया रोके जाने को डीएम को सौंपा ज्ञापन

**टांडा।** नगर पालिका कार्यालय के सामने खाली मैदान पर दुकानों के निर्माण के लिए जारी स्टैंडर्ड को निरस्त कराने के लिए सभासदों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।दुकानों की निर्माण प्रक्रिया से नाराज सभासद इससे पहले अधिशासी अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। मंगलवार को सभासदों द्वारा जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका कार्यालय के सामने पड़े खाली मैदान पर दुकानें बनाये जाने का टेंडर निकाला गया है।उक्त मैदान पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस सहित अन्य सरकारी एवं नगर पालिका से संबंधित कार्यक्रम भी इसी इसी मैदान पर आयोजित होते हैं। जनहित में भी यह ग्राउंड इस्तेमाल में आ रहा है। इन दुकानों के बनने से ग्राउंड समाप्त हो जाएगा, जिससे एक नई समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इस ग्राउंड में दुकानों के निर्माण होने से सभासदो व जनता में नाराजगी है।ज्ञापन में कहा गया है कि इसी स्थान पर नगर पालिका कार्यालय में आने जाने बाले सरकारी कर्मचारी व जनता के वाहन आदि भी खड़े होते हैं दुकानों के निर्माण होने से यह एक नई समस्या उत्पन हो जाएगी।सभासदों ने दुकानों के निर्माण से सम्बंधित समस्त प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।ज्ञापन पर सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, शफीक अहमद, मोहम्मद अय्यूब, तस्लीम अहमद, मोहम्मद हारून, मतीन कुरैशी, शौकीन खातून, नईमा और आमना बेगम आदि सभासदों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

### भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

**रामपुर।** शक्ति दरबार में शिव पुराण कथा मृत्युंजय मंत्र, जाप, यज्ञ, हवन में आहुति दी।भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर नीरज, राजेंद्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज, तन्नू, ओम, खुशी, बर्षा मिश्रा, राधा, रानी, अनिरुद्ध, सौरभ कुमार पांडेय, मुकेश, अनिल, अंजू, उपासना आदि मौजूद रहे।



हवन में आहुति देते भक्त।

### आचार्य मणीश्वर शास्त्री ने सुनाया प्रसंग

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के धनेली पूर्वी में श्री परमहंस भूढा आश्रम पर स्वामी दर्शनानंद महाराज के पावन सानिध्य व देख-रेख में दिव्य संगीतमय भागवत कथा भली भांति सम्पन्न हो रही है। कथा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा व्यास आचार्य मणीश्वर शास्त्री ने बताया कि भागवत कथा भगवान से भगवान को मांगने की कथा है। इसके लिए समर्पण, सेवा और दैन्य भाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भजन, जप करके भगवान से भगवान की ही याचना करना उचित है। अन्य सांसारिक कामना करने वाले का भजन-जप व्यर्थ है। भगवान की कथा पापियों को पाप से मुक्त कराने वाली होती है। इस अवसर पर सहदेव पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, जीतू पांडेय, गणेश पांडेय, सरदार जोगेन्द्र सिंह सहित बहुत से ग्रामीण व क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे। संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया।



मिलक में कथा सुनाते वाचक।

### शिक्षकों का किया गया स्वागत

**रामपुर।** लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के हाई स्कूल के राजपत्रित अधीनस्थ प्रधानाध्यापकों की पदोन्नति विभागीय चयन समिति (डीपीसी) की बैठक के के बाद प्रदेश भर के 450 प्रधानाध्यापकों एवं सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों की क्लास 2 में प्रधानाचार्य एवं बीएसए समकक्ष पदोन्नति हुई है। माध्यमिक शिक्षा सचिव के जारी आदेश के अनुपालन में अधिकारियों ने तैनाती के स्थान पर उच्च पद में पदभार ग्रहण कर लिया है। राजकीय हाई स्कूल रजा नगर के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार की पदोन्नति पर रमा सिंघल एनक्लेव रोशन बाग स्थित उनके आवास पर भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री डॉ अरविंद कुमार गौतम, राजकीय इंटर कॉलेज कैमरी के प्रधानाचार्य भूरा सिंह एवं कॉलोनी निवासी अजब सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, उमाकांत प्रदीप कुमार आदि ने उन्हें माल्यार्पण के साथ पुष्प गुच्छ प्रदान कर बधाई दी। राजकीय हाई स्कूल गजरौला की प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह एवं राजकीय हाई स्कूल खंडिया की प्रधानाध्यापिका विनीता आर्या सहित कुल तीन ने पदोन्नति पाई है।



पदोन्नति होने पर शिक्षकों का स्वागत करते पदाधिकारी

## एक साल बीता, नहीं हो सका नाला का निर्माण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एक साल बीत गया। लेकिन नाले का निर्माण नहीं हो सका है। मौजूदा समय में नाले की स्थिति यह है कि नाले निर्माण कराए जाने के लिए पिलर तो बना दिए गए है उसके बाद निर्माण को आगे नहीं बढ़ाया जा सका है। ऐसे में लोगों को हादसे का आशंका जताई जा रही है। नगर पालिका परिषद के अफसरों की अनदेखी के चलते ज्वालानगर के कृष्णा मंदिर से सरदार जी की चक्की तक इस नाले का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। समाजसेवी आशीष सागर का कहना है कि इस नाले को पूरा करने में न जाने कितना समय और लगेगा। काम 4-5 दिन चलता है फिर महीनों तक के लिए बंद हो जाता है। ऐसे में बरसात शुरू होने वाली है जब नाले ही बने हुए है नहीं है तो जाहिर सी बात है बरसात का सारा पानी रोड़ों पर ही रहेगा या लोगों के घरों में जाएगा। साथ ही नाला भी गंदी से पटा हुआ है इसकी लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। इसको लेकर अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर संबंधित जेई को भिजवाया जाएगा। इसके बाद रिपोर्ट लेकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



ज्वाला नगर में नाले निर्माण के लिए बनाए गए पिलर।

## जिले ने पांचवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

- डीएम की प्रभावी मॉनिटरिंग और टीमवर्क का नतीजा
- टीम भावना और प्रभावी समन्वय का सकारात्मक परिणाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जन शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के मामले में प्रदेशभर में एक बार फिर अपनी अलग पहचान बनाई है। शासन द्वारा जारी मई 2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद ने लगातार पांचवीं बार पहला स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यशैली का परिचय दिया है। 130 अंकों में से 127 अंक प्राप्त कर रामपुर ने यह साबित कर दिया है कि जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयास धरातल पर असरदार साबित हो रहे हैं।इस उपलब्धि के पीछे जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी की नियमित समीक्षा, शिकायतों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर को अहम माना जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक फरियादी को समयबद्ध न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी।आईजीआरएस प्रभारी अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के तहत शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण, डिफाल्टर मामलों की संख्या शून्य बनाए रखना तथा मुख्यमंत्री संदर्भ की सी-श्रेणी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाता है।

रामपुर ने इन सभी बिंदुओं पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र ने कहा कि यह उपलब्धि प्रशासनिक टीम भावना, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा नियमित अनुश्रवण का परिणाम है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है।अधिकारियों और कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने दी बधाई लगातार पांचवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का प्रभावी और संतोषजनक निस्तारण सुशासन की मूल भावना है। प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतों का निपटारा करना नहीं, बल्कि आमजन के विश्वास को मजबूत करना और उन्हें त्वरित राहत उपलब्ध कराना है।जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी रामपुर प्रशासन इसी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जनसमस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा। जनहित और जनसंतुष्टि को केंद्र में रखकर प्रशासन निरंतर बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## जिला अस्पताल में दिव्यांगों के लिए बनाया जाए अलग काउंटर

- कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने दिव्यांगों के विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करके जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनका कहना है। जिला चिकित्सालय में पर्चा बनवाने में बहुत लंबी लाइनें लगती हैं, जिससे दिव्यांगों को पर्चा बनवाने में बहुत कठिनाई हो रही है। दिव्यांगों, 60 वर्ष से अधिक यानी सीनियर सिटीजन के लिए अलग से खिड़की खोली जाए। जिस पर केवल दिव्यांग और सीनियर सिटीजन का ही पर्चा बने। वह परेशानी से बच सके।

दिव्यांग अधिकार संरक्षण अधिनियम 1995 और 2016 सभी विभागो में शीघ्र लागू कराया जाए। तहसील सदर में दिव्यांगों को रिश्वत लेने के चक्कर में तरह तरह से परेशान किया जाता है। भ्रष्ट तहसील सदर कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। रात में बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए, अन्यथा गर्मी से परेशान होकर जनता सड़कों पर आने पर मजबूर हो जाएगी। शिक्षा को प्राइवेट स्कूलों ने व्यापार बना दिया है। ज्ञापन देने वालों में नूर अहमद, सिफात अली खान, नैपाल सिंह यादव, फैजान अली, आरिफ, जावेद खां, राम वती, यमन खां, रामचंद्र लोधी और भीम सैन शामिल रहे।



कलेक्ट्रेट के गेट पर प्रदर्शन करते दिव्यांग।

## सीएमओ ने किया महिला अस्पताल में ओपीडी, इंजेक्शन रूम का निरीक्षण

- अचानक पहुंचने पर अस्पताल प्रशासन में मची खलबली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने महिला चिकित्सालय में एचआरपी, ओपीडी, पैथालॉजी लैब, इंजेक्शन रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सारी व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मौके पर सीएमएस को दिशा निर्देश दिए। उनके अचानक आने पर अस्पताल प्रशासन में खलबली मच गई।

इसके बाद वह यहां से जिला कारागार पहुंची। जहां चल रहे 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत 2 हैंड हैल्ड मशीन द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीबी रोग के पहचान, करने के लिए स्क्रीनिंग कार्य संचालित अभियान स्क्रीनिंग कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही एक्सरे जांच प्रक्रिया, उपकरणों की कार्य प्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया सभी बंदियों की जांच निधार्रित मानकों के अनुरूप की जाए।

कहा कि हैंड मशीन के द्वारा फेफड़ों में किसी भी संक्रमण का जल्द पता करने की क्षमता होती है। इसकी रिपोर्ट तुरंत प्राप्त कर ली जाती है। जिला कारागार में निरूद्ध 625 बंदियों में से 310 बंदियों की स्क्रीनिंग हो चुकी है।

इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संतोष कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश, डॉ.अजीज हसन मौजूद रहे।



महिला चिकित्सालय में सीएमएस को निर्देश देतीं सीएमओ।

**प्रतियोगिता** — आदित्य भाटी और शांतनु सिंह ने 2-2 विकेट लिए

# सेवा फार्मेसी ने टीएनएम क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित के.पी. सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ सोमवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं तथा ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए दो रोमांचक मुकाबलों में सेवा फार्मेसी और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दिन के पहले मुकाबले में सेवा फार्मेसी ने टीएनएम क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीएनएम क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 18 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। टीम की ओर से कार्तिक यादव ने 28 गेंदों में 63 रन तथा अभिषेक भाटी ने 41 गेंदों में 48 रन की शानदार पारियां खेलीं।

जवाब में सेवा फार्मेसी ने 176 रन के लक्ष्य को मात्र 12.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम की ओर से ज़ैन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में 69 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। टीएनएम क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य भाटी और शांतनु सिंह ने 2-2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए ज़ैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रात्रि में खेले गए दूसरे मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने एसएस इलेवन नोएडा को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस अवसर पर अमित सिंह, बंटी राठौर, विनय, विक्की सक्सेना, संजू, अविनाश, हरिओम, लकी, विनोद, सूर्यकांत, शिवम भारद्वाज, त्रिभुवन, सुल्तान, शावेज, अभिषेक, अखिलेश, वरुण, विजय, हर्ष, अमित, विवेक, ध्रुव, सोनू, सूर्यप्रकाश, हसीन और नन्हे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



टांडा में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

### जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का यंग गोल्ड क्लब बना विजेता

**टांडा।** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए यंग गोल्ड क्लब ने निर्धारित 18 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 59 रन, नावेद रहमानी ने 21 रन, हाफिज नावेद ने 14 रन, तल्हा ने 12 रन बनाए। अतिरिक्त 11 रन बने। मेलबॉर्न क्लब के गेंदबाज, वाजिद अली, नासिर पीटरसन ने नासिर पीटरसन ने दो-दो विकेट, गुड्डू प्रिंस, सरफराज और अदनान ने एक एक विकेट लिया।जीत के लिए मात्र 140 रन बनाने के लिए मेलबॉर्न क्लब की पूरी टीम 14.3 ओवर में मात्र 87 रन बना कर आउट हो गई। बल्लेबाज वाजिद अली ने 35 रन, गुड्डू प्रिंस ने 25 रन, इरशाद गुड्डू ने 9 रन, उवैस ने 6 रन, नवीद जहीर ने 4 रन बनाए। अतिरिक्त 28 रन बने।यंग गोल्ड क्लब के गेंदबाज उस्मान ख्वाजा ने 4 विकेट, तल्हा ने 3 विकेट, इफ्तिखार शेखू ने एक विकेट लिया। यंग गोल्ड क्लब 52 रन से मैच जीत कर टूर्नामेंट चैंपियन बना। मैन ऑफ द मैच और मैच ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार यंग गोल्ड क्लब के उस्मान ख्वाजा को नगर पालिका अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभासद शफीक, नेता अफसर अली, मेरजुल इस्लाम, रईस उर्फ भूरा, नेता तसलीम, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, तौसीफ आलम, ज़ुबैर आलम, वसी खान, कदीर पप्पू, नुरुल हुदा, कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# रेलवे स्टेशन पर कैंसर पीड़ित की मौत

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन पर कैंसर पीड़ित व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए लिंक एक्सप्रेस से हरिद्वार ले जा रहे थे। इसके बाद परिजन शव को अपने साथ इटावा ले गई। सोमवार की सुबह 7 बजे लिंक एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। ट्रेन के जनरल बोगी में इटावा से हरिद्वार जा रहे कैंसर पीड़ित शिव मोहन 50 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश अपने पुत्र सुभाष व मामा बहादुर सिंह साथ रहे। ट्रेन रुकने पर शिवमोहन नीचे उतर कर आरपीएफ थाने के बाहर खड़े हो गए। कुछ देर बाद वह अचानक नीचे गिर गए। यह देख ट्रेन में बैठे उनके पुत्र व मामा दौड़ पर पहुंचे। घटना की सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने उठाने का प्रयास किया तो उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजन उनके शव को घर ले गए।




# फैसला: 11 वर्ष पुराने अपहरण और हत्या कांड में दो दोषियों को उम्रकैद

- 15 लाख की फिरौती मांगने के बाद 10 वर्षीय मासूम की कर दी थी हत्या, पुलिस की प्रभावी पैरवी से मिला न्याय

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**संभल/चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में वर्ष 2015 में हुए चर्चित अपहरण एवं हत्या कांड में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 35-35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

एडीजीसी महेंद्र सिंह कश्यप ने बताया कि 24 फरवरी 2015 को ग्राम इमरतपुर स्योदारा निवासी मानसिंह पुत्र रेवाराम ने थाना कुढ़फतेहगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि उसका 10 वर्षीय पुत्र सोनू 21/22 फरवरी 2015 की रात पड़ोसी सोमपाल के पुत्र विजयपाल के साथ बारात देखने गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका।

इसी दौरान 22/23 फरवरी 2015 की रात वादी के मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। जिसमें अज्ञात व्यक्तियों ने सोनू के अपहरण की बात कहते हुए उसे सकुशल छोड़ने के बदले 15 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। सूचना के आधार पर थाना कुढ़फतेहगढ़ में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस और अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी करते हुए मजबूत साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए।

करीब 11 वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद 9 जून 2026 को न्यायालय एफटीसी-2, मुरादाबाद ने अभियुक्त प्रेमपाल तथा नरेश निवासीगण ग्राम इमरतपुर स्योदारा, थाना कुढ़फतेहगढ़ को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 35-35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। न्यायालय के इस फैसले को पीड़ित परिवार के लिए लंबे इंतजार के बाद मिली न्यायिक राहत माना जा रहा है।

## सार संक्षेप


प्रतियोगिता के उपरांत मौजूद विजेता बच्चे व अकादमी के पदाधिकारी।

### प्रतियोगिता में प्रथम रहे आयुष

**चन्दौसी।** सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा रघुनाथ आश्रम में समर कैंप का आयोजन किया गया जा रहा है। मंगलवार को समर कैंप के तीसरे दिन छोटे-छोटे बच्चों के बीच प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों से कटे हुए तरबूज का रंगों द्वारा चित्रण कराया गया। जिसमें प्रथम स्थान आयुष, द्वितीय स्थान पर पूर्णिमा शर्मा व तृतीय स्थान पर प्रिया रही। विनेश शर्मा ने बच्चों को बताया कि हमें सुबह उठकर सूर्य को नमस्कार करना चाहिए। साथ ही हमें हमेशा सत्य बोलना चाहिए। सत्य बोलने से हमें कभी जीवन में डर नहीं लगेगा। इस अवसर पर अन्नी सबरंग, राजीव रोशन शर्मा, विनय शर्मा, हीरा लाल, ज्ञान प्रकाश, चिंटू, पारुल, मनोज, छुट्टन, प्रमोद गांधी, प्रफुल्ल अग्रवाल, योगेंद्र, रतन, गोपाल, मुकेश आदि मौजूद रहे।

### बाइक को पीछे आ रही बाइक ने मारी टक्कर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड पर गांव तारापुर के पास बाइक को पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव सेदाखेड़ा निवासी राजकुमार पुत्र ताराचंद्र सोमवार की रात बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल पत्नी को बुलाने आ रहा था। जब बाइक सवार रात 9 बजे बदायूं रोड स्थित गांव तारापुर के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राजकुमार घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।


घायल का उपचार करता चिकित्सा कर्मी।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पर डीआईजी व एसपी की कड़ी नजर

## कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी मॉनिटरिंग परखीं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश


कंट्रोल रूम में सीसीटीवी चेक करते डीआईजी व एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती लिखित परीक्षा-2025 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र श्री मुनिराज एवं पुलिस अधीक्षक सम्भल श्री कृष्ण कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी मॉनिटरिंग व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी असमोली डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सम्भल श्री कुलदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सम्भल में 13 केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

9312 अभ्यर्थियों में 7483 ने दी परीक्षा, 1829 रहे अनुपस्थित जनपद सम्भल में उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती लिखित परीक्षा दो पालियों में 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। प्रथम पाली में 4656 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3745 ने परीक्षा दी, जबकि 911 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 4656 अभ्यर्थियों में से 3738 ने परीक्षा में भाग लिया और 918 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 9312 अभ्यर्थियों में से 7483 ने परीक्षा दी, जबकि 1829 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई तथा सभी केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी के व्यापक इंतजाम किए गए।

# भाकियू के कार्यकर्ता व पुलिस परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों में उपजा विवाद

- मौके पर पहुंच आरपीएफ व जीआरपी ने मामला कराया शांत
- लिंक एक्सप्रेस में भीड़ अधिक होने पर पैसेंजर ट्रेन से मुरादाबाद रवाना हुए परीक्षार्थी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन पर लिंक एक्सप्रेस में चढ़ने व बैठने को लेकर किसान यूनियन व पुलिस परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों के बीच विवाद हो गया। जिसमें मामला बढ़ा तो बात मारपीट तक पहुंच गई। घटना की सूचना पर सीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंच गई और हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में मामला शांत करा दिया।

मंगलवार की सुबह लिंक एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। जहां ट्रेन में चढ़ने व सीट पर बैठने को लेकर हरिद्वार शिविर में जा रहे भाकियू के कार्यकर्ता व पुलिस परीक्षा देने मुरादाबाद जा रहे परीक्षार्थियों के बीच कहासुनी के बाद विवाद उत्पन्न होने लगा। कोई भी पक्ष कमजोर न पड़ने पर बात मारपीट तक पहुंच पहुंच गई और शोर शराबा होने लगा। घटना की सूचना पर जीआरपी व आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों को समझाना शुरू कर दिया और मामला शांत कराया। किसानों को हरिद्वार तो परीक्षार्थियों को मुरादाबाद जाना था। भीड़भाड़ होने पर काफी संख्या में परीक्षार्थी ट्रेन में नहीं चढ़ सके। इसके बाद वह अलीगढ़-चन्दौसी-मुरादाबाद पैसेंजर से मुरादाबाद के लिए रवाना हुए। जीआरपी के कार्यवाहक प्रभारी सूरजपाल गंगवार ने बताया कि हरिद्वार में भाकियू का शिविर चल रहा है। वहीं तीन दिन के लिए यूपी पुलिस की परीक्षा भी संपन्न कराई जा रही है। जिससे ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। इसको लेकर रेलवे पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन पर कड़े प्रबंध कर रही हैं।

### सुंदर कांड पाठ के बाद हुआ भंडारा

**चन्दौसी।** मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर पर श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पुजारी ने विधि विधान से सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। जिसमें श्रद्धालु झूमने को विवश हो गए। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुबोध मिश्रा, रेनू, प्रणवी, सुशील रस्तोगी, दीपक रस्तोगी, नवीन रस्तोगी, रुद्रांश रस्तोगी, एसपी गुप्ता, नीरज चौधरी, लक्ष्मी रस्तोगी, रचना, अर्चना, प्रिया आदि मौजूद रहे।


भजन कीर्तन करते भक्त।

### श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**चन्दौसी।** पुरुषोत्तम मास में आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचक शिवानंद शास्त्री महाराज द्वारा किया जाएगा। मंगलवार को कथा से पूर्व महिला द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। शिवालय मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा गोशाला रोड होते हुए पुन: मंदिर पर आकर संपन्न हुई। जिसमें पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, अखिलेश खिलाड़ी, हरीश कुमार शर्मा, अजय जैन, गौरव कुमार, चंद्रसेन, सुनील शर्मा, निपुण शर्मा, संजय बंसल, अभिषेक कुमार गुप्ता, संजय मिश्रा, इंदु रानी, दुर्गा टंडन, सीमा शर्मा, पूनम तिवारी, उमा श्रीवास्तव, नीता पाठक, मंजू शर्मा, शालिनी शर्मा, सुधा शर्मा आदि मौजूद रहीं।


कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** मिशन शक्ति व एंटी रोगमियों टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया। अभियान को लेकर महिला पुलिस कर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चौपाल व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों व महिला संबंधी समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शासन एवं पुलिस विभाग की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। इसके अलावा एंटी रोमियों टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, विद्यालयों व धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व छात्राओं को जागरुक किया। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए गए।


महिला को पंपलेट वितरित करतीं पुलिस।

### एसडीएम ने भ्रमण कर जाना हैंडपंपों का हाल

**चन्दौसी।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष की ओर से शहर में इंडिया मार्का हैंडपंप व वाटरकूलर खराब होने की शिकायत एसडीएम से की थी। मंगलवार को एसडीएम ने नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 में भ्रमण कर इंडिया मार्का हैंडपंप देखे। जो हैंडपंप खराब मिले उन्हें शीघ्र ठीक कराने की बात कही।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा ने भीषण गर्मी व तेज धूप में शहर के खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप की शिकायत एसडीएम नीतू रानी से की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम मंगलवार की शाम वार्ड नंबर 10 पर पहुंची और शिकायत कर्ता व अन्य लोगों के साथ वार्ड नंबर 10 का भ्रमण किया। जिसमें एसडीएम ने सभी हैंडपंपों को स्वयं चलाकर देखा, जो हैंडपंप मौके पर खराब मिले उन्हें फोटोग्राफी कराने के बाद शीघ्र ही ठीक कराने की बात कही। शिकायकर्ता ने एसडीएम से हैंडपंप ठीक करने वाले ठेकेदार की शिकायत भी की है।

# राज्यकर अधिकारियों ने संवाद कर व्यापारियों की समस्याएं सुनी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर मोहल्ला गोपाल में व्यापारी संवाद अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यकर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी व नियमों को समझाकर उनको जागरुक किया। व्यापारियों ने राज्यकर विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि जब अधिकारी समस्याएं सुनते हैं, तब विश्वास का माहौल मजबूत होता है। अधिकारियों ने जीएसटी के नियमों, सर्कुलर, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, पोर्टल संबंधी व मेल आईडी आदि की जानकारी दी।

व्यापारियों ने कहा रिटर्न दाखिल होने के तुरंत बाद नोटिस दे दिया जाए, ताकि कई साल बाद समस्याओं का सामना न करना पड़े। रिटर्न बेरीफाई कर देने के बाद टैक्स आडिट न किया जाए। बैठक में मिले सुझावों को गंभीरता से दर्ज करते हुए उच्च स्तर पर भेजने की आश्वासन दिया गया। संवाद कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि आपसी सहयोग से जीएसटी कर प्रणाली को और अधिक सरल और व्यापारी हितैषी बनाया जा सकता है। उपायुक्त राज्यकर बब्बू यादव, सहायक आयुक्त विजय सिंह, राज्यकर अधिकारी अजय सिंह, व्यापारियों में अरविंद गुप्ता, फूल प्रकाश, गोविंद गर्ग, सुरेश कुमार, अंकित जैन, शीनू गुप्ता, मनोज वार्ष्णेय, संजीव अग्रवाल, आशा बिसारिया, हरिगोपाल, कपिल आदि मौजूद रहे।


व्यापारी संवाद अभियान की बैठक में बोलते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

# रास्ते में रोककर युवक से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

- बहजोई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**बहजोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर शरीफ नगर में रास्ते में रोककर एक युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम फतेहपुर शरीफ नगर निवासी वीरेश पुत्र ह्याली ने थाना बहजोई में दी गई शिकायत में बताया कि 7 जून की सुबह करीब 8 बजे वह अपने भाई अनीश के साथ गांव में जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही इलियास पुत्र इतवारी ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने बिना किसी उचित कारण के उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी।

शिकायतकर्ता का कहना है कि घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, अन्यथा विवाद और बढ़ सकता था। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित और उसके परिजन दहशत में हैं।

पीड़ित द्वारा पुलिस को लिखित तहरीर दिए जाने के बाद थाना बहजोई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी इलियास के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर बढ़ रहे विवाद सामाजिक सौहार्द के लिए चिंता का विषय हैं। वहीं पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### महिला के कानों से सोने के कुंडल तोड़ फरार हुए दो युवक

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र रेलवे परिसर में महिला को रास्ता बताने के नाम पर दो युवकों ने सोने के कुंडल छीन लिए और फरार हो गए। महिला ने थाना जीआरपी पहुंच महिला हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बाबई निवासी भमरा देवी पत्नी महावीर सिंह सोमवार को चन्दौसी क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी निवासी अपनी बहन के आई थी। मंगलवार की सुबह 8 बजे महिला अपने घर जाने के लिए बहन के घर से निकली। जब महिला मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर पहुंची तो वह रास्ता भूल गई। पास ही बैठे दो युवकों से महिला ने संभल की ओर जाने वाले टैंपो की जानकारी की। तो युवकों ने महिला को रेलवे ट्रक से स्टेशन जाने की बात कही। इस पर महिला रेलवे स्टेशन की ओर चल दी। जब महिला पटरी से होते हुए रेलवे स्टेशन जा रही तो जीआरपी बैरक के पास पहुंचने पर उक्त दोनों युवक पहुंच गए और महिला के कानों से सोने के कुंडल छीन लिए और फरार हो गए। घटना के बाद महिला पुन: अपनी बहन के घर लौटी और अपनी भतीजी के साथ जीआरपी थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी। महिला महिला हेल्प डेस्क पर घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

**सराहनीय** राहगीरों व नागरिकों को स्टाल लगाया पिलाया ठंडा शरबत

# व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर व्यापारियों ने ली शपथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिन पूरे प्रदेश में सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इसको लेकर जारई गेट बैठक व शरबत वितरण किया गया। जिसमें तेज धूप व गर्मी से राहत दिलाने को स्टाल लगाकर राहगीरों व नागरिकों को ठंडा शरबत पिलाया गया।

जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि हमारा व्यापार मंडल की एक मात्र ऐसा व्यापार मंडल है जो हमेशा व्यापारियों के सुख-दुख में काम आता है। इसके अलावा व्यापारी हितों के लिए प्रशासन से लेकर शासन तक व्यापारियों की बात रखता है। युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहाकि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूरा जीवन व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई तथा व्यापारियों की सुरक्षा को सरकार से व्यापारिक सुरक्षा प्रकोष्ठ बनवाया। जिससे पूरे प्रदेश में हर माह एएसपी की अध्यक्षता में व्यापारियों की समस्याओं को सुना जाता है और उनका निस्तारण किया जाता है। उनके जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में सेवा संकल्प दिवस मनाया जा रहा है। युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा कि आज युवा व्यापारी तेजी के साथ व्यापार मंडल से जुड़ रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि व्यापारियों के हक के लिए व्यापार मंडल कार्य कर रहा है और व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। शीघ्र ही सदस्य अभियान में तेजी लाई लाएगी। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी व्यापारियों को शपथ दिलाई कि वह भी पूरी निष्ठा लगन के साथ व्यापारियों के हित के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर अनुज वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, वसीम अख्तर, उमेश वार्ष्णेय, मोहम्मद सद्दाम चिश्ती, सुभाष मित्तल, ललतेश वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, सुभाष चंद्र पाल, चिंटू शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, रमेश ग्रेवाल, अमन अंसारी, मोहम्मद अनस, मोहित सक्सेना, उमेर शमसी आदि मौजूद रहे।



सेवा संकल्प दिवस पर शपथ लेते व्यापारी। -जागरण मोर्चा



# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मेडिकल के पीजी स्टुडेंट्स को समझाए एथिक्स

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से न्यू लेक्चर थियेटर-2 में एमडी और एमएस सत्र 2025-26 के नव-प्रवेशित पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टरों के लिए छह दिनी ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ। 29 मई से शुरू होकर दो चरणों में 29-30 मई और 3 से 6 जून तक चले इस अकादमिक कार्यक्रम का उद्देश्य नए रेजीडेंट डॉक्टरों को क्लिनिकल स्किल्स, मेडिकल एथिक्स, रिसर्च और अस्पताल की कार्यप्रणाली से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में मेडिकल एथिक्स, मरीज की गोपनीयता, रिसर्च डिजाइन, बायो-मेडिकल वेस्ट और मेडिकोलीगल मामलों पर भी वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की। इससे पूर्व ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के संग हुआ। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के डीन डॉ. एसके जैन, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मेजर जनरल डॉ. सीके जखमोला, एडिशनल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. वीके सिंह, पैथोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, मेडिकल रिसर्च कमेटी के चेयरमैन प्रो. राजुल रस्तोगी, ऑर्थोपेडिक्स के हेड प्रो. अमित सराफ, कम्युनिटी मेडिसिन की एचओडी प्रो. सपना सिंह, मेडिकल डिप्टी सुपरिंटेंडेंट प्रो. विनम्र तिवारी, फॉरेंसिक विभाग के एचओडी डॉ. प्रमोद दोडे आदि मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने डॉक्टरों के जीवन में कम्युनिकेशन स्किल्स के महत्व पर जोर देते हुए कहा, मरीजों और उनके परिजनों के साथ सही संवाद आधे से ज्यादा तनाव को दूर कर देता है। प्रारम्भ तीन दिनों में हर सत्र के अंत में डॉ. साधना सिंह की ओर से मानसिक शांति और फोकस बढ़ाने के लिए विशेष मेडिटेशन सत्र भी आयोजित किए गए। प्रो. सीमा अवस्थी ने मरीज की स्वायत्तता और डॉ. संजीव चिंचोली ने मरीज की गोपनीयता पर व्याख्यान दिया। इसके साथ ही डॉक्टरों को सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन, मेडिकल रिकॉर्ड्स की सही डॉक्युमेंटेशन और इमरजेंसी कोड्स के बारे में सिखाया गया। डॉ. मनप्रीत कौर तेहलिया और डॉ. विजय प्रताप सिंह ने क्रमशः मेडिकल एथिक्स और इन्फॉर्म्ड कंसेंट के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉक्टरों को लैब और रेडियोलॉजी के मांग पत्र त्रुटिहीन तरीके से भरने की ट्रेनिंग भी दी गई ताकि इलाज में कोई देरी न हो।डॉ. अजय कुमार ने मरीजों के साथ बेडसाइड शिष्टाचार और क्लिनिकल परीक्षण की बारीकियों को समझाया। डॉ. साधना सिंह और डॉ. प्रोबल चटर्जी ने बायो-मेडिकल कचरा प्रबंधन और विसंक्रमण जैसी बुनियादी मगर बेहद संवेदनशील प्रक्रियाओं की जानकारी दी। फार्माकोलोजी के एचओडी प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने फार्माकोविजिलेंस और पर्चा लिखने के सही तरीकों पर विस्तार से चर्चा की।

**ख़ास बातें**

- निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर ने उम्मीद जताई, ये स्टुडेंट्स जूनियर्स के लिए अनुकरणीय बनेंगे
- प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने समझाया कम्युनिकेशन स्किल्स का महत्व
- डॉ. साधना सिंह ने विशेष मेडिटेशन सत्रों में निभाई सहभागिता
- प्रो. सीमा अवस्थी का स्वायत्तता, डॉ. संजीव चिंचोली का गोपनीयता पर व्याख्यान
- लैब और रेडियोलॉजी के मांग पत्र त्रुटिहीन तरीके से भरने की भी ट्रेनिंग
- एथिक्स के संग-संग इन्फॉर्म्ड कंसेंट के विस्तार से बताए कानूनी पक्ष

# मिट्टी की ढांग गिरने से युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मृतक दो भाइयों में छोटा था, तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगीः थानाध्यक्ष**



मृतक का फाइल फोटो।



मृतक के परिजन विलाप करते हुए। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद के जंगल में एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ आदमपुर-सौधन मार्ग के सड़क निर्माण के लिए खेत से मिट्टी उठान का काम चल रहा था।

मंगलवार की सुबह इसी दौरान मिट्टी की भारी ढांग भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे में दबकर आदमपुर निवासी 20 वर्षीय युवक दानवीर पुत्र संतोष की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय मंगलवार की सुबह करीब 8:30 बजे संतोष ट्रैक्टर ट्राली में भरने के लिए खेत के कोने पर फावड़े से मिट्टी हटा रहा था, तभी अचानक ऊपर से मलबे का ढेर गिर गया।घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनंन-फानन में मिट्टी हटाकर युवक को निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

संतोष की महज एक माह 2 दिन पूर्व ही हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्ल वाली डगरोली निवासी मीनाक्षी के साथ शादी हुई थी। इस हृदयविदारक घटना से नवविवाहिता पत्नी और माँ रामवती का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामला संज्ञान में है, तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 28 किलो पॉलिथीन की जब्त कर वसूला 5500 रुपए का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका की टीम पॉलिथीन की चेकिंग करते हुए।

**हसनपुर**। नगर पालिका प्रशासन के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। बाजार में दुकानों से अभियान के अंतर्गत 28 किलो पॉलिथीन जब्त की गई जबकि 5500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

इस दौरान दुकानदारों और अन्य लोगों से प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलिथीन बैग का प्रयोग न करने की अपील की गई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों की टीम ने अभियान चलाया। अभियान की जानकारी होते ही दुकानदार अपने पास से पॉलिथीन को हटाने लगे। चेकिंग में दुकानदारों के पास से 28 किलो पॉलिथीन बैग जब्त की गई। वहीं 5500 रुपए का जुर्माना भी बसूला है। वहीं फिर से पॉलिथीन बैग का उपयोग न करने के लिए चेताया गया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि ग्राहकों से कपड़े का बैग लाने के लिए कहें। फिर से पॉलिथीन या प्रतिबंधित प्लास्टिक पाई गई तो जुर्माना अधिक लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। सभी को इसके उपयोग को बंद करने की जरूरत है। इस दौरान पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

## सार संक्षेप



कथा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

### श्रीमद् भागवत कथा में प्रथम दिन परीक्षित जन्म और सुखदेव का वृत्तांत सुनाया

**हसनपुर**। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एवं उनके परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान कथा में प्रथम दिन कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने लोगों को सुखदेव आगमन की कथा सुनाई। कथा व्यास का शर्मा परिवार के द्वारा स्वागत किया गया। कथा व्यास ने परीक्षित जन्म सुखदेव आगमन की कथा विस्तार से सुनाई। उन्होंने बताया कि पांडवों के पुत्र अर्जुन, अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु, अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा, जो राजा विराट की पुत्री थी। वह अभिमन्यु को ब्याही गई थी। युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अशवत्थामा ने क्रोधित होकर पांच पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया, लेकिन वे पांडव ना होकर द्रोपदी के पांच पुत्र थे। जानबूझकर चलाए गए इस अस्त्र से उन्होंने उत्तरा को अपना निशाना बनाया।अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा उस समय गर्भवती थी। बाण लगने से उत्तरा का गर्भपात हुआ और गर्भपात होने से परीक्षित का जन्म हुआ। कथा के दौरान व्यास जी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से भजन भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर अतुल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा, संजय कुमार शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, सुमन शर्मा, विनोद कुमार सक्सेना सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



भाकियू इंडिया की पंचायत को संबोधित करते हुए गुड्डू प्रधान। -जागरण मोर्चा

### भाकियू इंडिया की पंचायत में भूमि अधिग्रहण का विरोध

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन इंडिया की बैठक में किसान नेताओं द्वारा सरकार द्वारा की जा रही किसानों की भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए कहा कि सरकार किसानों को उनकी भूमि का उचित मुआवजा दे नहीं तो किसान अपनी भूमि नहीं देंगे। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के कुटी दौलतपुर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन इंडिया की एक मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लोकेश विधुडी ने कहा कि तहसील क्षेत्र के सात गांव के किसानों की जमीन सरकार द्वारा ग्रीन गलियारे के नाम पर अधिग्रहण की जा रही है, लेकिन सरकार द्वारा किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा जिससे किसानों में भारी विरोध पनप रहा है। किसानों की सरकार से मांग है कि उचित सर्किल रेट के अनुसार उन्हें उनकी जमीन का मुआवजा दिया जाए। नहीं तो किसान अपनी जमीन नहीं देंगे। इसी के साथ उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जिन किसानों की जमीन ग्रीन गलियारे में आई है।उन किसानों की 20% जमीन हरा चारा बोने के लिए छोड़ी जाए। इसी के साथ पंचायत में किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर भी विचार किया गया। पंचायत की अध्यक्षता गुड्डू प्रधान ने की तथा संचालन लौकेश विधूड़ी ने किया।पंचायत में रामवीर सिंह, शौकीन अली, डालचंद सिंह, संजय सिंह, इमरान, हितेश, कमरुद्दीन, धर्मवीर सिंह, महावीर सिंह, श्री चंद, अंकित, राकेश आदि किसान मौजूद रहे।

### न विभाग की भूमि पर भू-माफिया का कब्जा, 300 बीघा जंगल उजाड़कर उगाई गन्ने की फसल

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी लोकेश कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर हैदलपुर वन विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। आरोप है कि भू-माफियाओं ने सिद्ध बाबा गंगा घाट के सामने करीब 300 बीघा वन विभाग के जंगल को उजाड़कर वहां गन्ने की फसल उगा रखी है। वन अधिकारियों से कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। करीब 20 दिन पहले सर्वे के बाद केवल खानापूर्ति के लिए गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर की दो-चार फेरी लगाई गईं, लेकिन जमीन को पूरी तरह मुक्त नहीं कराया जा सका। मौके पर अभी भी गन्ने की फसल खड़ी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से वन भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वहां तत्काल पौधरोपण व बाउंड्री कराने की गुहार लगाई है।शिकायती पत्र सौंपने के दौरान लोकेश कुमार, नानक सिंह, भास्कर, ओमी सिह, संजीव, रामवीर, तोताराम, टेकचंद आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया प्रसाद का वितरण

**गजरौला**। ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को हनुमान जी की पूजा अर्चना के उपरांत विधायक राजीव तरारा ने राहगीरों को मीठे शरबत व बूंदी प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बड़े मंगलवार का पर्व सेवा, श्रद्धा और जनकल्याण का संदेश देता है। इस दौरान विधायक ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाली की उपलब्धियां गिनाते हुए कल्याणकारी योजनाओं पर रोशनी डाली। कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' की नीति पर काम कर रही है। इस दौरान विधायक ने अपने द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए प्रमुख कार्यों से भी लोगों को रूबरू कराया। इस मौके पर पूर्व विधायक तोताराम, सचिन प्रजापति, मनमोहन सिंह सेन, नवीन गर्ग, संजय गौड़, अमन अग्रवाल, सम्राट अग्रवाल, प्रदीप मित्तल, महकपाल सिंह, सूरज पाल, सत्यपाल पाल, वैभव गोयल, पवन चौधरी, सीताराम कश्यप, गौरव सागर, सुशील सिद्धू, शिवम सैनी, केशव कौशिक, आदित्य गोयल, ईशान अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## 16 से 18 जून तक हरिद्वार में लगेगा भाकियू टिकैत गुट का शिविर

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत नगर की मंडी समिति में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि मध्य गंगा नहर में शीघ्र पानी छोड़ा जाए, जलस्तर नीचे होने से किसान परेशान है 16, 17, 18 जून को हरिद्वार में भाकियू टिकैत गुट के शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। चीनी मिल काला खेड़ा का गन्ने का भुगतान अति शीघ्र किया जाए। किसानों ने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा है कि किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए एवं किसानों की भूमि का सर्किल रेट बढ़ाया जाए। छुट्टा पशुओं से किसानों की फसलो को बचाने के लिए छुट्टा पशुओं को गौशाला भिजवाया जाए। बैठक की अध्यक्षता सागर सिंह ने की तथा संचालन काले सिंह ने किया।

# गोश्त लदी गाड़ी चक रोड में फंसी, चालक गाड़ी छोड़कर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार के पास एकत्र ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। थाना क्षेत्र के एक गांव की चक रोड में गोश्त से भरी कार फस गई, चालक कार को मौके पर छोड़कर भाग गया, बदबू के चलते किसान कार के पास पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को लेकर थाने आ गई, वहीं थाना अध्यक्ष ने जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही हैं। थाना सैद नगली क्षेत्र के भदौरा सहेलियां लिंक मार्ग पर उस समय सनसनी फैल गई।जब खेतों पर काम करने वाले किसानों को बदबू के कारण खेतों में रुकना मुश्किल हो गया, खेत पर काम कर रहे किसान ने जब देखा की बदबू कार में से आ रही है तो वह कार के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कार में गोश्त भरा हुआ है, जिसकी सूचना उनके द्वारा थाना पुलिस को दी गई थाना पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर आई और कार को कब्जे में लेकर थाने ले आई। वहीं पुलिस द्वारा कार का शीशा तोड़ा गया तो कार में एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। राष्ट्रीय सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक पंडित कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि गोश्त से भरी कार चकरोड रोड में फस गई थी। जिसके चलते तस्कर कार को छोड़कर फरार हो गए हैं। थाना अध्यक्ष संजय प्रताप द्वारा बताया गया की गाड़ी में गोश्त भरा होने की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है।

# गंगा में डूबे दो युवक, बुलंदशहर क्षेत्र के गंगा घाट पर हुआ हादसा, तलाश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



गंगा किनारे एकत्र ग्रामीण व गंगा में तलाश करते हुए गोताखोर। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी दो युवक बुलंदशहर क्षेत्र में गंगा घाट पर नहाते समय गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव डाकेवाली डगरोली निवासी मनोज और यशपाल मंगलवार दोपहर अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए थे। पहले सभी युवक रहरा क्षेत्र के गंगानगर पुल पर पहुंचे, लेकिन वहां मना करने पर वह बुलंदशहर जिले के भगवानपुर गांव के निकट स्थित गंगा घाट पर चले गए और वहां नहाने लगे, नहाते समय अचानक मनोज और यशपाल का पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथियों के शोर मचाने पर जब तक लोग पहुंचते तब तक दोनों युवक गंगा के पानी में डूब कर समा गए थे। साथी युवकों ने गांव में फोन पर सूचना दी तो भारी संख्या में ग्रामीण गंगा घाट पर पहुंच गए। बाद में सूचना पर तहसील प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से गंगा के गहरे पानी में युवकों की तलाश की जा रही है लेकिन अभी युवकों का पता नहीं लगा सका है।उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल बुलंदशहर क्षेत्र में होने के कारण स्थानीय प्रशासन के समन्वय से गोताखोरों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

**मांग** भूमि सरकारी अथवा सार्वजनिक उपयोग की है तो इसकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए

# लाजपत नगर स्थित सरकारी भूमि पर कथित अवैध निर्माण के विरुद्ध राष्ट्रीय बजरंग दल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद**। राष्ट्रीय बजरंग दल, जनपद मुरादाबाद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आज माननीय जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपकर लाजपत नगर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर हुए कथित अवैध धार्मिक निर्माण एवं अतिक्रमण के संबंध में निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि संगठन द्वारा पूर्व में भी इस विषय पर दो बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, किंतु अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही सामने नहीं आई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार उक्त सरकारी भूमि पर पहले एक ज़ियारत का निर्माण किया गया, तत्पश्चात वहां मदरसा संचालित किया गया और वर्तमान में मस्जिद का निर्माण किया जा चुका है। संगठन का कहना है कि यदि यह भूमि सरकारी अथवा सार्वजनिक उपयोग की है तो इसकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए।

राष्ट्रीय बजरंग दल ने जिलाधिकारी महोदय से चार प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें भूमि अभिलेखों की निष्पक्ष जांच एवं सत्यापन, अवैध निर्माण पाए जाने पर विधिसम्मत कार्यवाही, दोषी व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पूरे प्रकरण की समयबद्ध जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग शामिल है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि "राष्ट्रीय बजरंग दल किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण या सरकारी भूमि के दुरुपयोग के विरुद्ध सदैव आवाज उठाता रहा है। हमारा उद्देश्य किसी समुदाय विशेष का विरोध नहीं, बल्कि कानून के शासन एवं सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। यदि लाजपत नगर की उक्त भूमि पर नियमों के विपरीत निर्माण हुआ है तो प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर कठोर एवं वैधानिक कार्यवाही करनी चाहिए। हम अपेक्षा करते हैं कि शासन एवं प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय करेगा। यदि लंबे समय तक जनभावनाओं की उपेक्षा की जाती है तो राष्ट्रीय बजरंग दल लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।"

**ज्ञापन देने वालों में यह रहे मौजूद**

ज्ञापन कार्यक्रम में संगठन के सुरेश गुप्ता, शरद रस्तोगी, विजय शर्मा, इशांक भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, जतिन प्रजापति, सुशांत गुप्ता, रमेश प्रजापति, अनुज आर्य, गोविंद सिंह, रोहित कश्यप अभिषेक सैनी गौतम मोनू शिवम सुंदर अजय बंश बिशु ललित हर्षित अनुराग सुमित रवि अजय बंश बिशु ललित हर्षित अनुराग, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले में पारदर्शिता बनाए रखते हुए जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए ताकि क्षेत्रवासियों का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

# राज्य कर विभाग का व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित, व्यापारियों की समस्याएं सुनी गई

जागरण मोर्चा कार्यालय



राज्य कर व्यापारी संवाद में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**वजीरगंज।** नगर के हतरा मार्ग स्थित श्री वार्ष्णेय धर्मशाला में राज्य कर विभाग, बदायूं द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे अधिकारियों ने व्यापारियों को कर सम्बन्धी जानकारियाँ दी।कार्यक्रम में नगर के सर्राफा, वस्त्र भंडार, किराना समेत विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "जीएसटी 2.0 सुधार : सम जीवन का आधार" के अंतर्गत कर योग्य दैनिक एवं आवश्यक उपयोग की अनेक वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में कमी की गई है अथवा उन्हें करमुक्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र से संबंधित आवश्यक वस्तुओं को करमुक्त किया गया है। चिकित्सा क्षेत्र में आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं को भी करमुक्त किया गया है। स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर लगने वाले सेवा कर को समाप्त किए जाने की जानकारी दी गई। इसके अलावा कृषि क्षेत्र से संबंधित उपकरणों एवं उर्वरकों पर जीएसटी की दरों में कमी अथवा करमुक्त किए जाने तथा ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी कर दरों में कमी किए जाने की जानकारी व्यापारियों को दी गई। उन्होंने कहा कि विभिन्न वस्तुओं पर कर दरों में कमी आने से वस्तुओं की कीमतों में राहत मिली है और अंतिम उपभोक्ता का जीवन अधिक सुगम हुआ है।

इस अवसर पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत वजीरगंज के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। विजय कुमार सोनी उपायुक्त खंड एक बदायूं डॉ संजीव पाठक उपायुक्त खंड दो बदायूं दिव्य प्रकाश सिसोदिया सहायक आयुक्त खंड2 आकांक्षा पांडे सहायक आयुक्त खंड एक मोहम्मद जीशान सहायक आयुक्त खंड 3 अनिल कुमार शर्मा राज्य कर अधिकारी खंड एक जीएसटी परिवार से आए हुए अन्य लोग आलोक सचिन गौरव कुमार जमशेद अख्तर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में दीपांशु अग्रवाल सुनील कुमार अग्रवाल कैलाश चंद्र अग्रवाल अग्रवाल कोकेश वार्ष्णेय गोपेश वार्ष्णेय सुमित कुमार गुप्ता अंकित वार्ष्णेय सुयश वार्ष्णेय सुमित वार्ष्णेय सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### 28 जून तक करें मत्स्य योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन

**बदायूं।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने जनसामान्य को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना के अंतर्गत लाभ लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 08 जून से 28 जून 2026 तक विभागीय पोर्टल fisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। संबंधित योजनाओं की इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही यदि भविष्य में योजनाओं में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रावधान ही मान्य होंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन, बदायूँ के कक्ष संख्या-325 में संपर्क कर सकते हैं

### सपा की बूथ स्तरीय बैठक, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बनी रणनीति


कार्यक्रम में मौजूद सपा के कार्यकर्ता व नेता। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी की बिसौली विधानसभा क्षेत्र की एक बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक बुद्धा उपवन में आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी व उत्तर प्रदेश विधानसभा प्रभारी अनीस राजा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, सरकार बनाने का रास्ता उतना ही सरल होगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए हर कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने बूथ प्रबंधन को चुनाव जीतने की कुंजी बताया। इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार सतीश प्रेमी, पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी, प्रदेश सचिव राजेंद्र गुरुजी, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डा. आस मो. विनीत कुमार, सविता ठाकुर, विकास सिंह, बादल प्रजापति, विजय बहादुर वर्मा, सुरेंद्र सागर, भूपेंद्र दिवाकर, सूरजपाल, बादाम सिंह यादव, प्रधान रामबाबू यादव, चंद्रकेश यादव पूर्व प्रधान, जयपाल सिंह, कल्याण सिंह, मुनेंद्र सिंह यादव, ठाकुर सुदेश सिंह, फूल सिंह, नेमपाल सिंह, बब्लेश, जुगल किशोर गुप्ता, कृष्ण वीर सिंह यादव, ठाकुर तेजवीर सिंह, ठाकुर सुबोध सिंह, रामवीर सिंह यादव, अमरनाथ वर्मा, संजीव यादव, रूपा यादव, पूर्व विधायक लक्ष्मी गौतम, मोहित शर्मा, एड. केपी सिंह राना, एड. विवेक यादव, एड. इकरार अहमद, एड. कपिल सिंह, गौरव जाटव, पंकज यादव, विकास यादव, कैलाश यादव, जितेंद्र यादव, मोर सिंह पाल, के.के. पाल, रामबाबू जाटव, रामदुलार लोधी, खेमवीर सिंह, रविंद्र यादव, मशरूम मास्टर, भुवनेश जाटव, ठाकुर होराम सिंह समेत पार्टी के जोन प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।

# पीएमएसएमए के 10 वर्ष पूर्ण: जिले में 25 स्वास्थ्य इकाइयों पर लगे विशेष शिविर

## 3810 गर्भवती महिलाओं का किया गया परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम का निरीक्षण करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पी.एम.एस.एम.ए.) के सफल संचालन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को जनपद बदायूँ में व्यापक स्तर पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिले की 25 राजकीय स्वास्थ्य इकाइयों पर आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन शिविरों में कुल 3810 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 308 महिलाओं में उच्च जोखिम गर्भावस्था (एच.आर.पी.) की पहचान की गई, जिन्हें आगे की विशेष निगरानी और उपचार के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त 680 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे गर्भस्थ शिशु और मातृ स्वास्थ्य की स्थिति का समुचित आकलन किया जा सके।

इस विशेष अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां प्रतिभाग करने वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाएं दी गईं। जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ में आयोजित कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मंडल, बरेली ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापरक प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराना है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में इस अभियान ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने शिविरों के सफल संचालन में योगदान देने वाले चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा आशा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही यह अभियान जमीनी स्तर पर प्रभावी बन पाया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएचईआईओ, डीपीएम, डीसीपीएम, डीएमएचसी, डीयूएचसी एवं अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग की कथित मिलीभगत से सील अस्पताल फिर हुआ संचालित, उठे बड़े सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

> सील किए गए अस्पताल को संचालित किए जाने जैसी कोई शिकायत कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है। अगर वास्तव में ऐसा हुआ है तो बहुत गलत है। मामले की जांच करके संबंधित दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
> -विकास शर्मा, सीएमओ बदायूं

**बदायूं।** जिले में अवैध अस्पतालों और जच्चा-बच्चा केंद्रों के खिलाफ चलाए जा रहे प्रशासनिक अभियान के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कुछ समय पूर्व स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा सील किया गया सहसवान कस्बा स्थित सेवा अस्पताल दोबारा संचालित होता दिखाई देने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों ने सीएमओ कार्यालय के एक बाबू पर मोटी रकम लेकर अस्पताल संचालित करने का आरोप लगाया है।

लोगों का कहना है कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर सेवा अस्पताल को सील कर दिया था। उस समय अधिकारियों ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने का दावा भी किया था। लेकिन अब स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल पुनः खुल गया है और मरीजों का इलाज किया जा रहा है। क्षेत्र में चर्चा है कि बिना उच्च अधिकारियों की अनुमति और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी हुए अस्पताल का दोबारा संचालन कैसे शुरू हो गया। इसे लेकर लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की कथित मिलीभगत पर सवाल उठाए हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि अस्पताल में कमियां थीं और उसे सील किया गया था, तो उन कमियों को दूर किए बिना दोबारा संचालन की अनुमति कैसे मिल गई। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या सांठगांठ सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। गौरतलब है कि प्रशासन लगातार अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाने का दावा कर रहा है, लेकिन सील किए गए अस्पताल के पुनः खुलने की चर्चाओं ने पूरे अभियान की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

# ट्रांसफर नीति ठंडे बस्ते में, सीएचसी पर वर्षों से जमे चिकित्साधीक्षक; स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

> अभी कुछ ही समय जिले में आए हुए हुआ है। शासनादेश के अनुसार ट्रांसफर नीति लागू की जाएगी। तीन साल से अधिक जमे हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रांसफर नीति के तहत स्थानांतरित किया जाएगा। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> -विकास शर्मा, सीएमओ बदायूं

**बदायूं।** जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर वर्षों से जमे चिकित्साधीक्षकों और कर्मचारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन द्वारा वर्ष 2025 में लागू की गई स्थानांतरण नीति का जिले में कोई प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है। कई सीएचसी पर अधिकारी और कर्मचारी पांच-पांच वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जिससे न केवल कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है, बल्कि आम जनता को भी समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

जानकारी के अनुसार वजीरगंज, दातागंज, समरेर, बिनावर, ककराला समेत कई सीएचसी पर चिकित्साधीक्षक लंबे समय से जमे हुए हैं। शासनादेश के अनुसार एक निश्चित अवधि के बाद अधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य किया गया था, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और कार्यकुशलता में सुधार हो सके। लेकिन जिले में इस नीति को नजरअंदाज कर दिया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती के कारण कई जगहों पर मनमानी बढ़ गई है। सीएचसी पर डॉक्टरों की कमी, दवाओं का अभाव और अव्यवस्थित व्यवस्था आम समस्या बन गई है। मरीजों को प्राथमिक उपचार तक के लिए भटकना पड़ रहा है, जबकि कई बार उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। हालांकि हाल ही में जिले में नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के आगमन के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि अब स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा। लोगों को आशा है कि नए सीएमओ शासनादेश का पालन सुनिश्चित करेंगे और लंबे समय से जमे अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण कर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मुद्दे को कितनी प्राथमिकता देता है और क्या वास्तव में ट्रांसफर नीति को लागू कर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जा सकेगा या फिर यह मामला भी अन्य योजनाओं की तरह कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

# ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कराएगा 44 लाख से सड़क और नाली निर्माण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) की ओर से आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत विभाग शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क व नाली निर्माण कार्य कराएगा। विभाग की ओर से निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) शहर के मोहल्ला नेकपुर में डीएम रोड से जगदीश के घर तक सवा आठ लाख रुपये से सीसी रोड का निर्माण कराएगा। इसके अलावा मोहल्ला पटियाली सराय कूचीनीम में मुख्य रोड से अमित के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण कराया जाएगा। इससे शहर के लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। बरसात के दौरान जलभराव और खराब रास्तों की समस्या को देखते हुए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

इसके अलावा कादरचौक विकासखंड के गांव पसेई में 32.61 लाख रुपये इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण की स्वीकृति भी मिल गई है। लंबे समय से ग्रामीण इन कार्यों की मांग कर रहे थे। अधिशासी अभियंता राजेश कुमार का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। विभाग का दावा है कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सड़क और जल निकासी की सुविधा मिल सके।

# सपा जिला अध्यक्ष ने आरक्षण में कटौती का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय


सपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते जिला अध्यक्ष आशीष यादव। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष यादव ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में प्रदेश की सरकारी भर्तियों में पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के आरक्षण में कथित कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच हुई कई भर्तियों में आरक्षण नियमों का सही ढंग से पालन नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस कथित अनियमितता के कारण हजारों अभ्यर्थी अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित रह गए। विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़े दस्तावेजों और उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि कई विभागों की भर्तियों में आरक्षित पदों की संख्या कम की गई है।

जिलाध्यक्ष के अनुसार लेखपाल भर्ती में 960, कृषि प्राधिकरण सहायक भर्ती में 434, कनिष्ठ सहायक कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक-3 की भर्ती में 300, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में 232,नेत्र परीक्षा अधिकारी भर्ती में 47, आंसू लिपिक भर्ती में 37 तथा प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती में 34 पदों की कटौती की गई। उन्होंने विशेष रूप से लेखपाल भर्ती का जिक्र करते हुए बताया कि कल 7954 पदों में से पीडीए वर्ग को नियमानुसार लगभग 3997 पद मिलने चाहिए थे हालांकि केवल 3037 पद ही आरक्षित किए गए, जिससे पीडीए वर्ग के 960 पदों पर भर्तियों का हक प्रभावित हुआ।

सपा जिलाध्यक्ष ने कहा की भर्ती विज्ञापन जारी होने के बाद समाजवादी पार्टी और छात्र संगठनों के विरोध के चलते सरकार को संशोधित अधिसूचना जारी करनी पड़ी थी।

उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। इस अवसर पर शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव, सहसवान विधायक बृजेश यादव, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह दद्दा,वरिष्ठ नेता फकरे अहमद शोबी,सुनीता पाल, सुरेश पाल सिंह चौहान, बलवीर सिंह यादव और आमिर सुल्तानी सहित कई नेता मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत,पुलिस ने शुरु की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र में बरेली-बदायूं मार्ग पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

कासगंज जिले के थाना सोरों के गांव चंदपुरा गऊपुरा निवासी रामनिवास ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा राघवेंद्र सोमवार को बाइक से बरेली स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह बिनावर क्षेत्र में बरेली-बदायूं मार्ग पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा,तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उसका बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जॅद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मम्कवी शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध / सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

दबंगई — गैंग के सदस्य बाइक सवारों को फर्जी कागजात दिखाकर किस्त बकाया होने का डर दिखाकर करते हैं जबरन वसूली

# ओरछी चौराहे पर फर्जी फाइनेंस गैंग सक्रिय, बाइक सवारों से अवैध वसूली

जागरण मोर्चा कार्यालय


ओरछा चौराहे के पास बाइक सवारों को रोकने के लिए बैठे गैंग के सदस्य।

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे पर इन दिनों एक फर्जी फाइनेंस गैंग के सक्रिय होने से दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस पिकेट से महज कुछ दूरी पर सक्रिय यह गिरोह खुद को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर राह चलते बाइक सवारों को निशाना बना रहा है। गैंग के सदस्य बाइक सवारों को रोककर फर्जी कागजात दिखाते हैं और किस्त बकाया होने का डर दिखाकर जबरन वसूली करते हैं।

बताया जाता है कि 4-5 लोगों का यह गिरोह सुनसान स्थानों पर अकेले बाइक चालकों को घेर लेता है। उनसे कहा जाता है कि उनकी गाड़ी की किस्त बकाया है और वाहन जब्त कर लिया जाएगा। घबराए लोगों से दो हजार से लेकर दस हजार रुपये तक की मांग की जाती है। विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और यहां तक कि जान से मारने की धमकी दी जाती है, साथ ही बाइक की चाबी छीन ली जाती है।

सूत्रों के अनुसार, गैंग ने पिकेट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर अपना ठिकाना भी बना रखा है। जबकि भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार कोई भी अधिकृत एजेंट बिना वैध पहचान पत्र, प्राधिकरण पत्र और लोन विवरण के वसूली नहीं कर सकता तथा सड़क पर नकद वसूली पूरी तरह प्रतिबंधित है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोग भी इस गिरोह का शिकार हो रहे हैं। कस्बावासियों ने पुलिस से मांग की है कि ऐसे फर्जी गैंग के खिलाफ वसूली, धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

### अब तक हो चुकी घटनाएं

- एक निजी कंपनी में कार्यरत युवक को ऑफिस जाते समय रोका गया और 5 हजार रुपये वसूले गए।
- एक शिक्षक से स्कूल जाते वक्त 3 हजार रुपये छीन लिए गए और विरोध करने पर मारपीट की गई।
- एक डिलीवरी बॉय को घेरकर 2 हजार रुपये देने के लिए मजबूर किया गया, अन्यथा गाड़ी जब्त करने की धमकी दी गई।

# युवाओं का अदम्य साहस, अद्भुत शक्ति, रचती है नया इतिहास : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शीतलाखेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में चल रहे नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप और एडवेंचर कैंप में स्काउट ने प्रकृति के नजदीक रहकर विभिन्न औषधियों के गुणों जाना। एडवेंचर में जमकर हिस्सा लिया और ग्रांड कैंप फायर में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

प्रदेश स्तरीय ग्रांड कैंप फायर के मुख्य अतिथि पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं का अदम्य साहस, अद्भुत शक्ति नया इतिहास रचने की सामर्थ्य रखते हैं। उन्होंने कहा प्रकृति जीवन जीना सिखाती है, एडवेंचर उमंग, उत्साह भरते हैं, हिम्मत देते हैं।

कैंप के लीडर आफ द कोर्स एएसओसी जय प्रकाश दक्ष ने कहा कि श्रेष्ठ चिंतन और पवित्र आचरण व्यक्तित्व को निखारता है। मिर्जापुर ट्रेनिंग काउंसलर चंद्र प्रकाश प्रजापति ने कहा कि बच्चे हिम्मत न हारें, धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ें। शीतलाखेत केंद्र प्रभारी त्रिवेंद्र कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडवेंचर प्रोग्राम लीडर आफ द कोर्स मोहित कुमार, एडवेंचर इंस्टेक्टर सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सहारनपुर व मेरठ मंडल अमित सैनी, डीटीसी आनंद मालियान, सुरेश बिंद ने स्काउट गाइड को साहसिक एडवेंचर कराये। इस मौके पर कुशीनगर डीओसी सतीश श्रीवास्तव, डीटीसी कुशीनगर एमके खान, भदोही डीओसी नागेश, गाजीपुर डीओसी दिनेश कुमार, दिनेश यादव, वाराणसी डीओसी रामेश्वरी वर्मा, लाल बहादुर पटेल, रोहित गुप्ता, जीवन गोला, फरदीन अहमद, अरहम खान, अरशद खान आदि मौजूद रहीं। संचालन वाराणसी डीओसी विष्णु विश्वकर्मा ने किया।

# सम्पादकीय

## आखिर इंडिया गठबंधन की बैठक के राजनीतिक मायने क्या हैं? समझिए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार की नीतियों, विदेश नीति और मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जबकि विपक्षी दलों ने संसद और सड़क दोनों स्तरों पर समन्वित आंदोलन चलाने तथा राष्ट्रीय मुद्दों पर साझा रुख अपनाने पर चर्चा की। विगत दो-तीन वर्षों में कांग्रेस की सियासी विसात पर अपना अपना-सबकुछ लुटा-पिटा देने के बाद इंडिया गठबंधन के सहयोगियों की जो "नई दिल्ली बैठक" हुई, उसके राजनीतिक मायने कांग्रेस के लिए बेहद फायदेमंद साबित हुए। क्योंकि इस बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आवाज ध्यान से सुनी गई और उनके नेतृत्व को तथा उनकी पार्टी को गाहे-बगाहे चुनौती देने वाले क्षेत्रीय दलों के सुरमा भोपाली नेता दबी जुबान में अपनी भावना प्रकट करने को अभिशप्त हुए। खासकर नेशनल कांफ्रेंस के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, सपा प्रमुख अखिलेश यादव को छोड़कर। इसलिए यह बैठक केवल एक नियमित विपक्षी बैठक तक सीमित नहीं रही, क्योंकि यह बैठक ऐसे समय हुई, जब कई सहयोगी दलों और कांग्रेस के बीच मतभेदों की बढ़ती-घटती खबरें सामने आई थीं, इसलिए इसके संदेश पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, 8 जून को इंडिया गठबंधन की बैठक में लगभग 23 दलों के राजनेता शामिल हुए। बैठक में विपक्षी दलों ने अपनी एकजुटता दिखाने और आगे की राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, बैठक में लगभग 23 विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।जिनमें मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सुप्रिया सुले के अलावा प्रमुख वामपंथी दलों के अनेक नेता उपस्थित रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार की नीतियों, विदेश नीति और मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जबकि विपक्षी दलों ने संसद और सड़क दोनों स्तरों पर समन्वित आंदोलन चलाने तथा राष्ट्रीय मुद्दों पर साझा रुख अपनाने पर चर्चा की। साथ ही, 2029 लोकसभा चुनाव की तैयारी, विपक्षी एकता और गठबंधन के भविष्य की दिशा भी बैठक के एजेंडे में शामिल रही। बैठक के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सवाल पर मंथन हुआ। फिर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संयुक्त रणनीति बनाई गई और संसद में विपक्षी दलों के बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों के बीच तालमेल और राजनीतिक सहयोग होने की पुष्टि की गई।

वहीं, इस बैठक की कतिपय चुनौतियां भी सामने आईं, क्योंकि जहां तमिलनाडु में सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस से नाराजगी होने के चलते इस बैठक से दूरी बनाई, जिससे गठबंधन के भीतर मतभेदों की चर्चा तेज रही। वहीं, आप के सुप्रीमो अरबिंद केजरीवाल की अनुपस्थिति भी चर्चा में रही। जबकि कुछ अन्य सहयोगी दलों की भूमिका और भागीदारी को लेकर भी सवाल बने रहे।

जहां तक इंडिया गठबंधन की इस बहुप्रतीक्षित बैठक के राजनीतिक मायने की बात है तो यह बैठक लोकसभा चुनाव 2024 के बाद विपक्ष की सबसे महत्वपूर्ण गैर-संसदीय बैठकों में से एक मानी जा रही है। जिसके माध्यम से विपक्ष ने संदेश देने की कोशिश की कि मतभेदों के बावजूद भाजपा के खिलाफ साझा मंच अभी कायम है। पहला, गठबंधन अभी समाप्त नहीं हुआ हैः सबसे बड़ा संदेश यही रहा कि तमाम मतभेदों, चुनावी झटकों और सहयोगी दलों की नाराजगी के बावजूद विपक्षी दलों ने एक साझा मंच बनाए रखने का निर्णय लिया। 23 दलों की भागीदारी ने कांग्रेस को यह कहने का अवसर दिया कि गठबंधन अभी भी प्रासंगिक है। दूसरा, 2029 की तैयारी अभी से शुरू हो गईः बैठक का प्रमुख उद्देश्य केवल वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया देना नहीं था, बल्कि 2029 लोकसभा चुनाव के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करना भी था। विपक्ष भाजपा के विरुद्ध एक व्यापक राष्ट्रीय नैरेटिव गढ़ने की कोशिश में दिखा। तीसरा, कांग्रेस फिर से समन्वयक की भूमिका मेंः बैठक से यह संकेत मिला कि कांग्रेस गठबंधन की धुरी बनी रहना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी एकता पर जोर दिया और केंद्र सरकार के विरुद्ध साझा संघर्ष का आह्वान किया। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि इस बैठक का बिहार की राजनीति पर प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि राजद नेता तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय मंच मिला। मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि वे केवल बिहार तक सीमित नेता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विपक्ष के प्रमुख चेहरों में शामिल हैं। वहीं, बिहार चुनाव में विपक्षी एकता का संदेशभी गया। ऐसे में यदि कांग्रेस, राजद और वाम दल तालमेल बनाए रखते हैं तो बिहार में खिलाफ विपक्षी चुनौती अपेक्षाकृत मजबूत रह सकती है। वहीं, जाति और सामाजिक न्याय की राजनीति को भी बल मिला। क्योंकि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पिछले कुछ समय से सामाजिक न्याय, जातीय गणना और प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों को साथ उठाते रहे हैं। बैठक से संकेत मिला कि यह विपक्ष का प्रमुख राजनीतिक एजेंडा बना रह सकता है। जहां तक 2029 के लोकसभा चुनाव पर संभावित प्रभाव की बात है तो इसका सकारात्मक पक्ष यह रहा कि भाजपा के विरुद्ध एक साझा राष्ट्रीय मंच बना रहता है। वहीं, संसदीय मुद्दों पर समन्वय बढ़ सकता है। साथ ही क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के बीच संवाद कायम रहने की संभावना बनी रहती है। वहीं, जहां तक चुनौतियों की बात है तो सीट बंटवारा सबसे बड़ी समस्या रहेगा। क्योंकि कई राज्यों में सहयोगी दल एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी हैं।

# तेजी से बदल रहा है बंगाल



■ अवधेश कुमार

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी सरकार द्वारा सत्ता संभालने के अल्पकाल में ही स्पष्ट बदलाव दिख रहा है। ऐसा लगता है कि केवल ममता सरकार की विचारधारा और दिशा के बिल्कुल उलट शुभेंदु सरकार ने यू टर्न ही नहीं लिया बल्कि सारे कील कांटों को उखाड़ते, ध्वस्त करते तीव्र गति से शासन की गाड़ी वहां पहुंच रही है जहां से बंगाल शांत और स्थिर हो सामान्य राज्य के रूप में गतिविधियों का निर्धारण करें। शुभेंदु सरकार ने कुछ फैसले किए तथा कुछ प्रभाव में ही परिवर्तन आ गया। इनमें केवल केंद्रीय योजनाओं को लागू करना ही नहीं है। आप चाहे भाजपा के जितने आलोचक हों क्या किसी ने कल्पना की थी कि सरकार आने के हफ्ते भर के अंदर ही राज्य से टीएमसी द्वारा लगाए अवैध टोल बूथ हट जाएंगे, बैरिकेड समाप्त हो जाएंगे, हफ्ते वसूली का धंधा खत्म हो जाएगा...? यह हो गया। ममता ने स्वयं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चिंता प्रकट करते हुए रात में न निकलने का आग्रह किया था। सरकार बदलते ही बंगाल अपने स्वभाव, संस्कृति और चहल-पहल में वापस दिख रहा है। महिलाएं देर रात आती- जाती दिखाई दे सकती है। सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कोलकाता समेत कई जिलों में रात की पुलिस पेट्रोलिंग काफी बढ़ा दी गई है। आम प्रतिक्रिया देख लीजिए सोशल मीडिया से लेकर मुख्य मीडिया में लोग लिख रहे हैं कि अब सरकार बदली है ऐसा महसूस हो रहा है। बकरीद के दिन वर्षों बाद सड़कों की बजाय मैदानों और मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई।

किसी सरकार की दिशा का संकेत होता है और अगर वैचारिक और प्रशासनिक दिशा स्पष्ट हो, उनके प्रति प्रतिबद्धता और व्यवहार में प्रखरता हो तो उसका इकबाल कायम होता है। चुनाव परिणाम के तुरंत बाद ऐसा लग रहा था मानो बंगाल को संभालना कठिन होगा। कुछ ही दिनों में ऐसा लगने लगा मानो यह वो बंगाल है ही नहीं जिसे हम 4 मई के चुनाव परिणाम के पूर्व या उसके दो चार दिनों बाद तक देख रहे थे। कोलकाता से आसनसोल तक अवैध निर्माण के विरुद्ध बुलडोजर कार्रवाई का आक्रामक हिंसक विरोध पूर्व सरकार की तस्वीर पेश कर रहा था। पत्थरबाजी भी हुई। उसके बाद क्या हुआ यह महत्वपूर्ण है। फुटेज से पत्थरबाजों और दंगाइयों के चेहरे पहचान कर कार्रवाई हो रही है तथा पुलिस ने लाउडस्पीकर से ऐलान कर दिया कि जिन लोगों ने हिंसा और तोड़फोड़ की है उनकी संपत्ति से इसकी वसूली की जाएगी। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने हिंसक प्रदर्शनकारियों और दंगाइयों के विरुद्ध यही नियम अपनाया और उसके परिणाम काफी हद तक सकारात्मक आए। बंगाल में इसकी कल्पना ही नहीं थी जो सामने है।



भाजपा ने चुनाव अभियान में कानून और व्यवस्था कायम करने, महिला सुरक्षा, अवैध घुसपैठ रोकने, घुसपैठियों को बाहर निकालने, सीमा सुरक्षा एवं अंतरिक्ष सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करने, तुष्टिकरण की समाप्ति एवं हिंदुओं के साथ हुए अन्याय का परिमार्जन, भ्रष्टाचार का अंत, प्रदेश को विकास एवं सांस्कृतिक गरिमा की पटरी पर वापस लाने आदि वायदे किए थे। मुख्यमंत्री का पदभार संभालते ही शुभेन्दु ने बांग्लादेश की सीमा पर घेराबंदी के लिए सीमा सुरक्षा बल को भूमि सौंपने का आदेश दिया जिसे 45 दिनों में पूरा हो जाना है। 450 किलोमीटर ऐसे क्षेत्र हैं जहां घेरा लगाना बाकी है उसकी जमीन मिली नहीं। यह काम मिनटों में हो गया। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला नेशनल हाईवे 10 और नेशनल हाईवे 110 के सात हिस्से केंद्र सरकार को सौंपना है। इनमें से पांच चिकन नेक या सिलीगुड़ी गलियारा से गुजरते हैं। चिकन नेक का 120 किलोमीटर इलाका पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को भारत के साथ जमीन से जोड़ता है। यह बांग्लादेश, नेपाल, भूटान तीन देशों से लगता है और चीन भी यहां से निकट है। चिकन नेक कट जाए तो पूर्वोत्तर से भारत का सीधा जमीनी संपर्क खत्म हो जाएगा। दिल्ली दंगों के आरोपी सरजिल इमाम को उच्चतम न्यायालय ने आज तक जमानत इसीलिए नहीं दी कि उसने मुसलमानों के द्वारा चिकन नेट काट कर भारत को खंडित करने की बात की थी। संयोग से उस पूरे क्षेत्र में भारत के अंदर बंगाल और बिहार दोनों और मुसलमानों की आबादी राष्ट्रीय औसत से अधिक है तथा दूसरी और बांग्लादेश है। मुस्लिम आबादी को भड़का कर चिकन नेक काट कर शेष पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने का विचार बांग्लादेश के पूर्व शासक मोहम्मद यूनुस से लेकर वहां जेन जी आंदोलन तथा जमात ए इस्लामी के नेताओं के सामने आए। ममता सरकार ने केंद्र के आग्रह को स्वीकार नहीं किया और इस कारण वहां रक्षा और नागरिक दोनों प्रकार के आधारभूत संरचनाओं की कमी रही। अवैध घुसपैठ के साथ अनेक भारत विरोधी गतिविधियां, अवैध पशुओं एवं सामग्रियों की तस्करी आदि को पूरी तरह रोक पाना कठिन था। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा नेशनल हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड मिलकर इसका विकास करेगा। यानी आंतरिक और सीमा सुरक्षा और दूसरे रूप में कहें तो घुसपैठियों को रोकने के लिए सरकार ने पूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई है।

कट मनी और भ्रष्टाचार तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराध की व्यापक छानबीन और कार्रवाई के लिए दो उच्च स्तरीय अधिकार प्राप्त आयोगों का गठन किया जा चुका है। सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व सुपरिटेंडेंट संदीप घोष के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ऐसे ही आदेश अन्य मामलों में दिए जा रहे हैं जिन्हें पूर्व सरकार ने रोक कर रखा था। आप जानते हैं कि संदेशखाली से लेकर आईजी कर और यहां तक कि मुर्शिदाबाद के दंगों में महिलाओं के साथ व्यवहार बंगाल में प्रमुख मुद्दा रहा है। कट मानी और भ्रष्टाचार का अनुभव ऐसा था मानो यह सरकारी प्रक्रिया का ही अंग हो। आप देख लीजिए वही पुलिस प्रशासन और माहौल कितना बदला है। अवैध कब्जों से मुक्ति बंगाल की ऐसी चुनौती है जिससे निपटना यानी इतिहास की धारा बदल देना होगा। एक पार्टी के लोगों का ही पूरे प्रदेश में कब्जा है। तृणमूल ने सत्ता में आते ही कांग्रेस और दूसरी पार्टियों के दफ्तरों व अन्य स्थान कब्जाये, इसके साथ नेताओं ने प्रशासन की मिली भगत से सरकारी व निजी जमीन, मकान सब पर भयानक रूप से कब्जे किए। माफिया तंत्र भूमि का उत्पन्न हुआ जिसने न जाने कितने लोगों को स्थान छोड़ने को विवश कर दिया। इसी तरह धर्म स्थलों पर कब्जे हुए या उन्हें जबरन बंद रखने को भी विवश किया गया। लगातार उन अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। कांग्रेस और वामपंथी दलों तक के दफ्तर मुक्त कर भाजपा के लोगों ने कई जगह सौंप दिया। कुछ डर से ही छोड़ कर भाग गए। कई धर्मस्थल तो जनता ने ही मुक्त करा लिए।

वास्तव में शुभेंदु सरकार ने भाजपा की विचारधारा को सत्ता नीति में अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया है। सड़कों पर नमाज पढ़ने का अंत करने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। वंदे मातरम गायन अनिवार्य कर दिया गया। राज्य के इमामों, मुअज्जिनों और पुजारियों को दिया जाने वाला सरकारी भत्ता (मानदेय) 1 जून से समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। सरकार का एक बड़ा फैसला अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण को 17% से घटाकर 7% करना तथा इसे केवल 66 हिंदू जातियों तक ही सीमित रखना है। पिछड़ी जाति की सूची में से मुसलमान की जातियों को पूरी तरह हटा दिया। ममता बनर्जी ने 2024 में 71 जातियों को पिछड़ी जाति में शामिल किया था जिनमें 65 मुस्लिम समुदाय के थे। ममता बनर्जी ने मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा पिछड़ी जाति का आरक्षण देने के लिए ही श्रेणी ए बनाकर 10% आरक्षण घोषित किया था। इसके पहले पिछड़े वर्ग के लिए 7% आरक्षण था। साफ था कि केवल वोट बैंक की दृष्टि से मुसलमानों को पिछड़ी जाति में शामिल कर अतिरिक्त आरक्षण का अनुपात लाया गया। इस तरह शुभेंदु सरकार ने कम समय में ही त्वरित गति से अपने कदमों द्वारा यह स्थापित कर दिया कि राज्य किसी मजहब या पंथ विशेष या पार्टी नेताओं या समर्थकों लिए नहीं बल्कि सबके हित में काम करेगा, खजाने का धन किसी पंथ के तुष्टिकरण के लिए नहीं बल्कि उपयुक्त पात्रों के कल्याण पर खर्च होगा, शासन कानून और विधान के अनुसार चलेगा, प्राथमिकता आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा तथा विकास होगा एवं पहले जो निहित स्वार्थी तत्व इसके रास्ते में आए, सत्ता का दुरुपयोग किया उन सबके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

# मोदी सरकार के 12 साल : भारत की अद्भुत गौरवशाली विकास यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों ने भारत की विकास यात्रा को नई दिशा, नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। वर्ष 2014 में शुरू हुआ यह सफर केवल सरकार बदलने का नहीं था, बल्कि शासन की कार्यशैली, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण की सोच में व्यापक परिवर्तन का था। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ केंद्र सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया और भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर तथा आधुनिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए।



■ डॉ. अर्चना गुप्ता

इन 12 वर्षों में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, सामरिक और तकनीकी क्षेत्रों में अनेक नई उपलब्धियां हासिल की हैं। देश आज दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और पीएम गति शक्ति जैसी पहलों ने विकास को नई ऊर्जा प्रदान की है। यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने भारत को डिजिटल क्रांति का वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाया है, जबकि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत की वैज्ञानिक क्षमता का परचम पूरे विश्व में लहराया है।

मोदी सरकार की विकास यात्रा का सबसे बड़ा आधार मजबूत और आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण रहा है। देशभर में रिकॉर्ड संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, रेलवे लाइनें, एयरपोर्ट और बंदरगाह विकसित किए गए हैं। वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और माल परिवहन के लिए समर्पित गलियारों का निर्माण भारत की आर्थिक प्रगति को नई गति दे रहा है।

हरियाणा भी इस परिवर्तनकारी विकास यात्रा का प्रमुख भागीदार बना है। केंद्र की मोदी सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार के समन्वित प्रयासों ने राज्य को आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति के नए शिखरों तक पहुंचाया है। केंद्र द्वारा राज्यों की वित्तीय क्षमता बढ़ाने के लिए किए गए ऐतिहासिक निर्णयों का हरियाणा को विशेष लाभ मिला है। केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ने से हरियाणा को विकास परियोजनाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हुए, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में आधारभूत संरचना और जनकल्याण कार्यक्रमों को नई गति मिली।



रेलवे क्षेत्र में हरियाणा ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य का संपूर्ण रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है तथा अनेक नई रेल परियोजनाओं पर कार्य जारी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी प्रकार गुरुग्राम सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत बना रहा है।

सड़क और एक्सप्रेसवे निर्माण के क्षेत्र में हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाएं न केवल यातायात को सुगम बना रही हैं, बल्कि निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर रही हैं। इन परियोजनाओं ने हरियाणा को देश की आर्थिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। फरीदाबाद में अत्याधुनिक अमृता अस्पताल, रेवाड़ी में एम्स और झज्जर में स्वास्थ्य एवं योग से संबंधित संस्थानों की स्थापना ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। वहीं आयुष्मान भारत योजना ने लाखों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की है।

कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी मोदी सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल पहुंचाने का अभियान जीवन स्तर में सुधार का माध्यम बना है। उज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है, जबकि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने लाखों युवाओं और छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है।

जनधन योजना, मुफ्त राशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। पहली बार विकास और जनकल्याण योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचा है। यही कारण है कि सरकार के प्रति जनता का विश्वास निरंतर मजबूत हुआ है।

सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के क्षेत्र में भी इन 12 वर्षों का विशेष महत्व है। अनुच्छेद 370 का निरसन, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, जी-20 की सफल अध्यक्षता तथा भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा इस बात के प्रमाण हैं कि देश आज आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी भूमिका निभा रहा है। वास्तव में मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल विकास के आंकड़ों की कहानी नहीं हैं, बल्कि यह विश्वास, सुशासन और जनसेवा की एक व्यापक यात्रा है। हरियाणा इसका जीवंत उदाहरण है, जहां केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों ने विकास को जन-जन तक पहुंचाया है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में भारत और हरियाणा नई उपलब्धियों के साथ विकास के नए अध्याय लिखने के लिए तैयार हैं।

(प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा हरियाणा)

गतांक से आगे

# ता कर दूत अनल जेहिं सिरिजा

बुढ़वा मंगलवार



■ मायापति मिश्र

हनुमान श्रीराम के ऐसे दूत हैं जिनकी रक्षा स्वयं अग्निदेव करते हैं और इनको शरण प्रदान करते हैं। अग्नि द्वारा संरक्षित हनुमान का यह परिचय भगवान शंकर माता पार्वती को देते हैं। अग्नि देव को माता सीता का पिता माना जाता है, इसलिए जब सीता जी अग्नि परीक्षा देने अग्नि की गोद में बैठीं तो अग्नि की धधकती ज्वाला उन्हें छू भी नहीं पायी। जब अशोक वाटिका में हनुमान जी ने माता सीता को अपना प्रथम परिचय दिया था तो अपने को पवनपुत, केसरी नन्दन, शंकर सुवन, अंजनीनन्दन जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया। प्रचलित पहचान वाले परिचय को त्याग कर हनुमान जी ने सीता जी को अपना जो आत्मीय परिचय दिया वह सीता जी से जुड़ा हुआ था। वह परिचय सीता जी के हृदय में सदा-सदा के लिए घर कर गया-

**राम दूत मैं मातु जानकी।**
**सत्य सपथ करुणा निधान की।।**

रा.च.मा. सु.का. 12,17-18

यहाँ रामदूत कहने में हनुमान का अपनापन झलकता है और इस शब्द में अजेयता के साथ-साथ विश्वास की भीनी भीनी महक आती है। अपने इसी विश्वास में सराबोर हनुमान जी सीता जी को अपना परिचय रामदूत के रूप में देते हुए गारंटी स्वरूप अपने स्वामी राम की सौगंध भी खाते हैं। हनुमान के इतने आत्मीय परिचय ने दृढ़ता से उन्हें माता सीता का अपना बना दिया। जब हनुमान की पूँछ में रावण ने आग लगवाई तो माता सीता ने अपने मानस पिता अग्नि से प्रार्थना की। कि हे अग्नि देव! आप मेरे पुत्रवत हनुमान की रक्षा करना और उन्हें अपनी शरण प्रदान करना। लंका दहन के समय यही बात भगवान शंकर पार्वती जी को बताते हैं कि 'रामदूत मैं' कहने वाले उस दूत को अग्नि नहीं जला सकती और शरण प्रदान करती है-

**ता कर दूत अनल जेहिं सिरिजा**

- रा.च. मा. सु. का 25,11

लंकादहन के समय हनुमान की पूंछ न जल पाने का एक कारण यह भी था कि - उनकी पूँछ रुद्रतत्व से परिपूर्ण थी और उसमें रुद्र की आत्म शक्ति पार्वती का वास रहता था। एक प्राचीन कथा के अनुसार- जब पार्वती के लिए शिव द्वारा बनाये गये स्वर्ण-महल को रावण ने दक्षिणा में मांग लिया तो पार्वती जी बहुत दुखी हुईं। रावण के इस कृत्य का दण्ड देने के लिए पार्वती जी ने श्राप दिया था कि त्रेता युग में शिव के रुद्ररूप में हनुमान अपनी पूँछ को आग से इस स्वर्णमहल सहित पूरी लंका जला कर राख कर देंगे और पूँछ की आग से उनका बाल भी बाँका नहीं होगा। हनुमान के अवतरण के साथ ही पार्वती जी उनकी पूंछ में वास करते हुए लंकादहन की प्रतीक्षा करने लगीं। जब हनुमान की पूंछ में आग लगायी गयी तो आग की विकरालता देख कर रुद्र रूपी हनुमान के लिए पार्वती जी कुछ विचलित होने लगीं। परेशान होती पार्वती को पुरानी बातें स्मृति में ले आने के लिए ही ढाढ़स बंधाते हुए शंकर जी ने कहा-

**ता कर दूत अनल जेहिं सिरिजा।**
**जरा न सो तेहि कारन गिरिजा।।**

- रा.च.मा. सु.का-25, 11-12

हनुमान को राम के दूत के रूप में देखने की सब की अपनी-अपनी दृष्टि है। माता सीता को हनुमान ने अपने को करुणा के सागर श्रीराम का दूत बताया तो रावण को उस परम शक्तिमान परमात्मा का दूत बताया जिसकी शक्ति पाकर रावण सब कुछ अपने अधीन कर रखा था और जिनकी प्रिय पत्नी को हर लाया-

**'जाके बल लवलेस तें, जितेहु चराचर झारि।**
**तासु दूत मैं जा करि, हरि आनेहुं प्रिय नारि है।।**

हनुमान द्वारा ऐसे शक्तिशाली राम का दूत होने का परिचय पाकर लंकावासी भय के कारण सशंकित होकर आपस में चर्चा करते हैं-

**जासु दूत बल बरनि न जाई।**
**तेहि आएँ पुर कवन भलाई॥**

- रा.च.मा.सु.का. 35,5-6

जिनके दूत के बल का वर्णन करना मुश्किल है यदि दूत के स्वामी वे राम स्वयं आ जायेंगें तो लंका नगरी की कौन भलाई होगी? रावण की पत्नी मंदोदरी ने राम दूत हनुमान के विषय में अपनी दूतियों से सुना-

**दुतिन्ह सन सुनि पुरजन बानी**

- रा. च. मा. सु. का 35,8

और फिर रावण को दूत के विषय में अवगत कराया-

**समुझत जासु दूत कइ करनी।**
**स्त्रवहिं गर्भ रजनीचर-धरनी।।**

- रा.च.मा सु.का. 35, 13-14

जिनके दूत के कृत्यों को सुन कर लंका की राक्षसियों के गर्भ गिर जाते हैं। लंका वासियों की दृष्टि में रामदूत हनुमान का जो रूप समाया था वह बड़ा डरावना था।

(इतिहास संकलन समिति मध्य-भारत के बौद्धिक प्रमुख हैं)

## लोकतंत्र का व्यंग्य या लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर संकट?

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल मतदान की व्यवस्था नहीं, बल्कि संवाद, सहमति, असहमति, संवैधानिक मयार्दाओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों का एक सशक्त तंत्र है। लोकतंत्र की शक्ति विरोध में निहित है, लेकिन उसकी गरिमा विरोध की शैली, उद्देश्य और मयार्दा से निर्धारित होती है। हाल के दिनों में चर्चित हुई तथाकथित कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) इसी संदर्भ में गंभीर विमर्श की मांग करती है। यह आंदोलन प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध के नाम पर उभरा। प्रारम्भ में यह सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में सामने आया और बाद में दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंच गया। इसके समर्थकों ने इसे युवाओं के आक्रोश की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तव में शिक्षा सुधार का आंदोलन है या लोकतांत्रिक असंतोष को व्यंग्य, उपहास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की दिशा में मोड़ने वाला एक नया प्रयोग? भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। किंतु कोई भी अधिकार निरंकुश नहीं होता। लोकतंत्र में विरोध का उद्देश्य समाधान की खोज होना चाहिए, न कि अराजकता का विस्तार। यदि विरोध का स्वर केवल उपहास, आक्रोश और टकराव तक सीमित रह जाए, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। कॉकरोच जनता पार्टी का नाम ही एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक मानसिकता का परिचायक है।

# अखिलेश ने 'राम मंदिर दान विवाद' तीसरी बार उठाया, बोले- सीसीटीवी क्यों जारी नहीं करते

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'राम मंदिर दान विवाद' को लेकर फिर सरकार को घेरा। बुधवार को अपने एक्स अकाउंट से तीसरी बार मुद्दा उठाया। इसे चढ़ावा चोरी कांड बताते हुए भाजपा सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से 11 सवाल भी पूछे हैं।

अखिलेश यादव ने लिखा- आखिर ट्रस्टी कहना क्या चाहते हैं किसी को समझ नहीं आ रहा है। हेराफेरी में संलिप्त लोगों को हिरासत में लेने की खबरें अखबारों, टीवी चैनलों पर प्रसारित की जा रही हैं। पहले पुलिस कुछ नहीं कहती, लेकिन बाद में खंडन करती है। जनता के आक्रोश को देखकर पूरे देश के भाजपाइयों की घिग्घी बंध गई है।

अखिलेश ने पूछा- कौन है इन सबके पीछे, जो देश की सनातनी आस्था से खिलवाड़ कर रहा है? चढ़ावे में चोरी का पाप करनेवालों को कौन बचा रहा है? इस अपराध के तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं? सीसीटीवी का प्रमाण सार्वजनिक करने में क्या परेशानी है? डबल इंजन अब कहां हैं? उनकी जिम्मेदारी क्या है? अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट की थी। उन्होंने इसे दुनिया भर के राम भक्तों के लिए "बेहद संवेदनशील" बताया। यादव ने कहा कि यह स्थिति मंदिर ट्रस्ट के लिए "बेहद शर्मनाक" है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि राम मंदिर को दिए गए दान से करोड़ों रुपये गायब होना बहुत संवेदनशील खबर है।




समाजवादी पार्टी प्रमुख ने मंदिर ट्रस्ट और सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की चुप्पी "संदिग्ध" प्रतीत होती है। पूर्व उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री ने इस कथित विसंगति को सार्वजनिक चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट के लिए यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। कोई भी आगे आकर स्पष्टीकरण देने को तैयार नहीं है।

### अखिलेश यादव द्वारा उठाए गए 11 सवाल

- कौन है इन सबके पीछे, जो देश की सनातनी आस्था से खिलवाड़ कर रहा है?
- चढ़ावे में चोरी का पाप करनेवालों को कौन बचा रहा है?
- इस अपराध के तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं और कितनी दूर तक जाते हैं?
- कौन ऐसा अधर्मी है, जिसके हाथ में इस पूरे कांड की लगाम है?
- इस घपले का सरगना कहां छिपा बैठा है?
- इस घोटाले में किस-किस की हिस्सेदारी है?
- इस कांड के खुलने के पीछे चोरी के पैसों के बंटवारे की लड़ाई मुख्य कारण है या कुछ प्रभावशाली लोगों की आपसी प्रतिस्पर्धा?
- पैसे गिनने जैसे संवेदनशील कार्य में ट्रस्ट और सरकारी बैंक के बीच निजी कंपनियों का खेल किसने खेला और उसका छिपा मंसूबा क्या है?
- सीसीटीवी सार्वजनिक करके मामले की सच्चाई बताने में क्या परेशानी है?
- डबल इंजन अब कहां हैं?
- डबल इंजन क्या सिर्फ डबल ईंधन का उपभोग करने के लिए हैं या उनकी कोई जिम्मेदारी भी है

## सार संक्षेप

### आईएससीसीएम के जनरल सेक्रेटरी चुने गए डॉ. ललित सिंह रुमाल


डॉ. ललित सिंह रुमाल।

**खटीमा।** एमआरएमएस मेडिकल कॉलेज बरेली स्थित क्रिटिकल केयर एंड रेस्पिरेटरी मेडिसिन के हैड खटीमा निवासी डॉ. ललित सिंह रुमाल आईएससीसीएम का राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी चुने गए हैं। डॉ. ललित की यह सफलता एसआरएमएस परिवार एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड एवं इंग्लैंड सहित कई देशों के सदस्यों से मिले समर्थन से यह उपलब्धि शानदार प्रोफेशनल कद और नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है। डॉ. ललित की इस सफलता पर क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता एवं राम मूर्ति अस्पताल मेडिकल कॉलेज (एसआरएमएस) स्वयं को गौरवान्वित करता है।

### एलायंस क्लब ने पिलाया शीतल जल


राहगीरों को मीठा शरबत पिलाते क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी।

**खटीमा।** एलायंस क्लब के तत्वाधान में नगर के मुख्य चौराहे के समीप मीठा शरबत पिला कर राहगीरों को भीषण गर्मी में राहत पहुंचायी। कार्यक्रम संयोजक मुकेश गुप्ता ने कहा कि इस कार्य से आम मार्ग चलने वालों को राहत मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी ने प्यासे को शीतल जल पिलाना एक पुण्य का कार्य बताया। उन्होंने भीषण गर्मी के मौसम में जगह-जगह प्याऊ लगाकर मीठा शरबत व शीतल जल पिलाने के कार्य की सराहना की। क्लब अध्यक्ष मनोज कन्याल ने भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी। इस अवसर पर जितेन्द्र पारुथी, कमल गहतोड़ी, दीपक चंद, पंकज टम्टा, अमित सक्सेना, संदीप कांडपाल, राशीद अंसारी, अमित मिश्रा, राहुल शर्मा, अंशदीप, गंभीर, राकेश कुमार, प्रेरणा गुप्ता, केसर पारुथी, अंकिता भंडारी, दीपा चडढ़ा, पूनम कश्यप आदि मौजूद थे।

### 20 हजार प्रतिमाह पेंशन सहित पांच सूत्रीय मांग पत्र भेजा सीएम को


तहसीलदार वीरेंद्र सजवान के माध्यम से 20 हजार प्रतिमाह पेंशन सहित पांच सूत्रीय मांग पत्र सीएम को भेजा।

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर 20 हजार मासिक पेंशन सहित चार अन्य मांगों पर अभिलंब कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन की मांगों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार वीरेन्द्र सजवाण को सौंपते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने 20 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन देने, राज्य आंदोलनकारी का नामांतरण उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी करने, वंचित राज्य आंदोलन कारियों को चिन्हित कर परिचय पत्र जारी करने, राज्य के सरकारी विश्राम गृहों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तर्ज पर राज्य निर्माण सेनानियों को ठहरने की सुविधा प्रदान करने, राज्य निर्माण सेनानियों को विद्युत, हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स, टोल टैक्स पूर्ण माफ करने की मांग की है। ज्ञापन में केन्द्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, नरेश लाल, शीला देवी, आदेश भटनागर, जीवन चन्द्र, दुर्गा सिंह सामंत, मनोज अग्रवाल, त्रिभुवन जोशी आदि सम्मिलित थे।

# भारत का डीएनए रखने वाले हर व्यक्ति ने 'श्रीराम' को आदर्श माना

## राम कथा महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जिनके मन में देश के प्रति आस्था व निष्ठा नहीं है और जो यहां के संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, उनके लिए भारत की धरती 'धर्मशाला' नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री ने 'लव जिहाद', धर्मांतरण की साजिशों और 'लैंड जिहाद' को लेकर चेतावनी दी।



योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक देश को एकजुट करते हैं। इस श्री राम कथा का वाचन तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा, ''तोड़ने वाली ताकतें जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर विभाजित करने की चेष्टा करेंगी, लेकिन भारत की संत शक्ति समाज को एकजुट कर देश को आगे ले जाना चाहती हैं। व्यासपीठ द्वारा जिस मर्म को समझाने का प्रयास किया गया, हमें उसे आत्मसात करना होगा। कथा केवल सुनने की नहीं, बल्कि अंगीकार करने की महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है।''

योगी ने श्रद्धालुओं से कहा कि जो भी प्रभु के सान्निध्य में आया, वह दैवीय आपदा से मुक्त रहता है। उन्होंने कामना की कि हर श्रद्धालु का जीवन सुख व समृद्ध के साथ बढ़ता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को जन्म-मरण का प्रश्न बनाया था। संत इसका श्रेय नहीं चाहते थे, वे सिर्फ इसलिए अभियान से जुड़े क्योंकि भारतीय परंपरा, विरासत में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सभी के आदर्श हैं और राम नाम में जीवन की हर समस्या का समाधान है।

उन्होंने कहा, ''राजनीति व पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ चुनिंदा नामों को छोड़ दें तो हर भारतवासी, जिसके अंदर भारत का डीएनए है, उसने भगवान राम के आदर्शों को जीवन का हिस्सा बनाया है। मर्यादा पुरुषोत्तम का नाम उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक हर भारतीय को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि 491 वर्ष तक श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन चला और 2019 में उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि जहां रामलला विराजमान हैं, वहीं रामजन्मभूमि है। आदित्यनाथ ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस उम्र में आराम कर सकते थे, लेकिन राष्ट्रमंगल की कामना के साथ प्रभु की कथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, '' रावण और उसके राक्षसों की आर्यव्रत में घुसपैठ थी। खर-दूषण के आतंक से दंडकारण्य त्रस्त था। ताड़का, मारीच व सुबाहु ने बस्तर के वनों, नगरों को उजाड़ दिया था। जब भी नकारात्मक ताकतें वर्चस्व में आएंगी तो तहस-नहस करेंगी। शिक्षण संस्थानों व शोध केंद्रों को वैसे ही बंजर करेंगी, जैसे खर-दूषण व ताड़का द्वारा किया जाता था।''

# 21 मई को लापता 21 वर्षीय युवती का पुलिस 20 दिन बाद भी पता नहीं लगा सकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग से 21 मई को लापता 21 वर्षीय युवती का पुलिस 20 दिन बाद भी पता नहीं लगा सकी है। उसके पिता पीजीआई संस्थान के कर्मचारी हैं। बेटी के पता न लगने से दुखी होकर पीड़ित पिता मंगलवार को पीजीआई थाने पहुंचे। वह भावुक हो कर रो पड़े। जल्द से जल्द बेटी को खोज निकलाने की मांग करने लगे। उन्होंने अशांका जताई कि बेटी का धर्मांतरण करा दिया गया है।

पिता ने बताया कि इरशाद अली उनकी बेटी को अपने साथी ले गया। उन्होंने 22 मई को आरोपी के खिलाफ पीजीआई थाने में केस दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि एक साल से इरशाद बेटी को परेशान कर रहा था। उन्होंने कई बार पुलिस से शिकायत की थी, मगर कार्रवाई नहीं हुई।

पिता ने इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह से कहा कि सोशल मीडिया के जरिये उन्हें जानकारी मिली है कि आरोपी बेटी का धर्मांतरण कराकर उससे निकाह करने की तैयारी कर रहा है। आरोपी ने बेटी को सीरिया ले जाने की साजिश भी रची है। यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो बेटी उनके हाथों से बहुत दूर चली जाएगी।

वहीं, पीजीआई नर्सिंग एसोसिएशन भी परिवार के समर्थन में सामने आया और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की। इस दौरान एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक, सचिव मनोज वर्मा, मंजू लता समेत कई कर्मचारी थाने पहुंचे। थाना परिसर में एसीपी रिषभ यादव ने पिता से मिलकर उन्हें बेटी को खोज निकालने का आश्वासन दिया।

इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के अनुसार, मामले की जांच एटीएस समेत कई स्तरों पर की जा रही है। दिल्ली, मुरादाबाद और शाहजहांपुर सहित विभिन्न जिलों में पुलिस टीमें भेजी गई हैं। सोशल मीडिया पर सीरिया और धर्मांतरण को लेकर चल रही चर्चाओं की भी जांच की गई है। फिलहाल ऐसी सूचनाओं की पुष्टि नहीं हुई है।

# पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह नामधारी ने संभाला कार्यभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष रंजीत सिंह नामधारी ने आज मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नामधारी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दाईत्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से किया जाएगा। साथ ही उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड पशु संरक्षण, पशु क्रूरता अधिनियम का अनुपालन, निराश्रित पशुओं के कल्याण, पशु आश्रय गृहों के सुदृढ़ीकरण तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।


पद ग्रहण कर बैठक करते नवनियुक्त उपाध्यक्ष नामधारी। -जागरण मोर्चा

नामधारी ने राज्य सरकार के मार्गदर्शन में सभी संबंधित विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं पशु प्रेमियों के सहयोग से उत्तराखंड में पशु कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा, जिससे पशु संरक्षण एवं कल्याण को नई दिशा मिल सकें। इस अवसर पर उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मोगा व उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर राजेन्द्र अणथ्वाल उपस्थित थे। उन्होंने रंजीत सिंह नामधारी का बोर्ड में स्वागत किया। वहां कुलतार सिंह नामधारी, मानस, एडवोकेट बलजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, हरदेव सिंह, गुरप्रीत सिंह, रंजीत सिंह, सुखदेव सिंह, मनीष राणा, राकेश कुमार, किशन सिंह कार्की, रामपाल सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# सहेली से मिलने निकली किशोरी लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** क्षेत्र के ग्राम मुण्डेली से एक नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मुण्डेली निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली खटीमा में तहरीर दी है। पिता ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी बीते 6 जून की दोपहर करीब 2:00 बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की।

परिजनों ने जब किशोरी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, तो उसने बताया कि वह अपनी सहेली के घर जा रही है, जिसके बाद उसने फोन काट दिया। इसके कुछ ही देर बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। परिजनों ने अपने स्तर से सहेलियों के घर और संभावित रिश्तेदारों के यहाँ काफी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। बेटी के अचानक लापता होने से परिजन गहरे सदमे में हैं।

उन्होंने पुलिस से उसे सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है और किशोरी की लोकेशन व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे ढूंढ निकाला जाएगा।

# बिना लाइन काटे दिया शटडाउन, पोल पर चढ़ा लाइनमैन बुरी तरह झुलसा, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उपखंड क्षेत्र के उमरुकला बिचई में खराब ट्रांसफॉर्म ठीक करने मौके पर पहुंचे ठेका कर्मचारी लाइनमैन रंजीत सिंह राणा 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आ गया। रंजीत सिंह राणा लाइनमैन ने कंट्रोल रूम में फोन कर शडडाउन लिया था। शडडाउन ओके की सूचना पर लाइनमैन पोल पर चढ़ा। प्लास से तार टच होते ही वह बेहोशी की हालत में जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में उसको उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने लाइनमैन को मृत घोषित कर दिया।


रंजीत सिंह राणा (मृतक)।

नौगवांनाथ निवासी लाइनमैन रंजीत सिंह राणा अपने सहयोगी लाइनमैन बिगराबाग निवासी जितेन्द्र सिंह राणा के साथ सुबह 9.30 बजे उमरुकला बिचई ग्राम पहुंचा था। कंट्रोल रूम से शडडाउन लेकर लाइनमैन पोल पर चढ़ा था। चिंगारी उठने के साथ ही तेज आवाज के साथ नीचे गिरा जबकि दूसरा लाइनमैन लाइन जितेन्द्र सिंह राणा चेकिंग के लिए दूसरे पोल पर चढ़ने वाला था। लाइनमैन की करंट लगने से हुई मौत की सूचना पर क्षेत्र में अपरा तफरी का माहौल बन गया। मृतक लाइनमैन के परिजन, विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी जिला चिकित्सालय में पहुंच गए। उप जिला चिकित्सालय में पहुंचे क्षेत्र के विधायक भुवन कापड़ी ने आक्रोशित भीड़ में मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।

उन्होंने इस मामले में कोताही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, परिजनों को विभागीय देय के अतिरिक्त 25 लाख मुआवजा व पेंशन तथा आजीविका के लिए परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि एवं रविन्द्र सिंह राणा एवं पूर्व प्रधान रामरेशर राणा ने दुखी परिजनों को सांत्वना देते हुए मामले की जांच पड़ताल कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। मृतक लाइनमैन के पिता रमेश चन्द्र सिंह एवं माता लक्ष्मी देवी एवं पत्नी सुमन देवी, भाई मंजीत सिंह राणा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संजय रेलवे पार्क में पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी एवं पर्यावरण संरक्षण परिषद उपाध्यक्ष हेमा जोशी ने किया पौध रोपण


पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी एवं पर्यावरण संरक्षण परिषद उपाध्यक्ष हेमा जोशी ने किया पौध रोपण। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** पर्यावरण मेला कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार को उत्तराखंड शहरी पर्यावरण संरक्षण परिषद की उपाध्यक्ष हेमा जोशी ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान रेलवे संजय पार्क खटीमा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षक, हरित विकास और स्वच्छता को बढ़ावा देने संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। एक पेड़ मां के नाम एवं हरित खटीमा, स्वच्छ खटीमा के संकल्प के साथ आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साकार हुई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, नवीन बोरा भाजपा नेता, सभासद विश्वनाथ यादव सहित अन्य पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने वाले मौजूद रहे।

**सख्ती** | व्हाट्सएप नंबर पर मिली थी सूचना, इंस्पेक्टर ने आरोपी के खिलाफ हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई

# सोशल मीडिया पर सिपाही भर्ती परीक्षा का फर्जी पेपर बेचने का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ के हुसैनगंज स्थित पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में तैनात इंस्पेक्टर राजेश कुमार उपाध्याय ने इंस्टाग्राम आईडी यूजर पर सिपाही भर्ती परीक्षा का फर्जी पेपर बेचने के प्रयास का आरोप लगाया है।

लखनऊ के हुसैनगंज स्थित पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में तैनात इंस्पेक्टर राजेश कुमार उपाध्याय ने इंस्टाग्राम आईडी यूजर पर सिपाही भर्ती परीक्षा का फर्जी पेपर बेचने के प्रयास का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने आरोपी के खिलाफ हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।



इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि आठ जून से लेकर दस जून तक आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की परीक्षा चल रही है। सोमवार को सुबह करीब 10:41 बजे बोर्ड के जारी किए गए सतर्कता सेल के व्हाट्सएप पर एक सूचना मिली। पता चला कि इंस्टाग्राम पर आईडी up_police_leak पर एक पोस्ट पड़ी थी। पोस्ट में यूपी पुलिस पेपर एवेलेबल लिमिटेड लिखा था। साथ ही नौ व दस जून को आयोजित परीक्षा की पहली पाली के पेपर एक हजार रुपये में बेचने की बात लिखी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर उन्होंने हुसैनगंज थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर सेल यूजर आईडी के बारे में पता लगा रही है।

### अधिकांश अभ्यर्थियों ने पेपर को बताया सरल

**लखनऊ।** अभ्यर्थियों के अनुसार अधिकांश प्रश्न सामान्य स्तर के थे, लेकिन करंट अफेयर्स और गणित के कुछ सवालों ने उन्हें उलझाया। एआई आधारित भाषा मॉडल से जुड़े प्रश्न में अनुवाद और नए टेक्स्ट की गुणवत्ता से संबंधित सवाल पूछे गए। दूसरे दिन आयोजित परीक्षा में एआई आधारित भाषा मॉडल, जीएसटी और अर्थव्यवस्था से जुड़े सवालों ने अभ्यर्थियों का ध्यान खींचा। वहीं भारत में स्मार्ट फोन के बढ़ते प्रभाव के बीच सेलुलर फोन की साल-दर-साल घटती बिक्री से जुड़ा सवाल भी पूछा गया। इसमें वर्ष 2019 से 2024 तक के बिक्री आंकड़े शामिल थे। अभ्यर्थियों के अनुसार अधिकांश प्रश्न सामान्य स्तर के थे, लेकिन करंट अफेयर्स और गणित के कुछ सवालों ने उन्हें उलझाया। अभ्यर्थियों ने बताया कि एआई आधारित भाषा मॉडल से जुड़े प्रश्न में अनुवाद और नए टेक्स्ट की गुणवत्ता से संबंधित सवाल पूछे गए।

# पंचायत चुनाव: 18 दिसंबर की अनंतिम सूची के बाद अंतिम मतदाता सूची कल होगी जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी की जा रही है। दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया है। इस बार मतदाताओं को नया नौ अंकों का पहचान नंबर दिया जाएगा। सूची प्रकाशित होने के बाद चुनाव कार्यक्रम को लेकर गतिविधियां तेज होने की संभावना है।




आयोग ने 18 दिसंबर 2025 को अनंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की थी। उस सूची में करीब 1.81 करोड़ नए मतदाता सूची में जोड़े गए थे, जबकि 1.41 करोड़ नाम हटाए गए थे। इससे पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में लगभग 40.19 लाख मतदाताओं की शुद्ध बढ़ोतरी हुई थी।

इसी पर दावे और आपत्तियां मांगे गए थे। इस दौरान लाखों आपत्तियां, जिनको सुनवाई कर निस्तारित किया गया। यही वजह है कि अंतिम सूची जारी करने की तिथि पांच बार बढ़ाई गई थी। आयोग के अनुसार अब सूची के प्रकाशन में किसी तरह की देरी नहीं होगी।

इस बार मतदाताओं को नौ अंकों का नया स्टेट वोटर नंबर भी दिया गया है, जिससे पहचान और चुनावी प्रबंधन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद पंचायत चुनाव की अधिसूचना और चुनाव कार्यक्रम को लेकर गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

# बिलसंडा में जूता व्यापारी के मकान में लगी भीषण आग, भारी क्षति

## फरिश्ता बने लोग, आग से घिरे परिवार को बाहर निकाला, ऊंची लपटें और धुएं के गुबार से सहम गए लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर के प्रमुख जूता व्यापारी के मकान में मंगलवार दोपहर को भीषण आग लग गई, जिससे एक करोड़ से भी अधिक की क्षति का अनुमान है।सूचना के बाद भी दमकल की टीम तक़रीबन डेढ़ घंटा लेट पहुंची,तो लोगों में आक्रोश पनप गया। जबकि चेयरमैन डीके गुप्ता द्वारा तत्काल नगर पंचायत कर्मचारियों के अलावा पानी के तीन टैंकर भेजे गए। व्यापार मंडल अध्यक्ष मो.रेहान ने आग से घिरे परिवार को निकालकर अपने घर पर शरण दी। तथा आसपास के दुकानदारों को प्रतिष्ठान बंद कर उन्हें सचेत किया,एवं सहयोग की अपील की। बामुश्किल ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। दोपहर बाद भाजपा विधायक विवेक वर्मा भी पहुंचे और व्यापारी को हर संभव मदद का भरोसा दिया। नगर के प्रमुख जूता व्यापारी स्व.बंटी गोयल के छोटे भाई शेखर गोयल का बंडा रोड पर तीन मंजिला मकान है,उसी में नीचे जूते का शोरूम भी है।बताते हैं कि तीसरी मंजिल पर दोपहर बारह बजे उनकी पत्नी ज्योति किचन में खाना बना रही थीं।जबकि बेटी अनिका,इतिका व अम्बिका अपने रूम में थीं।बताते हैं गैस पर बन रही शब्जी में छौंक दिया जिससे लपट उठी।उस वक्त चिमनी के सेंसर ने कार्य नहीं किया,और उसमें आग लग गई।देखते ही देखते महंगे और मॉडलर किचन के पूरे फर्नीचर ने आग पकड़ ली।तब उनकी पत्नी ज्योति चिल्लाई,और कमरे में भागी।तब तक आग बिकराल रूप लेकर उनकी लाबी तक पहुंच गई। बमुश्किल मुहल्ले के लोगों ने ऊपर जाकर पत्नी व तीनों बेसुध पड़ी बेटियों को निकाला और पड़ोस में ही व्यापारी नेता मो.रेहान के घर शिफ्ट किया। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई।लेकिन काफी इंतजार के बाद भी गाड़ी नहीं पहुंची जिससे लोगों में खासा गुस्सा दिखा। इससे पहले ही चेयरमैन डीके गुप्ता ने पानी के टैंकर भेजकर आग बुझाने को नगर पंचायत की टीम लगाई। दोपहर ढाई बजे आग पर काबू पाया गया। विधायक विवेक वर्मा ने घर पहुंचकर व्यापारी को हर संभव मदद का भरोसा दिया। भीषण अग्निकांड में तकरीबन एक करोड़ से भी अधिक का नुकसान बताया गया।


बिलसंडा में भीषण अग्निकांड के बाद धुएं के साथ उठती लपटें। -जागरण मोर्चा

### खाली टैंक लेकर बिलसंडा पहुंचा दमकल विभाग

**बिलसंडा।** आखिरकार डेढ़ घंटा लेट पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी के टैंक में हर बार की तरह इस बार भी पानी न होने की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे लोग आगबबूला हो गए। लोगों का कहना था कि ग्रामीण अंचलों के साथ खेतों में भी अग्निकांड का यही महीना होता है, ऐसे में पानी भरकर रखना चाहिए, या फिर घटनास्थल पर जाकर पीड़ित परिवार आपको यह व्यवस्था करायेगा। तमाम व्यापारियों ने दमकल विभाग के अधिकारियों को खरी खोटी भी सुनाई।

### बिलसंडा में फिर उठी फायर स्टेशन बनाने की मांग

**बिलसंडा।** दमकल विभाग द्वारा डेढ़ घंटे देरी से पहुंचने पर तमाम व्यापारियों का मानना था कि काश नगर में फायर स्टेशन मौजूद होती तो शायद इतना बड़ा हादसा बच जाता। क्योंकि अक्सर घटना के बाद बीसलपुर से गाड़ी आने में तकरीबन जो वक्त लगता है, वही सबसे बड़ा दुखदाई होता है। बीसलपुर क्षेत्र की दूरी अधिक और ट्रैफिक होने से कई बार फायर बिग्रेड का फायदा पीड़ितों को नहीं मिला। अधिवक्ता आशीष सक्सेना, भाजपा नेता अजय जायसवाल, कुणाल अवस्थी, रवि पंडित, आलोक जायसवाल, नीरज गुप्ता, नरेंद्र मोहन सक्सेना, देवदत्त सक्सेना का कहना था कि अक्सर नगर में भीषण अग्निकांड होते आए हैं। इससे पहले भी नगर के कपड़ा व्यापारी राकेश राठौर की दुकान में भीषण अग्निकांड हुआ। जिसको लेकर कई बार शासन स्तर से बिलसंडा में भी फायर स्टेशन बनाने की मांग उठाई गई। भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने भी इसके लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री के समक्ष सिफारिश की। लेकिन आज तक इसे अमल में नहीं लाया गया।

## सार संक्षेप

### मुकेश की मौत के मामले में एक दूसरे पर लगाए हत्या करने के आरोप

**पूरनपुर।** रेलवे पटरी किनारे मिले युवक के शव के मामले में मृतक के परिवार ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने मृतक के परिवार पर आरोप लगाए है। थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव कुर्रैया रेलवे हाल्ट के पूरब में सिग्नल के पास बीते बृहस्पतिवार को गांव लाह के मुकेश का शव मिला था। उसके कंधा, कोहनी में घिसटन और सिर में पीछे चोट थी। पुलिस को मुकेश की जेब में उदयपुर हाल्ट से कुर्रैया हाल्ट का टिकट और सौ रुपये मिले थे। गांव से कुर्रैया ससुराल जाने को घर से निकले मुकेश के ससुराल न पहुंचने की जानकारी पर उसके परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मोर्चरी पहुंचे मुकेश के परिजन ने शव की शिनाख्त की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कोमा से मुकेश की मौत होना स्पष्ट होने के साथ उसका विसरा सुरक्षित किया गया था। मृतक मुकेश के चाचा गांव लाह निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में ससुरालियों पर घर में बंद कर हत्या कर शव को गांव से करीब 100 मीटर रेल पटरी के समीप फेंकने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि उसका भतीजा चार जून को पत्नी कीर्ति की विदा कराने ससुराल कुर्रैया गया था। उसके ससुराली और साढ़ू रंजिश के चलते पहले भी उसकी कई बार पिटाई कर चुके थे। विदा करने पहुंचे उसके भतीजे को ससुरालियों ने घर में बंद कर उसके साढ़ू के साथ मिलकर हत्या कर दी। शव मिलने की सूचना पर उसके ससुराली मौके पर नहीं पहुंचे, बल्कि अपने घर में ताला डालकर खिसक गए। आरोप है कि इससे पहले मुकेश को उसकी पत्नी और ससुरालियों ने जान से मारने की धमकी दी थी। मुकेश की पत्नी कीर्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पति को शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप मृतक के चाचा व ताऊ पर लगाया। सेहरामऊ इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि दोनों ओर से मिली हत्या की तहरीर पर जांच की जा रही है।

### कल बंजार घाट पहुंच कर केंद्रीय मंत्री सुनेंगे समस्याएं

**पूरनपुर।** गुरुवार को सुबह नौ बजे गोमती पुनरोद्धार का कार्यक्रम घुंघचाई क्षेत्र के बंजार घाट पर शुरू होगा। जिसमे केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ग्राम बंजार घाट में पहुँचकर चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएँ सुनेंगे और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम"अभियान के तहत वृक्षारोपण कर मां गोमती नदी के सफाई कार्यक्रम में श्रम दान कर कर कार्यक्रम को समापन करेंगे। इसकी तैयारियां शुरु कर दी गई है। जिसमें जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित जिले के सभी अधिकारी लोग व्यापारी वर्ग,सभी सामाजिक संस्थाओं के लोग,व ग्राम पंचायत कजरी निरंजनपुर, गुलड़िया भूप सिंह,भायपुर,पिपरिया मझरा,सिकहरना के सभी प्रशासको को बुलाया गया है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस अभियान को सफल बनने की अपील कि जा रही है। कार्यक्रम उपरांत पूरनपुर नगर के प्रबुद्ध जन लोग जिसमें डॉ दिनेश गुप्ता जी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट संजय सक्सेना जी,पूर्व सभासद अमन वाल्मीकि जी, समाजसेवी रवि गुप्ता जी, सामाजिक संभ्रांत नागरिक रामपाल पाण्डेय जी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मास्टर बादशाह जी, से भेंट करेंगे।

### ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**पीलीभीत।** उ.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने मंडल स्तरीय पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2022-23 या उससे पूर्व स्थापित और लगातार संचालित इकाइयाँ, जिन्हें पहले पुरस्कार न मिला हो, 12 जून 2026 शाम 5 बजे तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में आवेदन जमा कर सकती हैं। चयन कम पूंजी में अधिक रोजगार देने वाली इकाइयों के आधार पर होगा। चयनित लाभार्थियों को प्रथम पुरस्कार 15,000, द्वितीय 12,000 और तृतीय 10,000 के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय या 9580503168 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पूरनपुर सीएचसी में अल्ट्रासाउंड के लिए घंटों इंतजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड जांच कराने पहुंची गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों के इंतजार में घंटों बैठना पड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच गए थे। लेकिन अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू न होने के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग मरीजों तथा उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बताया जाता है कि अल्ट्रासाउंड जांच के लिए दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आई गर्भवती महिलाएं निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंच गई। कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों और परिजनों के साथ अस्पताल में घंटों बैठी रहीं, लेकिन चिकित्सकों के समय पर न पहुंचने से जांच कार्य शुरू नहीं हो सका। इंतजार बढ़ने के साथ मरीजों में बेचैनी और नाराजगी भी बढ़ती गई,महिलाओं का कहना था कि उन्हें अस्पताल आने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई मरीज निजी साधनों और किराए के वाहनों से अस्पताल पहुंचे थे। ऐसे में घंटों तक इंतजार करना उनके लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन गया। कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्हें घरेलू कार्य छोड़कर आना पड़ा।

अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीज आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से होते हैं, जो निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है।

अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण जांच में देरी होने से मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बनी रहीं। गर्भवती महिलाओं के लिए समय पर जांच बेहद आवश्यक मानी जाती है, लेकिन घंटों इंतजार के कारण उन्हें असुविधा और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। मरीजों ने व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को नियमित निगरानी करनी चाहिए।


पूरनपुर सीएचसी में डाक्टर के इंतज़ार में बैठीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

# गोद भराई के बाद युवती आभूषण नकदी लेकर फरार

- मामले की तहरीर पर पुलिस ने युवक पर दर्ज किया केस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गोद भराई के बाद युवती मालजेवर व नगदी लेकर युवक के साथ फरार हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कस्बा माधोटांडा निवासी एक एक युवक ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी का रिस्ता थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक के साथ तय किया था। सात मई को अपनी बहन को लेकर आया। जहां पर उसकी बहन की सममति से रिस्ता तय किया गया। उसके बाद गोद भराई की रस्म हुई।

गोद भराई के दौरान चांदी की पायल,सोने के झाले,कपड़ा व बीस हजार रुपये गोद भराई में दिए। जिसका रुपया उसकी बहन के पास था। इसके बाद अपने घर लौट आया। परिवार के सो जाने के बाद युवक अंकित यादव उसके घर आया और जानकारी कर उसकी बहन को बहला फुसलाकर गोद भराई में मिले रुपये व घर में रखें रुपये कुल एक लाख रुपये व उसकी पत्नी के झाले जिसकी कीमत 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। सुवह युवती को घर ना पाकर परिवार के होश उड गए। घटना को लेकर खलबली मच गई। तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने वताया कि मामले कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही उसको बरामद कर लिया जाएगा।

# बाढ़ और बिजली समस्याओं पर सख्त निर्देश, कार्यों में तेजी लाने के आदेश



समीक्षा बैठक में मौजूद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी, सीडीओ व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में बाढ़ एवं बिजली समस्याओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

न्होंने बाढ़ परियोजनाओं, नाला निर्माण और जलभराव रोकने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही नगर क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और अस्थायी कूड़ा स्थलों के समुचित प्रबंधन पर जोर दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जर्जर तारों और झुके पोलों की तत्काल मरम्मत, विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा लाइन लॉस कम करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने कहा कि जनहित से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं ताकि लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी, सीडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**पूरनपुर।** ज्येष्ठ के मंगलवार को पूरनपुर विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार सुबह मंदिर में भगवान हनुमान का पूजन-अर्चन एवं आरती संपन्न हुई। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, बूंदी तथा अन्य प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने भंडारे की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारों के साथ सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। अंत में आयोजकों ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## माला जंगल के सिद्ध बाबा मंदिर में हुई चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** क्षेत्र के माला जंगल में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सेवादार की ओर से मुकदमा दर्ज किया है। गजरौला थाना क्षेत्र के रिछोला निवासी सेवादास जी महाराज ने वताया कि वह माला जंगल में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर महंत है।

6 जून को रात्रि में अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर को निशाना बनाते हुए वहां रखे कीमती सामान एवं दानपात्र में रखी नकदी,सीसीटीवी कैमरे, 45 किलो का घंटा सहित हजारो का सामान चोरी कर लिया गया था। सुबह जब मंदिर के पुजारी और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए थे। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की जांच करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी एकत्र की। वहीं चोरी की घटना के संबंध में मंदिर के महंत सेवादास महाराज ने तहरीर माधोटांडा थाने में दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लोगों का कहना है कि सिद्ध बाबा मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। पुलिस ने वताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल की प्रेसवार्ता में समाज को जागरूक करने पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोमवार की देर शाम नगर के एक स्थानीय होटल में ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल की महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस प्रेसवार्ता में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाग लेते हुए संगठन की गतिविधियों, सामाजिक कार्यों एवं आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह ने विशेष रूप से समाज में बढ़ती नशे की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशा आज युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है और समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल द्वारा समय-समय पर सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और अब संगठन नशा मुक्ति अभियान को और अधिक गति देने की दिशा में कार्य करेगा। इसके तहत गांव-गांव और शहरों में जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियाँ और युवाओं के लिए प्रेरणात्मक अभियान चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी के बिना नशा मुक्ति संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने आम जनता, सामाजिक संगठनों और युवाओं से इस अभियान से जुड़कर सहयोग करने की अपील की। प्रेसवार्ता के दौरान संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सीमांकन कार्य के समय पट्टाधारक पर हमला

**पूरनपुर।** शारदा नदी के पार चल रहे सीमांकन कार्य के दौरान एक पट्टाधारक पर कब्जेदार ने अपने साथियों की मदद से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम रामनगरा निवासी दीपक बरोई ने बताया कि चार जून को शारदा नदी के पार राजस्व एवं वन विभाग की ओर से संयुक्त सीमांकन की कार्रवाई चल रही थी। वह पट्टाधारक होने के नाते एसएसबी कैंप के पास रहे। आरोप है कि दोपहर करीब 12 बजे विपुल चौधरी, चानू चौधरी, बाबू चौधरी, राकेश गुप्ता, रामसेवक चौहान, दिनेश चौहान, गौरे चौहान और कार्तिक चौधरी समेत 20 लोग वहां पहुंचे और उसे रास्ते में घेर लिया, पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर उसकी जमकर पिटाई की। शोर-शराबा सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। मारपीट में वह घायल हो गया। आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की नीयत से हमला किया और धमकियां भी दीं। थाना प्रभारी अशोक पाल सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को फुसलाकर ले गया युवक मुकदमा दर्ज

**दियोरिया।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिता बेदप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि गांव निवासी आरोपी करन पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम दियोरिया कला मेरी नाबालिग किशोरी को अपने साथ 8 मई की रात को अपने साथ भगा ले गया। किशोरी को भगाकर ले जाने में छत्रपाल और अवधेश ने उसकी सहायता की। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। कोतवाली प्रभारी गौतम सिंह ने बताया है कि आरोपी करन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।




# अज्ञात कारणों से बटिहा और भूसा के गुंगों में लगी आग

जागरण मोर्चा कार्यालयय

**दियोरिया।** क्षेत्र के गांव भगौतीपुर में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जिससे खलवली मच गई। ग्रामीणों के घर में जगह न होने की बजह से गांव के पूर्व दक्षिण साइड में खाली पड़ी ग्राम समाज की जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने गोबर के उपलों का बटिहा और जानवरों को खिलाने के लिए गेंहू की नरई का भूसे का गूंगा लगा रखा था, गांव के ही बादशाह, बेदप्रकाश, रामचंद्र, लालता प्रसाद, शिवकुमार, अन्य लोगों को काफी नुकसान हुआ है।

गांव के कुछ लोगों ने ही घूरे डाल रखे है। पीड़ितों का आरोप है कि किसी के घूरे से सुलगाती हुई चिंगारी से आग लग गई। जिससे बटिहा और लगे भूसों का गूंगों में लगी आग से खाना बनाने और जानवरों को चारा खिलाने का संकट खडा हो गया है।

सूचना पर बडी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद के द्वारा पंप सेट चलकर आग पर बमुशकिल काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना डायल 112 को दी जो की मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान खलवली मची रही।


आग लगने के दौरान मौजूद ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

## खरदहाई में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, रिछोला ने पकड़िया को तीन विकेट से हराया

**दियोरिया।** क्षेत्र स्थित गांव खरदहाई में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नितिन पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पकड़िया और रिछोला की टीमों के बीच खेला गया।

रोमांचक मुकाबले में रिछोला की टीम ने पकड़िया को तीन विकेट से हराकर जीत दर्ज की। मैच के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आयोजक अभय मिश्रा ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

# सीएचसी दियोरिया में छह माह से बंद पडी पैथोलॉजी लैब

जागरण मोर्चा कार्यालयय

**दियोरिया।** लैब टेक्नीशियन का स्थानांतरण होने के बाद से सीएचसी दियोरिया कलां की पैथोलॉजी लैब लगभग छह महीने से बंद पडी है। उसी समय से पैथोलॉजी लैब टैक्नीशियन का पद रिक्त है। उपचार कराने आ रहे मरीजों को जांच के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की लगभग पचास हजार की आबादी के बीच दियोरिया सीएचसी में क्षेत्रीय जनता को पूरी तरह से मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है,सीएचसी दियोरिया में तैनात पैथलाजी लैब टैक्नीशियन प्रदीप कुमार का जहानाबाद सीएचसी स्थानांतरण होने के बाद से यह पद रिक्त है। लगभग छह महीने बीतने के बाद भी अभीतक दियोरिया सीएचसी पर पैथोलॉजी लैब टैक्नीशियन की तैनाती नहीं हुई है, जिससे मरीजों को इधर उधर जांच कराने के लिए भटकना पड रहा है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड रहा है।सीएचसी पर पहुंचने वाले मरीजों को जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। दियोरिया कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक डाक्टर तपश त्रिपाठी ने बताया है कि सीएचसी पर तैनात पैथोलॉजी लैब टैक्नीशियन का आठ दिसंबर को जहानाबाद सीएचसी स्थानांतरण होने से मरीजों की मलेरिया, टायफाइड, डेंगू, शुगर सहित एवं अन्य जांचे नहीं हो पा रही है, उसी समय से यह पद रिक्त है और पैथोलॉजी लैब बंद पडी हुई है। इन गावों के मरीजों को सबसे ज्यादा हो रही दिक्कत पकडिया ताल्लुक दियोरिया, लभौआ, बसेंगा, खपटिया, किशनपुर, मोहम्मदपुर, दियोहना, इलाबांस देवल, गाजना सिधारपुर सहित दर्जनों गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

# दूसरे दिन 2273 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय


परीक्षा देने जाते हुए अभ्यर्थी। -जागरण मोर्चा

**पहली पाली में बैठे 5664 अभ्यर्थी, 4520 उपस्थित रहे और 1144 अनुपस्थित दूसरी पाली में भी पंजीकृत अभ्यर्थी समान, 4535 उपस्थित और 1129 रहे परीक्षा से गायब**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को जिले में 2,273 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिले के सभी 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, दोनों पालियों में कुल 11,328 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 9,055 उपस्थित रहे, जबकि एक बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा जिले भर में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तय समय सारणी के अनुसार परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की गई, जिसके तहत पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर बाद 3 से शाम 5 बजे तक संचालित हुई। प्रत्येक पाली के लिए कुल 5,664 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। डेटा के मुताबिक, पहली पाली की परीक्षा में कुल 4,520 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1,144 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, दूसरी पाली में भी पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या भी 5,664 थी, जिसमें से 4,535 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 1,129 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी 15 केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की गई। केंद्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल को रोकने के लिए भारी पुलिस बल की मुस्तैदी के साथ-साथ विशेष रूप से सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया पर पैनी नजर रखी। अधिकारियों के अनुसार, सख्त सुरक्षा घेरे और समय पर प्रवेश की अनिवार्य प्रक्रिया के कारण दोनों पालियों को पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न कराया जा सका। प्रशासन आगामी दिनों की परीक्षा के लिए भी इसी तरह की सतर्कता बनाए रखने की बात कह रहा है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, पुलिस ने शुरु की जांच

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कासगंज जिले के थाना सोरों के गांव चंदपुरा गऊपुरा निवासी रामनिवास ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा राघवेंद्र सोमवार को बाइक से बरेली स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। बिनावर क्षेत्र में बरेली-बदायूं मार्ग पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उसका बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सार संक्षेप

### बड़े मंगल पर भक्ति की धूम, जगह-जगह लगे भंडारे


बड़े मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जेठ मास के छठे बड़े मंगलवार पर शहरभर में बजरंग बली के जयकारे गूंजते रहे। विभिन्न मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर भंडारे एवं मीठे जल की प्याऊ का आयोजन किया गया। यशवंत्री देवी मंदिर में राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसके बाद विशाल भंडारा शुरू हुआ। स्टेशन रोड हनुमान मंदिर, छतरी चौराहा और जेपी रोड समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भीषण गर्मी के बावजूद भक्तों में उत्साह देखने को मिला।

### टीकाकरण से वंचित बच्चों को चिन्हित करने पर जोर


नौगवां में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** मंगलवार को जीरो डोज गावी अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, एडरा इंडिया और यूनिसेफ के सहयोग से नौगवां में कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बी.सी. पंत ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। कार्यशाला में टीकाकरण से छूटे, जीरो डोज तथा झिझक के कारण टीका न लगवाने वाले बच्चों की पहचान कर उनका समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही अभियान के प्रथम चरण की उपलब्धियों और आंकड़ों की समीक्षा भी की गई।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसान कॉल सेंटर शुरू, टोल फ्री नंबर जारी

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ी जानकारी और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। इसका टोल फ्री नंबर 0522-2317003 जारी किया गया है। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने जनपद के किसानों से अपील की है कि फसल बीमा से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या जिज्ञासा के समाधान तथा योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि किसान इस सुविधा का लाभ उठाकर समय पर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मां पर जानलेवा हमला करने पर पुत्र पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव दहेमी में रहने वाली स्नेहलता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा शिवकुमार बुरी संगत में पड़ गया है। वह काफी समय से उसे जान से मारने की फिराक में है।6 जून की रात साढ़े आठ बजे शिवकुमार ने उस पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटे आई हैं। किसी तरह पड़ोसियों ने उसे बचाया। आरोप है कि इससे पहले भी वह मारपीट कर उसे घर से निकाल चुका है। पुलिस ने आरोपित पुत्र पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# शाहबाद हादसे में बुझ गए मजदूर के घर के दो चिराग, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

जागरण मोर्चा कार्यालय


घर शव पहुंचे तो बाहर लगी भीड़ रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा


मृतक आबिद।


मृतक नाबिद।

**आसफपुर।** रामपुर जिले के शाहबाद क्षेत्र में मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र स्थित गांव मुड़िया पिशनहारी के एक गरीब मजदूर परिवार को गहरे जख्म दे दिए। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार दो सगे मासूम भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

गांव निवासी खुशी खां मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद वह अपने बच्चों को पढ़ाकर बेहतर भविष्य देने का सपना देख रहे थे। बीते दिनों वह पत्नी शकीना, पुत्री अरमाना और दोनों बेटों नावेद व आवेद के साथ रामपुर जिले के शाहबाद क्षेत्र के नंदगांव में रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। मंगलवार को शादी समारोह से लौटते समय उनका परिवार ई-रिक्शा से वापस घर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाहबाद क्षेत्र के ढकिया गांव के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग सड़क पर जा गिरे।

हादसे में खुशी खां के दोनों पुत्र नावेद और आवेद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खुशी खां, उनकी पत्नी शकीना और पुत्री अरमाना गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने अरमाना की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि माता-पिता का उपचार जारी है।

### मजदूरी कर पाल रहे थे परिवार

ग्रामीणों के मुताबिक खुशी खां के पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं है। वह रोजाना मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद वह बच्चों की पढ़ाई को लेकर बेहद गंभीर थे। दोनों बेटे गांव के स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे और परिवार की उम्मीद माने जाते थे। हादसे में दोनों बच्चों की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### गांव में पसरा मातम

जैसे ही हादसे की सूचना मुड़िया पिशनहारी गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। मृत बच्चों के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि खुशी खां का परिवार बेहद गरीब है और इस हादसे ने उनके जीवन की सारी खुशियां छीन ली हैं।

### चालक की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## बटकेश्वर नाथ मढ़ी मेले के आखिरी दिन उमड़ा जनसैलाब


बाटकेश्वर मेले में लगी दुकाने, खरीददारी करते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** बगरैन क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव पेपल स्थित सिद्धपीठ बाबा बटकेश्वर नाथ मढ़ी पर चल रहे पांच दिवसीय वार्षिक मेले के अंतिम दिन श्रद्धालुओं और दर्शकों का भारी सैलाब उमड़ पड़ा।

मेले के आखिरी दिन बाबा के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जहां लोगों ने बाबा बटकेश्वर नाथ के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और खुशहाली की मन्नतें मांगीं। पांचवें दिन मेले में मनोरंजन, खरीदारी और खान-पान का उत्साह चरम पर दिखाई दिया, जिसमें बच्चों और युवाओं के लिए तरह-तरह के बड़े झूले मुख्य आकर्षण का केंद्र बने रहे और उन पर बैठने के लिए भारी भीड़ जुटी रही। वहीं मीना बाजार में महिलाओं की जबरदस्त आमद देखने को मिली, जहां उन्होंने घरेलू जरूरत के सामान, सौंदर्य प्रसाधन, रंग-बिरंगी चूड़ियों और खिलौनों की जमकर अंतिम खरीदारी की।

इसके साथ ही इस बार मेले में फास्ट फूड के स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का बड़ा केंद्र रहे, जहां युवाओं और बच्चों ने चाट-पकोड़ी, बर्गर, चाउमीन और पारंपरिक मिठाइयों का जमकर स्वाद चखा। मेले के समापन और भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे, जहां मेला कमेटी के पदाधिकारियों और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मुस्तैद रहकर पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न कराया।

# लाखों रुपये से बने अमृत सरोवर की हालत खस्ता, झाड़ियां देख ग्रामीणों को लगता है डर

जागरण मोर्चा कार्यालय


लाखों रुपये से बने अमृत सरोवर में उगी घास। -जागरण मोर्चा

**औरछी।** मिशन अमृत सरोवर भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करने के लिए शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत इसकी शुरुआत 24 अप्रैल 2022 को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में की गई थी, आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केंद्र सरकार द्वारा गाँव गाँव में अमृत सरोवर बनाए गए थे जिनको बनाने का उद्देश्य यह था कि बारिश ऋतू मे व अन्य स्रोत्र से इनमे पानी एकत्रित किया जाए और जिससे पानी का स्तर नहीं गिरे और घूमन्तु जानवरो को गर्मी मे पीने के लिए पानी मिल सके। चारो ओर हरे भरे पेड़, फूलवारी के वृक्ष लगाए जाए जिससे सुबह के लिए टहलने के लिए ग्रामीणों को इन सरोवरो के किनारे टहल सके और ताज़ा हवा व फूलो की सुगंध मिल सके। जिससे बीमारी गांवों में पैर नहीं पसार सके जिससे भारत विकसित बन सके लेकिन कुछ गांवो मे सरोवर तो बन गए लेकिन उन मे न पानी की बुद है न ही चारों तरफ फूलवारी है सिर्फ जंगली घास ख़डी है जिसमें जहरीले कीड़े मकोड़े निवास का अस्याना बन गया है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व आजीविका के तहत ये तालाब केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण आजीविका के साधन भी हैं। इनका उपयोग सिंचाई, मत्स्य पालन, बत्तख पालन, और सिंघाड़े की खेती जैसी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है।

ब्लाक क्षेत्र असाफपुर के अन्तर्गत खेड़ादास, परमानंदपुर, सिसरका, वझेड़ा नूतन मे बने है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई योजनाओं के तहत सिर्फ अमृत सरोवर कागजो मे तैयार है लेकिन धरातल पर उनमे पानी की एक बूंद भी नहीं है, और टहलने के लिए साफ सफाई के नाम पर जंगली घास उगी हुई है, और न कोई फूलवारी के हरे भरे वृक्ष है। जिससे वहाँ ग्रामीण टहलने की तो बहुत दूर की बात है अमृत सरोवर में झाड़ियाँ देख उससे बचकर निकलते है।

ड़र लगता है कि कहीं कोई जंगली जहरीला जानवर काट न ले। इन गांवों के ग्रामीण ओमप्रकाश, संजीव, अरविन्द, अनोखे लाल, घनश्याम दास, रामवीर, टिंकू, रामविलास, आदि ने बताया कि मानसरोवर पर जाने की सोचो तो वहां झंडियो को देख कीड़े मकोड़े के होने का खतरा बना रहता है।

# बरेली में इन होटलों में नहीं मिले फायर सेफ्टी इंतजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर और बहेड़ी क्षेत्र के होटलों व रेस्टोरेंटों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की हकीकत परखने के लिए मंगलवार को अग्निशमन विभाग ने विशेष अभियान चलाया। टीम ने कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान जहां कुछ होटलों में अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप मिलीं, वहीं पांच होटलों में फायर सेफ्टी के मानकों का पालन न होने पर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने नगर क्षेत्र में संचालित होटल आर्या एंड सन्स, होटल श्री जी-2, होटल मूडी मून तथा होटल मंगलम एंड रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। जांच के दौरान इन प्रतिष्ठानों में स्थापित अग्निशमन उपकरण कार्यशील अवस्था में पाए गए। वहीं बहेड़ी क्षेत्र में अग्निशमन द्वितीय अधिकारी योगेश कुमार ने होटल आंचल, सिंह रेस्टोरेंट, शतरंज रेस्टोरेंट और बैलकम गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया, जहां सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं।

### निकास मार्ग अवरोध मुक्त रखने के निर्देश

अग्निशमन विभाग ने सभी होटल संचालकों को निर्देशित किया कि भवनों में बनाए गए निकास द्वार हर समय अवरोध मुक्त रहें। इसके अलावा अग्निशमन उपकरणों की नियमित टेस्टिंग कर उन्हें हर समय कार्यशील अवस्था में रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को रोका जा सके। अधिकारियों ने कहा कि फायर सेफ्टी मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्टाफ को सिखाए आग बुझाने के तरीके

निरीक्षण के दौरान होटलों में मौजूद मैनेजरों और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मॉक ड्रिल कराकर कर्मचारियों को प्राथमिक स्तर पर आग पर काबू पाने के तरीके समझाए।

### पांच होटलों जल्द थमाए जाएंगे नोटिस

होटल राजानी, होटल सैटेलाइट एंड रेस्टोरेंट, होटल एमवी क्राउन, होटल द आर्च इन और होटल लोटस पैराडाइज में मानकों के अनुरूप अग्निशमन व्यवस्थाएं स्थापित नहीं पाई गईं। विभाग ने इन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में कमियां दूर न होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बड़े मंगल पर भक्ति में डूबा पीलीभीत, जगह-जगह लगे भंडारे


बड़े मंगल पर मंदिर में जमा श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जेठ मास के छठे बड़े मंगलवार पर शहरभर में बजरंग बली के जयकारे गूंजते रहे। विभिन्न मंदिरों, चौराहों और प्रमुख मार्गों पर भंडारे एवं मीठे जल की प्याऊ का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यशवंत्री देवी मंदिर में राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया, जबकि प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भी सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। स्टेशन रोड हनुमान मंदिर, छतरी चौराहा और जेपी रोड सहित कई स्थानों पर पूरी-सब्जी और शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला और पूरा शहर दिनभर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

**वारदात** बिसौली की खाटू श्याम कालोनी में हुई घटना से लोगों में दहशत

# दिनदहाड़े ताला तोड़ 9 लाख रुपये और 10 तोला सोना चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय


चोरी की घटना के बाद मौके पर लगी परिजनों की भीड़। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर के खाटू श्याम कॉलोनी क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई चोरी की एक बड़ी वारदात ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया। बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और घर के अंदर रखी करीब 9 लाख रुपये की नकदी तथा लगभग 10 तोला सोना पार कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खाटू श्याम कॉलोनी निवासी विपिन शर्मा अपनी पत्नी के साथ किसी आवश्यक कार्य से वजीरगंज गए हुए थे। इसी दौरान सूने पड़े मकान को देख चोरों ने मौके का फायदा उठाया और दिनदहाड़े घर में घुस गए। चोरों ने बड़ी ही सफाई से मुख्य गेट का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर अलमारी व अन्य स्थानों पर रखी नकदी और जेवरात को समेट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

जब विपिन शर्मा अपनी पत्नी के साथ वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी। नकदी और सोने के जेवरात गायब देखकर परिवार स्तब्ध रह गया। पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बिसौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस ने पीड़ित से घटना की पूरी जानकारी जुटाई और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि संदिग्धों की पहचान कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना के बाद कॉलोनी के निवासियों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे आमजन में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पुलिस के सामने अब इस चुनौती से निपटने और लोगों का भरोसा कायम रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। फिलहाल पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आईजीआरएस निस्तारण में बदायूं पुलिस नंबर वन, 135 में 135 अंक किए हासिल

जागरण मोर्चा कार्यालय


एसएसपी अंकिता शर्मा।

**बदायूं।** शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत बनाते हुए बदायूं पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में जनपद ने मई 2026 के मूल्यांकन में पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

प्रदेश शासन द्वारा किए गए मूल्यांकन में बदायूं ने सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अधिकतम 135 में से 135 अंक अर्जित किए। खास बात यह रही कि पूरे माह में एक भी सन्दर्भ डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं गया, जिससे जिले को पूर्ण अंक मिले।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस विभाग ने शिकायतों के समाधान में तेजी और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की। जिले के 22 थानों में से 12 थानों ने भी प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर बदायूं का मान बढ़ाया। मूल्यांकन के तहत मार्किंग, अग्रसारण, संतुष्टि फीडबैक, उच्चाधिकारियों की समीक्षा, मुख्यमंत्री कार्यालय की रेटिंग, रैंडम जांच, कार्यवाही, जनता दर्शन फीडिंग, प्रोफाइल अपडेट और फील्ड विजिट रिपोर्ट जैसे सभी बिंदुओं पर बदायूं ने पूर्ण अंक हासिल किए। इस उपलब्धि पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं आईजीआरएस नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार काम्बोज और उनकी टीम को बधाई देते हुए सम्मानित किया।

# 48 टीमें, 104 मैच और तीन मेजबान देश...

## फुटबॉल के महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप 2026 का काउंटडाउन शुरू

### 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा यह टूर्नामेंट, 16 शहरों में खेले जाएंगे मुकाबले

**नई दिल्ली**

दुनियाभर के फुटबॉल प्रेमियों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई (भारतीय समयानुसार 12 जून से 20 जुलाई) तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा। यह टूर्नामेंट कई मायनों में ऐतिहासिक रहने वाला है, क्योंकि पहली बार विश्व कप में 48 टीमें हिस्सा लेंगी। इस बार कुल 104 मुकाबले 16 शहरों में खेले जाएंगे, जिससे यह फीफा विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे लंबा संस्करण बन जाएगा।

### बदला हुआ फॉर्मेट

विश्व कप 2026 में 48 टीमों को 12 समूहों में बांटा गया है। प्रत्येक समूह में 4 टीमें होंगी। ग्रुप चरण के बाद सभी 12 समूहों की शीर्ष दो टीमें और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 8 तीसरे स्थान की टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। इसके बाद राउंड ऑफ 32, राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

### उद्घाटन और फाइनल मुकाबला

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 11 जून को मेक्सिको सिटी के प्रतिष्ठित एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम में मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। वहीं, विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई को न्यूयॉर्क/न्यू जर्सी स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित होगा।




### भारतीय समयानुसार मैचों की टाइमिंग

मेजबान देशों और भारत के बीच समय के अंतर के कारण अधिकांश मुकाबले भारतीय दर्शकों को देर रात और तड़के सुबह देखने को मिलेंगे। उद्घाटन मुकाबला मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच भारतीय समयानुसार 12 जून को रात 12:30 बजे से होगा। अधिकांश मैच इन स्लॉट्स में होंगे...

- रात 12:30 बजे
- सुबह 3:30 बजे
- सुबह 6:30 बजे
- सुबह 7:30 बजे- **चुनिंदा मुकाबले**

### भारत की उम्मीदें फिर अधूरी

भारतीय फुटबॉल टीम इस बार भी फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। हालांकि भारतीय दर्शकों के लिए यह टूर्नामेंट बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, इंग्लैंड, स्पेन और पुर्तगाल जैसी दिग्गज टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। करीब 39 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में फुटबॉल प्रेमियों को लगातार रोमांचक मुकाबलों का आनंद मिलेगा। भारत में दर्शक फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले जी नेटवर्क और उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर देख सकेंगे।

### नॉकआउट चरण का कार्यक्रम

| चरण | तारीख |
|---|---|
| ग्रुप स्टेज | 11 जून - 27 जून |
| राउंड ऑफ 32 | 28 जून - 3 जुलाई |
| राउंड ऑफ 16 | 4 जुलाई - 7 जुलाई |
| क्वार्टर फाइनल | 9 जुलाई - 11 जुलाई |
| सेमीफाइनल | 14 जुलाई - 15 जुलाई |
| तीसरे स्थान का प्लेऑफ | 18 जुलाई |
| **फाइनल** | **19 जुलाई** |

### फीफा वर्ल्ड कप में टीमों की संख्या का सफर

| वर्ष | टीमों की संख्या |
|---|---|
| 1930 | 13 |
| 1934 | 16 |
| 1938 | 15 |
| 1950 | 13 |
| 1954-1978 | 16 |
| 1982-1994 | 24 |
| 1998-2022 | 32 |
| 2026 | 48 |

# रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीता भारत ए, सात रन पर चार विकेट गंवाना श्रीलंका ए को पड़ा भारी

**दांबुला**

ऋतुराज गायकवाड़ के शतक के बाद गेंदबाज के दमदार प्रदर्शन ने भारत ए ने त्रिकोणीय सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका ए को आठ रन से हराया। भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 277 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ए की पूरी टीम 48.5 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका को अंतिम ओवरों में सात रन के भीतर चार विकेट गंवाना भारी पड़ा और भारत ए ने इस तरह उसके मुंह से जीत छीन ली।




लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका ए को निरोसन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने अच्छी शुरूआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 93 रन जोड़े। लेकिन आयुष बदोनी ने पहले अविष्का (45) और फिर निरोसन (47) को आउट कर भारत ए को दो सफलता दिलाई। विपरज निगम ने इसके बाद नुवानिदु फर्नांडो (8) को आउट किया। इसके बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराचिगे के बीच चौथे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। अनुकूल रॉय ने समरविक्रमा (46) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चार विकेट गिरने के बावजूद अराचिगे टिके रहे और उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे और श्रीलंका ए पर दबाव भी बढ़ता चला गया। रविनिदु फर्नांडो (1) के रूप में श्रीलंका ए को पांचवां झटका लगा। फिर चमीका करुणारत्ने (9) भी पवेलियन लौट गए। अराचिगे क्रीज पर टिके रहे, लेकिन मैच का रुख तब बदल गया जब अंशुल कंबोज ने उन्हें बोल्ड कर श्रीलंका को सातवां झटका दिया। अचारिगे 72 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए। अचारिगे जब पवेलियन लौटे तो श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 262 रना था। यहां से भी टीम आसानी से मुकाबला जीत सकती थी, लेकिन श्रीलंका ए ने सात रन के भीतर आखिरी के चार विकेट गंवा दिए और भारत जीत दर्ज करने में सफल रहा। भारत ए के लिए अरशद खान, अनुकूल, आयुष और विपरज ने दो-दो विकेट झटके, जबकि कंबोज को एक सफलता मिली। इससे पहले, भारत-ए के कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि टीम को शुरूआती झटके लगे, लेकिन इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाल लिया। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज ने आक्रामक और संयमित बल्लेबाजी का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 112 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके लिस्ट-ए करियर का 21वां शतक रहा। भारत-ए की पारी को मजबूती देने में कप्तान तिलक वर्मा ने भी अहम भूमिका निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 185 गेंदों में 150 रन की साझेदारी की। शतक पूरा करने के कुछ ही समय बाद ऋतुराज अपनी पारी को और बड़ा नहीं बना सके। वह 114 गेंदों में 101 रन बनाकर वानुजा साहन का शिकार बने। उनकी पारी में छह चौके और तीन छक्के शामिल रहे। इसके तुरंत बाद कप्तान तिलक वर्मा भी 97 गेंदों में 60 रन बनाकर मोहम्मद शिराज की गेंद पर आउट हो गए। भारत ए के लिए ऋतुराज और तिलक के अलावा प्रियांश आर्या ने 32, आयुष बदोनी ने 24, वैभव सूर्यवंशी ने 14 और प्रभसिमरन सिंह ने दो रन बनाए। वहीं, सूर्यांश शेडगे नाबाद 26 और अनुकूल एक रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रीलंका ए की ओर से मोहम्मद शिराज ने दो विकेट लिए, जबकि करुणारत्ने, गारुका संकेथ और वानुजा सहन को एक-एक सफलता मिली।

# कभी पटना में बर्तन धोए, अब बिहार से पहले एशियन जूनियर मेडलिस्ट

## 19 वर्षीय पीयूष राज ने एशियन जूनियर चैम्पियनशिप में 4×400 मीटर रिले रेस में ब्रॉन्ज जीतकर रचा इतिहास

**पटना**

बिहार के रोहतास जिले के बंजारी गांव के 19 वर्षीय पीयूष राज ने संघर्ष और मेहनत से सफलता की नई मिसाल कायम की। हांगकांग में आयोजित एशियन जूनियर चैम्पियनशिप में 4×400 मीटर रिले रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पीयूष बिहार के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलेटिक्स मेडलिस्ट बन गए।



पीयूष का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा है। नक्सल प्रभावित इलाके से आने वाले पीयूष ने महज 9 साल की उम्र में पिता को खो दिया। परिवार चलाने के लिए उन्होंने भाई के साथ घर में ही आटा चक्की चलाई। 15 साल की उम्र में सिर्फ 3000 रुपये लेकर राजधानी पटना आए।

आर्थिक मदद न होने पर उन्होंने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अधिकारी से सहायता ली और पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की कैंटीन में नौकरी शुरू की। पीयूष बताते हैं, मैं सुबह 5 से 8 बजे तक ट्रेनिंग करता, फिर दोपहर 3 बजे तक कैंटीन में काम करता। शाम को फिर ट्रेनिंग और रात 9 बजे तक कैंटीन संभालता।

### फिल्म भाग मिल्खा भाग देखकर मिली प्रेरणा

उन्होंने फिल्म भाग मिल्खा भाग देखकर प्रेरणा ली और अपने शरीर को 5 फीट 3 इंच, 53 किलो के दुबले-पतले से 5 फीट 9 इंच के मजबूत धावक में बदल दिया। हांगकांग का सफर आसान नहीं था। वीजा समस्याओं और थकान के बावजूद, अंतिम दिन 4×400 मीटर मेंस रिले में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। पहले लेग में 45.9 सेकंड का समय निकालकर टीम को ब्रॉन्ज मेडल जिताया और नया जूनियर नेशनल रिकॉर्ड बनाया। पीयूष कहते हैं, स्टेडियम में बिहार के लोग एक बिहारी सौ पे भारी के नारे लगा रहे थे। यह मेरे लिए बेहद भावुक पल था। अब उनका अगला लक्ष्य व्यक्तिगत रेस में 46 सेकंड से कम समय निकालना है। वे जल्द ही तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे और कहते हैं, अब पीछे नहीं देखना, बस आगे बढ़ना है।

# तमिलनाडु के सीएम विजय ने नॉर्वे चेस चैंपियन प्रज्ञानानंदा को दिया 50 लाख रुपए का इनाम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा को नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीतने पर 50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। यह राशि स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु की ओर से प्रदान की गई। चेन्नई स्थित मुख्य सचिवालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को सम्मानित करने के बाद उनके साथ शतरंज की बाजी भी खेली। नॉर्वे चेस का खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।




# वैभव पर कंगना फिदा, बोलीं- वर्ल्ड कप लेकर आओ यार...

**पटना**

भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब दुनिया भर में सुर्खियों में हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की और मजाकिया अंदाज में कहा, वर्ल्ड कप लेकर आओ यार। कंगना ने बताया कि उन्हें क्रिकेट देखने का समय कम मिलता है, लेकिन वैभव में सचिन और विराट जैसी प्रतिभा दिख रही है।

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वैभव को संभलकर खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा, वह अभी महज 15 साल के हैं। हमें उन्हें उनके हाल पर छोड़ देना चाहिए। आईपीएल में भी उन्होंने दबाव की परवाह नहीं की। इंग्लैंड और



आयरलैंड के दौरे पर परिस्थितियां अलग होंगी- गेंद ज्यादा सीम करेगी और उछाल अलग होगा। इसलिए समय दें और भरोसा रखें। वैभव का प्रदर्शन युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। उनके चयन और आईपीएल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट में एक नए सितारे की चमक दिखाई दे रही है।

## टिकट ऐसे बिकेंगे जैसे गर्म समोसे...

भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को लेकर इंग्लैंड दौरे से पहले ही जबरदस्त उत्साह है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 टीम में शामिल हुए 15 वर्षीय बल्लेबाज को लेकर पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी मौजूदगी दर्शकों को स्टेडियम तक खींच सकती है। पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर ने कहा कि वैभव का प्रभाव टिकट बिक्री पर भी दिख सकता है, जबकि कई विशेषज्ञ उन्हें मौजूदा समय का सबसे रोमांचक युवा बल्लेबाज मान रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज 1 जुलाई से शुरू होगी।



**वैभव इफेक्ट**
इंग्लैंड दौरे से पहले गरमाया माहौल

### वैभव में पोलॉक, सोबर्स-लारा की झलक, लेकिन...

महज 15 साल की उम्र में 776 रन, 237 से ज्यादा स्ट्राइक रेट और 72 छक्कों के साथ वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में तहलका मचा दिया है। उनकी बल्लेबाजी की तुलना अब महान खिलाड़ियों से की जा रही है और उन्हें भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सितारा माना जा रहा है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने वैभव की सफलता के बहाने टी20 क्रिकेट के बदलते स्वरूप पर सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि छोटी बाउंड्री, सपाट पिचें, आधुनिक बल्ले और इम्पैक्ट प्लेयर जैसे नियम बल्लेबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचा रहे हैं, जिससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। चैपल के अनुसार, क्रिकेट को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए गेंदबाजों को भी बेहतर अवसर देने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सवाल वैभव की प्रतिभा पर नहीं, बल्कि टी20 क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाए रखने पर है। अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि वैभव चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपनी शानदार फॉर्म को कैसे बरकरार रखते हैं।

# पार्थ के शतक से बुंदेलखंड ने भोपाल लेपर्ड को दी मात

**इंदौर।** एमपीएल के एक मैच में सोमवार को पार्थ गोस्वामी (101) के शतक की मदद से बुंदेलखंड बुल्स ने भोपाल लेपर्ड को 6 विकेट से हरा दिया। डेली कॉलेज मैदान पर खेले गए मुकाबले में भोपाल लेपर्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 197 रन बनाए। कप्तान अंकित वर्मा ने 39 गेंदों में 85 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और 5 चौके शामिल थे। वहीं, हिमांशु शिंदे ने 37 गेंदों में 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से 57 रन जोड़े। जवाब में, बुंदेलखंड बुल्स ने 198 रनों का पीछा करते हुए 18.5 ओवर में 201 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। पार्थ गोस्वामी ने नाबाद 53 गेंदों में 101 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 6 छक्के और 9 चौके लगाए।

# अनुभव को गोल्ड, अभिक की रही चांदी

**भोपाल।** भोपाल के राजीव गांधी कॉलेज में चल रहे पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग 200 पॉइंट्स टूनामेंट में अनुभव तोलानी ने इंटरमीडिएट पुरुष सिंगल्स में स्वर्ण और अभिक पटेल ने रजत पदक जीता। धार के तरुण ने कांस्य पदक पाया। पुरुष डबल्स में इंदौर के अनुज-शुभ ने अनुभव अभिक की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। मिक्स डबल्स में रोहित-शुभ ने आलोक जागृति को हराया। महिला सिंगल्स में इंदौर की दिव्या, डबल्स में अभिरूचि-दिव्या विजेता रहीं। एडवांस प्रो पुरुष सिंगल्स में इंदौर के उत्कर्ष दुबे ने स्वर्ण पदक और डबल्स में उत्कर्ष अजय ने खिताब जीता। समापन समारोह में पुरस्कार वितरण डॉ. सुमित व डॉ. रूचिता भटनागर, मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन के अधिकारी और कॉलेज संचालक ने किया।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।